CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 19°C
सेंसेक्स 75,364.69
निफ्टी 22,904.45
सोना 91,455
चांदी 94,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स


देहरादून, सोमवार 7 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 244 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 8 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### चार महीने बाद मैदान में वापसी कर सकते हैं बुमराह

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## रामेश्वरम में पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज लोकार्पित

रामेश्वरम, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट स्पैन रेलवे ब्रिज (नए पम्बन ब्रिज) का उद्घाटन किया। 2.08 किमी लंबे ब्रिज की नींव नवम्बर 2019 में मोदी ने ही रखी थी। भाषा विवाद के कारण तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन इस कार्यक्रम में नहीं आए। ब्रिज रामेश्वरम (पम्बन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है।

भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से रामेश्वरम और मंडपम के बीच रेल कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी। रामायण के अनुसार, रामसेतु का निर्माण रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से शुरू हुआ था। इस वजह से ये आस्था के नजरिए से भी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और -शेष पृष्ठ दो पर



- पीएम मोदी ने किया नए पम्बन ब्रिज का लोकार्पण पांच मिनट में 22 मीटर ऊपर उठेगा पम्बन ब्रिज

### भाषा विवाद के बीच पीएम का तमिलनाडु सरकार पर निशाना

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और भाषा को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन उन्हें रिसीव करने नहीं पहुंचे। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास के बाद जनसभा के दौरान भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी।

## किसान नेता डल्लेवाल ने खत्म की 131 दिनों की भूख हड़ताल

**नई दिल्ली।** पंजाब के बुजुर्ग किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिनों से चली आ रही अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल रविवार को खत्म कर दी। उन्होंने पिछले साल 26 नवम्बर को आंदोलनकारी किसानों की अलग -अलग मांगों को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी। इन मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी भी शामिल है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की ओर से उनसे आमरण अनशन खत्म करने की अपील किए जाने एक दिन बाद जगजीत सिंह ने हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' के दौरान ऐलान किया कि वे अपनीअनिश्चितकालीन हड़ताल खत्म कर रहे हैं किसानों की सभा को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आप सभी ने (मुझसे) आमरण अनशन खत्म करने के लिए कहा था। मेरे लिए 'संगत' (लोग) 'रब्ब दा रूप' (भगवान का एक रूप) है।



- एक मजबूत मोर्चा बनाने की बात करते हुए डल्लेवाल ने कहा मांगों के समर्थन में आंदोलन जारी रहेगा

### न्यायमूर्ति पल्ली को हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 4 अप्रैल, 2025 को हुई अपनी बैठक में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है।

### मनोज चरण बने चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के 8वें बिशप

**अमृतसर।** राइट रेव मनोज चरण को, रविवार को क्राइस्ट चर्च कैथेड्रल, राम बाग में आयोजित एक भव्य प्रार्थना सभा के दौरान डायोसिस ऑफ अमृतसर, चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के आठवें बिशप के रूप में स्थापित किया गया। बिशप चरण, जो कि चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के प्रतिष्ठित नेता हैं, ने टीमवर्क, आध्यात्मिक विकास और अंतरधार्मिक संवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। 'धर्मांतरण नहीं, बल्कि वार्तालाप' का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने डायोसिस के लिए अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया, जो समाज में शांति, धार्मिक सद्भाव और भाईचारा स्थापित करने पर केंद्रित है।

### भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ न लगाने की अपील

**लोंगवा।** नागालैंड के मोन जिले के एक नगा जनजातीय मुखिया ने केंद्र सरकार से भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने और 'फ्री मूवमेंट रीजीम' (एफएमआर) क्षेत्र को कम करने के फैसले को तुरंत रद्द करने की अपील की है। टोन्एई फावांग, जो कि अंग (राजा) के 10वीं पीढ़ी के मुखिया हैं, ने कहा कि मोन जिले के दोनों ओर रहने वाले लोग कोन्याक नगा जनजाति से हैं और वे आपस में बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं।

### सीजेआई खन्ना ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा-अर्चना

**तिरुमाला।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने रविवार को तिरुमाला मंदिर की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री वेंकटेश्वर स्वामी की पूजा-अर्चना की। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी वेंकैया चौधरी ने महाद्वारम में मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया। मंदिर के पुजारियों ने वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच उनका पारंपरिक स्वागत किया और उन्हें मंदिर ले गए। दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश को रंगनायकुला मंडपम में शेष वस्त्रम और तत्पश्चात वेदसर्वचनम भेंट किया गया।

# जमीयत की वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दस्तक

## केंद्र को नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने को अंतरिम आदेश की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ जमीयत उलमा- ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

उन्होंने कहा है कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। संविधान न सिर्फ सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, बल्कि पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। यह बिल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की साजिश है, जो पूरी तरह संविधान के खिलाफ है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य मामलों में न्याय हुआ, वैसे ही इस संवेदनशील और असंवैधानिक कानून पर भी हमें न्याय मिलेगा। मौलाना मदनी ने तथाकथित सेक्युलर दलों की आलोचना करते हुए कहा कि हमने इस कानून को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए, संविधान रक्षा सम्मेलनों का आयोजन किया, ताकि उन लोगों के ज़मीर को जगाया जा सके, जिन्होंने सत्ता के लालच में संविधान की मूल आत्मा को ही भुला दिया, लेकिन अफसोस वही हुआ, जिसका डर था। खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों ने न सिर्फ मुसलमानों के हितों का सौदा किया, बल्कि संविधान को भी अपने पैरों तले कुचल डाला और अपने असली चेहरे को पूरे देश के सामने उजागर कर दिया। मौलाना मदनी ने कहा कि इन नेताओं का व्यवहार सांप्रदायिक ताकतों से भी ज्यादा खतरनाक है, क्योंकि इन्होंने दोस्त बनकर पीठ में छुरा घौंपा -शेष पृष्ठ दो पर



- लोकतंत्र और वक्फ की रक्षा के लिए आखिरी खून की बूंद तक कानूनी और लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा: मौलाना अरशद मदनी
- कहा: जमीयत उलमा-ए-हिंद की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी।

### वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं: नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करने की कोशिश नहीं कर रही हैं, बल्कि सरकार का लक्ष्य बस यह सुनिश्चित करना है कि इसे प्रबंधित करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस विश्वास से प्रेरित होकर पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था कि एक देश, दो कानूनों और दो संविधानों के तहत काम नहीं कर सकता।

### भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है: ओम बिरला

**नई दिल्ली/ताशकंद।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। श्री बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है। उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आईपीयू की ऐतिहासिक 150वीं सभा में 'सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय कार्यवाही' पर मुख्य भाषण देते हुए श्री बिरला ने कहा कि हाल के वर्षों में, भारतीय संसद ने कई ऐसे कानून पारित किए हैं जो सामाजिक न्याय और सुरक्षा को बढ़ावा देते हैं तथा समाज के सभी वर्गों को शामिल करने को प्रोत्साहित करते हैं। समाज के कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए संसद की चिरस्थायी चिंता का उल्लेख करते हुए, उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम-2016', 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों अधिनियम, 2019 और 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023' जैसे विधेयक समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा करते हैं।

## उत्तराखंड की राह पर कर्नाटक: UCC की शुरू हुई वकालत

### देश में यूसीसी लागू होना जरूरी

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक हाईकोर्ट** ने कहा कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू होना बहुत जरूरी है। इससे सभी नागरिकों को (खासकर महिलाओं को) बराबरी का हक मिलेगा। कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की है कि वे मिलकर ऐसा कानून बनाएं।

यह टिप्पणी जस्टिस हंचाटे संजीव कुमार की सिंगल जज बेंच ने एक पारिवारिक संपत्ति विवाद के मामले में की। यह मामला मुस्लिम महिला शहनाज बेगम की मौत के बाद उनकी संपत्ति के बंटवारे को लेकर था, जिसमें उनके भाई-बहन और पति के बीच विवाद हुआ। कोर्ट ने इस मामले के बहाने मुस्लिम पर्सनल लॉ पर सवाल उठाए और कहा कि ये कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू कानून में बेटियों को पैतृक संपत्ति में बराबरी का अधिकार है, जबकि मुस्लिम कानून में भाई को मुख्य हिस्सेदार और बहन को कम हिस्सेदार माना जाता है, जिससे बहनों को कम हिस्सा मिलता है। कोर्ट ने कहा कि ये असमानता संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है। कोर्ट ने बताया कि गोवा और उत्तराखंड जैसे राज्य पहले ही यूसीसी की ओर कदम बढ़ा चुके हैं। इस वजह से अब केंद्र और बाकी राज्यों को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। कोर्ट ने अपने फैसले की कॉपी केंद्र और कर्नाटक सरकार के कानून सचिवों को भेजने के निर्देश दिए हैं।




- हाईकोर्ट बोला: संविधान निर्माता भी इसके हक में थे, कोर्ट ने की राज्य और केंद्र से कानून बनाने की अपील

### सौरभ हत्याकांड: मुस्कान जेल में हुई बीमार, कई दिन से हो रही उल्टियां

**मेरठ।** मेरठ के सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान को जेल में कई उल्टी भी हुई है। मुस्कान में प्रेग्नेंसी के लक्षण दिखाई दिए। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान के मेडिकल चेकअप के लिए डाक्टर को पत्र लिखा है। प्यारे लाल जिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डाक्टर अब जेल में आकर मुस्कान का गायनिक टेस्ट करेगी। इसके बाद ही क्लियर होगा कि मुस्कान प्रेग्नेंट है या नहीं। बता दें कि 19 मार्च से मुस्कान और साहिल मेरठ जिला जेल में बंद हैं। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। जेल आने के बाद मुस्कान का प्राइमरी मेडिकल टेस्ट किया गया था। तब वो पूरी तरह स्वस्थ थी। इससे पहले, मेरठ के ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने मुस्कान की मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी को थाने बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। मुस्कान के मां-बाप ने हत्या के खुलासे वाली बात पुलिस के समक्ष फिर से दोहराई है। बाकी लोगों के बयान भी जल्द कराने की तैयारी है। पुलिस की चार्जशीट भी लगभग तैयार हो गई है। जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। सौरभ की बेटी पीहू अपनी नानी के पास है।

## भीषण गर्मी की चपेट में उत्तर भारत

### राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव (लू) को लेकर चेतावनी जारी की है। खासतौर पर 7 से 9 अप्रैल तक दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिल्ली में इस समय तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मौसम विभाग का कहना है कि 7 और 8 अप्रैल को पारा 42 डिग्री तक जा सकता है, जिससे राजधानी में हीटवेव जैसे हालात बन सकते हैं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान अभी 17 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य के करीब है, लेकिन अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री ज्यादा है। बीते 24 घंटों में पश्चिमी-उत्तर-पश्चिमी दिशा से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं।



### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में आज दो न्यायमूर्ति लेंगे शपथ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उड़ीसा और दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित होकर आए न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह को सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति के तौर पर शपथ दिलाई जाएगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों को मुख्य न्यायाधीश कोर्ट में सोमवार की सुबह शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों न्यायमूर्तियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सभी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। एक सवाल के जवाब में श्री तिवारी ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट से न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में तबादले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन लगातार विरोध कर रहा था। एसोसिएशन ने उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बहिष्कार की भी घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सीडी सिंह के साथ शनिवार को इसलिए शपथ नहीं दिलाई गई कि एसोसिएशन पूरे शपथ समारोह का ही बहिष्कार कर देती।

## सम्भल में रामनवमी पर 46 वर्ष बाद मंदिर में पूजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सम्भल में रामनवमी पर जहां एक तरफ खग्गू सराय स्थित मंदिर पर 46 वर्ष बाद पहली बार पूजा-अर्चना की गई है। वहीं दूसरी ओर जामा मस्जिद के सामने निर्माण हुई सत्यव्रत पुलिस चौकी का लोकार्पण। डीएम और एसपी ने पूजन कर लोकार्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मालूम हो 24 नवम्बर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान बवाल के बाद मस्जिद के पास सत्यव्रत चौकी का निर्णय किया गया था। यह जिले की पहली हाइटेक पुलिस चौकी है। जहां थाने के बराबर ही स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी। इस पुलिस चौकी को सुरक्षा बढ़ाने के लिहाज से तैयार कराया गया है। दो मंजिला इस इमारत में कई कक्ष बनाए गए हैं। जिससे पर्याप्त फोर्स के ठहरने की व्यवस्था भी रहे। भवन को सुसज्जित और हाईटेक बनाया जा रहा है। जिले का कंट्रोल रूम भी इसी चौकी में बनेगा। पुलिस चौकी में महाभारत के रथ की आकृति मुख्य गेट के सामने तैयार कराई गई है। यह आकृति राजस्थानी पत्थर से तैयार हुई है और राजस्थान के कारीगरों ने इसको संवारा है। इस आकृति में गीता के चौथे अध्याय से लिया गया भगवान श्री कृष्ण का प्रसिद्ध श्लोक भी लिखा गया है।




- जामा मस्जिद के सामने बनाई गई सत्यव्रत चौकी का किया गया लोकार्पण, अतिरिक्त फोर्स भी रहेगी

### सूर्य की किरणों से रामलला को तिलक, अभिषेक कराया अयोध्या में धूमधाम से मना रामलला विराजमान का जन्मोत्सव

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का जन्मोत्सव आज धूमधाम से मनाया गया। भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी। हरषित महतारी, मुनि मनहारी अद्भुत रूप विचारी।। की चौपाई के साथ भव्य और दिव्य राम मंदिर में श्रीरामलला का प्रतीकात्मक रूप से जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ठीक बारह बजे दोपहर रामलला को दूध से स्नान कराने के बाद वस्त्र पहनाकर जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला के वैज्ञानिकों द्वारा भगवान सूर्य की किरणों से तिलक, अभिषेक कराया गया। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। यह लगभग चार मिनट तक तिलक किया गया। रामलला के जन्म पर अयोध्या के मंदिरों में बधाई व सोहर गीत शुरू हो गए।जगह-जगह पटाखे दगने लगे। घंटे, घडियालों व शंख की करतल ध्वनि के बीच श्रीरामलला प्रकट हुए।

### गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दोपहर में श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा।

चैत्र वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। यहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद वह मंदिर परिसर के ओपन एयर थिएटर के मंच पहुंचे। यहां दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की। रामोत्सव के कार्यक्रम में काशी से पधारे जगदगुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा व अनेक भक्त उपस्थित रहे।

# गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन होगा देश की बड़ी घटना: वासनिक

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने गुजरात में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह अधिवेशन देश के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण घटना होगी। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के गुजरात के प्रभारी मुकुल वासनिक ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण कांग्रेस अधिवेशन है।

कांग्रेस के अब तक गुजरात में पांच अधिवेशन हुए हैं और यह छठा अधिवेशन भारतीय राजनीतिक की महत्वपूर्ण घटना बनेगा। अधिवेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में कोंग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक होगी और उसके बाद पार्टी की महत्वपूर्ण संस्था कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों की बैठक होगी। हम समझते हैं भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण घटना होगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को हुई थी। इसकी पहली बैठक अहमदाबाद में 23-26 दिसंबर 1902 को सुरेन्द्र नाथ बनर्जी की अध्यक्षता में हुई थी। दूसरी बैठक गुजरात के सूरत में 26-27 दिसंबर 1907 को रास बिहारी घोष की अध्यक्षता में हुई थी, जबकि तीसरी बैठक अहमदाबाद में 27-28 दिसंबर 1921 को हकीम अजमल खान की अध्यक्षता में हुई थी। गुजरात में कांग्रेस की चौथी बैठक हरिपुरा में 19-21 फरवरी 1938 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अध्यक्षता में हुई थी तथा पांचवीं बैठक भावनगर में छह-सात जनवरी 1961 को नीलम संजीव रेढी की अध्यक्षता में हुई थी। अब छठी बैठक आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में पार्टी नेता मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होगी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अधिवेशन के दौरान विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति आठ अप्रैल को सरदार पटेल स्मारक पर होगी और अगले दिन कांग्रेस कमेटी की बैठक साबरमती आश्रम और कोचरब आश्रम के बीच साबरमती नदी के तट पर होगी।

## बिहार में बेगूसराय में युवा साथियों से मिलूंगा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह सोमवार को बिहार के बेगूसराय में युवाओं से मिलेंगे और पलायन तथा बेरोजगारी के विरुद्ध उनके संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया है कि वे बेगूसराय में हो रही इस आंदोलन में सफेद टी-शर्ट पहनकर शामिल हों और सरकार पर पलायन रोकने और उन्हें नौकरी देने की अपनी मांगों के लिए दबाव बनाएं। गांधी ने कहा कि बिहार के युवा साथियों, मैं सात अप्रैल को बेगूसराय आ रहा हूं, पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने। लक्ष्य है कि पूरी दुनिया को बिहार के युवाओं की भावना दिखे, उनका संघर्ष दिखे, उनका कष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि आप भी सफेद टी शर्ट पहन कर आइए, सवाल पूछिए, आवाज़ उठाइए-सरकार पर आपके अधिकारों के लिए दबाव बनाने के लिए उसे हटाने के लिए। यहां रजिस्टर कर सफेद टी-शर्ट आंदोलन से जुड़िए। आइए, हम मिलकर बिहार को अवसरों वाला राज्य बनाएं।

# इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं पर की पुष्पवर्षा

**अयोध्या, वार्ता**



■ बाबरी मस्जिद के पूर्व पक्षकार ने कहा: अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं

■ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने किए रामलला के दर्शन

बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने रविवार को श्रीरामजन्मभूमि पर दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के जन्मोत्सव पर आए श्रद्धालुओं का फूलों से वर्षा कर स्वागत किया।

इकबाल अंसारी ने रामलला के जन्मोत्सव पर अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं पर जमकर फूलों की वर्षा की। प्रतीकात्मक रूप से भगवान श्रीराम ने जन्म लिया है। भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर जलाभिषेक करीब चार मिनट तक किया। अयोध्या के मंदिरों में बधाईयां व सोहर के गीत गाए जा रहे हैं, जिस पर दूरदराज से आए श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में जा करके दर्शन और पूजन कर रहे हैं। रामलला के जन्मोत्सव में बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इकबाल अंसारी ने श्रद्धालुओं के ऊपर फूल की वर्षा करने के बाद कहा कि यह कदम भाईचारे और एकता के संदेश के लिए उठाया गया है। उन्होंने कहा रामभक्तों पर फूल बरसाकर हमने यह संदेश देने की कोशिश की है कि अयोध्या प्रेम और सौहार्द की मिसाल बन गई है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में हिन्दू-मुस्लिम में कोई भेदभाव नहीं है। हम लोग सौहार्दपूर्वक यहां रहते हैं। हिन्दू अपना त्यौहार मनाते हैं हम अपना त्यौहार मनाते हैं। एक-दूसरे के त्यौहार में हम लोग शरीक होते हैं। अयोध्या जो है प्रेम और सौहार्द की जगह है। पूरे देश में यह संदेश हम देना चाहते हैं। वही समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद अवधेश प्रसाद ने आज रामनवमी के दिन अपने परिवार के साथ रामलला का दर्शन किए। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने रामनवमी के दिन श्रीरामजन्मोत्सव पर रामलला का दर्शन करने के बाद अनौपचारिक रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि रामलला से मैंने देश में अमन-चैन बरकरार रखने के लिए आशीर्वाद मांगा है। उन्होंने कहा कि रामजन्मोत्सव के मौके पर मैंने अपने पूरे परिवार के साथ अपनी बहू, बेटे व बेटी के साथ भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान रामलला का दर्शन किए।

सांसद अयोध्या ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानता हूं कि यहां की जनता ने मुझे सांसद बनाया। उन्होंने कहा कि अभी राम मंदिर का काम बाकी है। करीब डेढ़ साल इसको पूरा होने में लगेंगे। श्रीराम का दर्शन कर मैंने प्रार्थना की कि सभी देशवासियों को सुख-समृद्धि और खुशहाली दें। मैंने प्रार्थना की कि जिन मतदाताओं ने मुझे वोट देकर सांसद बनाया है, उनकी उम्मीदों पर हम खरे उतरें। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी के सभी रहने वालों की चरणों की धूल को माथे से लगाकर मैंने दर्शन किए।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कार्यकर्ता पर चली गोली, हमलावर गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में रविवार को एक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता को गोली मार दी गई। पुलिस ने अपराध को अंजाम देने के तुरंत बाद संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भाजपा नेता आशुतोष बिस्वास अपनी पत्नी को गायघाटा में रेलवे स्टेशन पर छोड़ने के बाद मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उनके बाएं सीने में गोली लग गई और वे गिर पड़े। उनकी तेज चीख सुनकर स्थानीय लोग सतर्क हो गए, जिन्होंने पुलिस की मदद से हमलावर को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। हमलावर की पहचान तपन बाला के रूप में हुई है। घायल कार्यकर्ता को पहले ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया।

### हावड़ा में भीषण आग लगने से लुब्रिकेंट फैक्ट्री जलकर खाक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में हावड़ा के डोमजूर में भीषण आग लगने से एक पूरी लुब्रिकेंट ऑयल फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि आग बुझाने के लिए करीब 18 अग्निशमन वाहनों को तैनात किया गया। इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह आग शनिवार की रात को करीब 11 बजे लगी थी। सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन आग की लपटों के कारण फैक्ट्री जलकर खाक हो गई। आग की लपटों ने आसपास की एक अन्य फैक्ट्री को भी आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा।

### कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सुरौली क्षेत्र में एक कीर्तन गायक की गोली मारकर हत्या करने से सनसनी फैल गई है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि सुरौली क्षेत्र के ग्राम सुकई परसिया निवासी राम मूरत चौहान (50) कीर्तन गाते थे और वे शनिवार की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अगस्त पार में कीर्तन गाने के लिए गए और रात में बाइक से अपने गांव वापस लौट रहे थे कि इसी बीच अज्ञात बदमाशों ने क्षेत्र के धमऊर परशुराम गांव के पास गोली मारकर फरार हो गए।

## सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव: योगी

# मातृ शक्ति के प्रति आदर भाव सबका दायित्व

**गोरखपुर, वार्ता**



■ सरकार ने मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई: सीएम

■ मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं।

गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए योगी ने कहा कि आज वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि है। आज सभी सनातन धर्मावलंबियों द्वारा कन्या पूजन किया जा रहा है। मुझे भी आज गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वासंतिक नवरात्र में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी की तिथि तक आदिशक्ति मांभगवती के अलग-अलग स्वरूपों का अनुष्ठान आज नवदुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पूजन के साथ समारोप की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा में मातृशक्ति के प्रति आदर एवं श्रद्धा भाव की जो मजबूत परंपरा रही है, उसे दोनों नवरात्र शारदीय व वासंतिक में कन्या पूजन के माध्यम से देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बेटी-बेटा या महिला- पुरुष के भेदभाव से ऊपर उठकर बेटियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को जगह न दें। हम सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला अन्याय या शोषण का शिकार न होने पाए। यदि हम ऐसा करेंगे तभी एक सशक्त एवं विकसितभारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति को सम्मान देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। विधायिका से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सवका भी दिन है। सभी देवालयों में अखंड रामायण पाठ, भजन कीर्तन हो रहे हैं। सभी सनातन धर्मावलंबी पूर्णमनोयोग से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। अयोध्या में लाखों श्रद्धालु रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं।

आज 12 बजे भगवान सूर्य भी रामलला का सूर्यतिलक करेंगे। योगी ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला का पुन: प्रकटीकरण हुआ है। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए बहुत पवित्र दिन होने के साथ ही दुनिया की दबी कुचली एवं शोषित मानवता के लिए एक नई प्रेरणा व प्रकाश का दिन है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन हम सबको मर्यादित आचरण करने के साथ ही सम या विषम परिस्थित में धैर्य न खोकर चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय कर्तव्यो तथा सार्वजनिक तथा राष्ट्रीय रिश्तों का निर्वहन कैसे हो, इसकी प्रेरणा हमें भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन चरित्र देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वर में देश के पहले ऑटो ब्रिज, पंबन ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम भारत के पवित्रम धामों में से है। यह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीराम ने उत्तर और।दक्षिण की सीमाओं को एकसाथ जोध्कर जीवंतता प्रदान की थी। यह हमें एक नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एवं विरासत के विज़न को दर्शाता है। इससे जुड़ने का आज हम सबको एक अवसर प्राप्त हो रहा है और इसके लिए हम सभीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों को किया रवाना

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनवमी के पावन अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गोरखनाथ मंदिर से नशे के खिलाफ जागरूकता के लिए दो वाहनों प्रदर्शनी मोबाइल वैन को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जागरूकता वाहन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के सहयोग से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मेडिकल विंग द्वारा चलाए जा रहे हैं। वाहनों को रवाना करने के साथ ही मुख्यमंत्री ने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज की तरफ से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया और उन्हें संस्था के मुख्यालय माउंट आबू से लाए शिव बाबा के प्रसाद को भेंट किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य आगामी दो सालों में प्रदेश के सभी जिलों में अधिक से अधिक गांवों में मोबाइल वैन में लगे ऑडियो वीडियो प्रदर्शनी से लोगों को नशे के दुष्प्रभाव से जागरूक करना है।

# ग्रामीण महिलाओं की बाजार तक होगी सीधी पहुंच

**लखनऊ, वार्ता**

■ महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए ग्रामीण महिलाओं को सीधे बाजार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इसके तहत स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाएं खाद्य प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और सीधी बिक्री से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य प्रसंस्करण उद्यम में स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत वाराणसी, सुल्तानपुर और अलीगढ़ में 520 स्वयं सहायता समूह चलाए जा रहे हैं, जिसके जरिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ रही है। यही नहीं अब बांदा में बड़ा केंद्र चलाने की तैयारी पूरी है। ग्रामीण महिलाओं को अभियान के जरिए बाजार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। महिलाओं को कृषि उत्पादों की खरीद, प्रसंस्करण और मार्केटिंग में शामिल किया जा रहा है। इससे बिचौलियों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो गई है और महिलाओं को उत्पाद का उचित मूल्य मिल रहा है। इस पहल के तहत चल रहे केंद्रों ने महज आठ महीनों में 34.58 लाख रुपए का राजस्व कमाया है, जिसमें से 27.32 लाख रुपए सीधे एसएचजी सदस्यों को मिले हैं। दाल और मसालों जैसे उत्पादों की मांग को देखते हुए इन महिलाओं की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआर एलएम) का लक्ष्य 15 लाख ग्रामीण परिवारों को लखपति दीदी पहल से जोड़कर उनकी सालाना आय एक लाख रुपए से अधिक करना है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस योजना के तहत महिलाओं को व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता और आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे वे न केवल अपने उत्पादों की बेहतर मार्केटिंग कर पा रही हैं, बल्कि समुदाय में नेतृत्व की भूमिका भी निभा रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं के जीवन में काफी सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्नति दीदी अभियान ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने और उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ में बेतहाशा बढ़ोतरी किए जाने से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने एवं आर्थिक मंदी की आशंका में हुई भारी बिकवाली से बीते सप्ताह ढाई प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णय पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2050.23 अंक अर्थात 2.65 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर दो सप्ताह बाद 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 75364.69 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 614.9 अंक यानी 2.61 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 22904.45 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1022.59 अंक अर्थात 2.5 प्रतिशत लुढ़ककर सप्ताहांत पर 40508.53 अंक और स्मॉलकैप 770.96 अंक यानी 1.7 प्रतिशत कमजोर रहकर 45867.17 अंक रह गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष 2025-26 की शुरुआत धीमी रही है, जिसका प्रमुख कारण अमेरिका द्वारा अपेक्षा से अधिक टैरिफ लगाया जाना है। इससे आईटी और धातु जैसे क्षेत्रों ने व्यापक बाजार की तुलना में कमजोर प्रदर्शन किया है, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर बढ़ती चिंताओं और संभावित जवाबी व्यापार कदमों की आशंका को दर्शाता है। निवेशक अब वैश्विक व्यापार साझेदारों की ओर से संभावित जवाबी कार्रवाई पर करीबी नजर बनाए हुए हैं, जिससे भू- राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता और गहराने की संभावना है।

## विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 665.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और स्वर्ण भंडार में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 665.4 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 658.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 6.2 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 565.01 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 51.9 करोड़ डॉलर उछलकर 77.8 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, दालें महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव संतुलित रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि दालें महंगी हो गईं, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा सप्ताहांत पर 84 रिंगिट लुढ़ककर 4701 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.21 सेंट की तेजी लेकर 45-41 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18681 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15201 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते



सप्ताह दाल-दलहन बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100, मूंग दाल 150 रुपए, उड़द दाल 150 रुपए और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रामेश्वरम में...** सड़क प्रोजेक्ट का शिलान्यास और उद्घाटन किया। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने ब्रिज के लिए 75 किमी प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है। नया पम्बन ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है, तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 22 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। इसके लिए सिर्फ एक आदमी की जरूरत होगी। वहीं, पुराना पुल कैंटिलीवर पुल था। इसे लीवर के जरिए मैन्युअली खोला जाता था, जिसमें 14 लोगों की जरूरत होती थी। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और आटोमैटिक रेड सिग्नल हो जाएगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ऐसा अक्सर अक्टूबर से फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज हवाएं चलती हैं। ब्रिज का मैकेनिज्म वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज का मैकेनिज्म बैलेंसिंग सिस्टम पर काम करता है। इसमें काउंटर-वेट्स लगाए गए हैं। जब ब्रिज ऊपर उठता है, तो शिव्स यानी बड़े-बड़े पहियों की मदद से स्पैन और काउंटर-वेट दोनों को सपोर्ट मिलता है। जब ब्रिज नीचे आता है, तो काउंटर-वेट्स उसका वजन संभाल लेते हैं। इस टेक्नोलॉजी की वजह से ब्रिज ज्यादा वजन सह सकता है। इससे ब्रिज के सेंटर स्पैन की वर्टिकल लिफ्टिंग स्मूद और सेफली हो पाती है।

**जमीयत की...** है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सेक्युलर जनता और खासकर मुसलमान इन्हें कभी माफ नहीं करेंगे। जमीयत उलमा-ए- हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने उन सभी सेक्युलर सांसदों का शुक्रिया अदा किया, जो देर रात तक संसद में डटे रहे और इस कानून के संभावित दुष्परिणामों को अपने भाषणों के ज़रिये उजागर किया। साथ ही उन्होंने उन न्यायप्रिय नागरिकों का भी आभार प्रकट किया, जो संसद के बाहर इस कानून के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि इससे साबित होता है कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं, जिनमें अन्याय के खिलाफ बोलने का साहस और जज्बा है। मौलाना मदनी ने दो. हराया कि यह कानून केवल धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है, बल्कि संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता और उसके मार्गदर्शक सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कानून मुसलमानों की भलाई के नाम पर लाया गया है, लेकिन वास्तव में यह उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर गंभीर हमला है। मौलाना मदनी ने कहा कि हमें अल्लाह की ज़ात पर पूरा भरोसा है कि जैसे अन्य कई महत्वपूर्ण मामलों में हमें न्याय मिला है, वैसे ही इस महत्वपूर्ण मामले में भी हमें न्याय मिलेगा, क्योंकि यह मामला केवल मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता का नहीं, बल्कि संविधान की सर्वोच्चता का भी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ संशोधन कानून की विभिन्न धाराओं को न केवल चुनौती दी है, बल्कि इस कानून के लागू होने को रोकने के लिए अदालत से अंतरिम राहत (इंटरिम ऑर्डर) की भी अपील की है। यह याचिका संशोधन अधिनियम की धारा 1(2) के तहत दाखिल की गई है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड फ़ुजैल अय्यूबी ने मौलाना अरशद मदनी के आदेश पर यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है, जिसमें कहा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रबंधन तथा वक्फ संपत्तियों के लिए विनाशकारी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से दाखिल याचिका का डायरी नंबर 18261/2025 है।इस सिविल रिट याचिका के साथ-साथ एक अंतरिम अर्जी भी दाखिल की गई है, जिसमें केंद्र सरकार को इस कानून के नोटिफिकेशन जारी करने से रोकने की मांग की गई है। याचिका में वक्फ बाय यूजर की प्रक्रिया को समाप्त करने पर आपत्ति जताई गई है और यह कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि केस में वक्फ बाय यूजर की अवधारणा को मान्यता दी है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था का हिस्सा रहा है। इसके साथ ही, वक्फ बोर्ड में मुस्लिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अनिवार्यता को हटाए जाने को भी चुनौती दी गई है। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर की गई याचिका में अंत में कहा गया है कि इन असंवैधानिक संशोधनों से वक्फ अधिनियम 1955 की मूल आत्मा और उसकी नींव को गहरी क्षति पहुंची है और यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 25, 26 और 300ए का स्पष्ट उल्लंघन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा इस केस की शीघ्र सुनवाई सुनिश्चित कराने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है व संभावना है कि आने वाले कुछ दिनों में भारत के मुख्य न्यायाधीश से इसकी जल्दी सुनवाई की गुज़ारिश की जाएगी।

# ममता ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि राज्य भर में कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने भगवान राम के जन्मोत्सव मना रहे हैं और सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

सुश्री बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर सभी को बधाई। मैं सभी से शांति, समृद्धि और सभी के लिए विकास के मूल्यों को बनाए रखने और बनाए रखने की अपील करती हूं। मैं शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी के उत्सव की सफलता की कामना करती हूं। सूत्रों ने कहा कि राज्य के किसी भी हिस्से से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। भारतीय जनता पार्टी पार्षद सजल घोष के नेतृत्व में शहर के मध्य भाग में राम राजा ताला में पहले से ही एक रैली आयोजित की गई थी, जहां उनके अनुयायियों ने भगवा रंग के झंडे लिए और जय श्री राम के नारे लगाए और प्रार्थना की। कोलकाता उच्च न्यायालय ने हिंदू संगठनों की कुछ रैलियों को कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी थी, क्योंकि शहर की पुलिस ने उन्हें ऐसी रैलियों से वंचित कर दिया था।

न्यायालय ने कहा कि रैलियों में कोई भी व्यक्ति धातु के हथियार नहीं ले जा सकता, अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रैली में भाग लेने वाले संगठन कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेंगे। ऐसी खबरें आ रही हैं कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में रामनवमी रैलियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शांति और सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## उत्तराखण्ड में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

# कुंठित विपक्ष भड़का रहा क्षेत्रीय और जातीय भावनाएं : धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सत्ता से लगातार दूर रहकर कुंठित विपक्ष हताशा में धार्मिक, क्षेत्रीय एवं जातीय भावनाएं भड़काकर प्रदेश में अशांति एवं वैमनस्य फैलाने की साजिश कर रहा हैं। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राज्य के सम्मान और सुरक्षा करने के लिए एकजुट खड़ा है। हम अखंड हैं और अडिग हैं। उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए। विक. सित राज्य की इस यात्रा के हम सभी सहयात्री हैं और लक्ष्य प्राप्ति तक यह रुकने वाली नहीं है। उन्होंने विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि अब हम योजना बनाने से लेकर शिलान्यास और लोकार्पण भी करते हैं। राम नवमी और पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा मुख्यालय मे आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे उन्होंने पार्टी के सभी महापुरुषों श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी को नमन करते हुए कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन गया है। हमारे प्रयासों का प्रतिफल है कि अत्यंत गर्व के साथ 500 वर्ष के बाद हम राम नवमी का पर्व अयोध्या में प्रभु श्री रामजन्मभूमि मंदिर में भी मना रहे हैं। हम राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और व्यक्ति अंतिम के सिद्धांत पर काम करने वाली पार्टी नहीं है। यही वजह है कि पार्टी के पथ प्रदर्शकों के बताए रास्ते पर चलते हुए देश में अने. कों ऐतिहासिक कार्य पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किए है।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व की प्रेरणा से हमारी सरकार ने भी समान नागरिक संहिता, सशक्त भू कानून, कठोरतम नकल कानून, धर्मांतरण कानून लागू किया। मातृ शक्ति को भी 30 फीसदी आरक्षण देकर उनके शक्तिकरण करने का कार्य किया गया। युवाओं को इन तीन वर्षों में रिकॉर्ड 22 हजार सरकारी नौकरियां पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी से दी गई। उन्होंने बताया बहुत से सफल अभ्यार्थियों के माता-पिता, नियुक्ति प्रक्रिया के लिए धन्यवाद करते है,तो बहुत अच्छा लगता है। जब चार-चार अलग पदों पर युवाओं को सफलता मिलती दिखाई देती है।

उन्होंने विपक्ष पर तंज कसा कि पिछली सरकारों में सिर्फ योजनाओं बनाई जाती थी, लेकिन हम योजना बनाते भी हैं, शिलान्यास भी करते हैं और उसको पूरा करके भी दिखाते हैं।ध्वजारोहण के बाद प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी के संचालन में हुए कार्यक्रम में आपातकाल के लोकतंत्र सेनानी विकासनगर से चंदन लाल अग्रवाल, देहरादून से हरीश कंबोज, विजय स्नेही और ऋषिकेश के स्वर्गीय इंद्रसैन अग्रवाल के पुत्र अविनाश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ देकर और शाल ओढ़ाकर उनके योगदान को याद किया गया।



■ सत्ता से लगातार दूर रहकर निराश विपक्ष प्रदेश में अशांति एवं वैमनस्य फैलाने की कर रहा साजिश,पूरे नहीं होंगे मंसूबे,आपात काल के सेनानियों का किया सम्मान, कार्यक्रम में कैबिनेट मत्री, दायित्वधारी, विधायक और पार्टी पदाधिकारी रहे मौजूद

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

पार्टी मुख्यालय में हुए स्थापना दिवस के भव्य कार्यक्रम की शुरुआत सीएम एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पार्टी के ध्वजारोहण के साथ की गई। इस दौरान राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, टिहरी सांसद महारानी माला राज्य लक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, गणेश जोशी, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, विधायक सविता कपूर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश कोली, प्रदेश मंत्री मीरा रतूड़ी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, दायित्वधारी पुनीत मित्तल, डा देवेंद्र भसीन, अजय कोठियाल, हेमराज बिष्ट, विनोद उनियाल गामा, रजनी रावत, देशराज कर्णवाल, ऐश्वर्या रावत, भूपेश उपाध्याय, सुभाष बड़थ्वाल समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। पार्टी कार्यालय वंदे मातरम गायन के साथ देशभक्ति के नारों से गुंजायमान होता रहा।

### डबल इंजन की सरकार ने राज्य में शानदार और ऐतिहासिक कार्य किए: भट्ट

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सभी लोकतंत्र सेनानियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि, इनके प्रयासों से ही हम देश की तरह प्रदेश में भी आज मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने स्थापना दिवस रामनवमी के साथ सभी नए दायित्वधारियों को भी नई भूमिका के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा, पीएम मोदी के मार्गदर्शन एवं सीएम धामी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने राज्य में शानदार और ऐतिहासिक कार्य किए हैं जिसके कारण जनता ने हमें मिथक तोड़ते हुए दूसरी बार सरकार बनाने का मौका दिया था।

### राष्ट्रवाद, विकास और जनसेवा के मूल मंत्र पर काम करती है भाजपा: जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी न केवल एक राजनीतिक संगठन है, बल्कि यह एक विचारधारा है जो राष्ट्रवाद, विकास और जनसेवा के मूल मंत्र पर काम करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि देश और समाज की सेवा के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक मंच पर नई ऊँचाइयों को छुआ है, और यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हम इस संगठन का हिस्सा हैं।

# भाजपा में हिम्मत है तो 20 करोड़ मुसलमानों को भारत से निकाल दे: धीरेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि भाजपा में हिम्मत है तो देश में रह रहे 20 करोड़ मुसलमान को भारत से निकाल दे। उन्होंने कहा भारत में आजादी और आजादी से पहले भी और आजादी के बाद भी हमेशा यह नारा रहा है ष्भारत मां के चार सिपाही हिंदू मुस्लिम सिख इसाई ।

उन्होंने कहा जब तक यह भाईचारा बना रहेगा तभी इस देश की एकता है तभी इस देश का दुनिया में सम्मान है उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी को अपने नीतियों पर पुनर्विचार करना पड़ेगा उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज वक्फ कानून लाया गया है यह मुसलमानो के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप है।

जिसकी किसी को भी इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने हालांकि यह कहा कि चाहे हिंदू हो चाहे मुसलमान हो चाहे सिखघ्हो और चाहे इसाई हैं। धर्म का दुरुपयोग किसी को भी नहीं करना चाहिए। धर्म तो सच्चाई और अच्छाई का रास्ता बताता है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और हमारे नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में वक्फ कानून में संशोधन का कड़ा विरोध किया है तो उसके पीछे कोई मुसलमानो के वोट लेने या उनकी हिमायत लेने का मकसद नहीं है ।

सब लोग जानते हैं कि मुसलमान हो या हिंदू भाई हो या सिख हो या ईसाई ही हो वह भारत की रीढ है और अगर रीढ को छेड़ा जाएगा तो इस देश को लकवा मार सकता है्।

इसीलिए अच्छा यह है कि हम बड़ा दिल करें और जिस तरह से अजहरुद्दीन और सुनील गावस्कर मिलकर भारत का खाता खोलते थे और देश को आगे बढ़ाते थे और जिस तरह से मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने मिलकर इस देश को अपने गानों से सब्जबाग किया, जिस तरह से फिल्म लाइन में एक्टर दिलीप कुमार ने और राजेश खन्ना ने इस देश की फिल्मों को नया रंग दिया उन्हें अदाकारी के नए प्रतिमान स्थापित किया और जिस तरह से की भारत के महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम जो भारत के राष्ट्रपति बने और उन्होंने और डॉक्टर होमी जहांगीर भाभा ने जिस तरह से देश को विज्ञान में अंतरिक्ष तक पहुंचाया।

आज इसी तरह के लोगों की देश को जरूरत है और उन्होंने कहा कि भाजपा को अपनी नीति पर विचार करना चाहिए और खास तौर पर भाजपा की जो ऑक्सीजन है जहां से उसको प्राण शक्ति मिलती है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी नागपुर में जो लोग बैठे हैं उनको यह देखना पड़ेगा की 75 करोड़ मुसलमान के दिलो को चोट पहुंचाकर इस देश की आत्मा को शांति नहीं पहुंचाई जा सकती । इस देश में अमन- चौन कायम नहीं रखा जा सकता और भाईचारा भी कायम नहीं रखा जा सकता

# चारधाम मार्ग पर मिलेगा स्वच्छ और शुद्ध भोजन

## खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने हरित चारधाम यात्रा थीम पर शुरू किया अभियान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**चारधाम यात्रा मार्ग के होटल- ढाबों में इस बार तीर्थयात्रियों को ना सिर्फ स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, बल्कि होटल कारोबारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग भी कम करने का प्रयास करेंगे। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम के लिए भी तीर्थ यात्रियों को प्रोत्साहित करेंगे। इसके लिए खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग ने यात्रा प्रारंभ होने से पहले ही यात्रा मार्ग के होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ व्यापक स्तर संवाद और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बार सभी विभागों को हरित चारधाम यात्रा की थीम पर, यात्रा संचालित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में खाद्य संरक्षा औषधि प्रशासन विभाग, यात्रा मार्ग के प्रमुख शहरों में होटल और खाद्य कारोबारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रहा है। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि इन कार्यशालाओं में होटल कारोबारियों से अपने भोजन में तेल, नमक और चीनी का उपयोग कम करने की अपील की जा रही है। इससे खासकर मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या से पीड़ित यात्रियों को सुविधा रहेगी। साथ ही ईट राइट अभियान के क्रम में होटलों को खाद्य तेल को तीन बार से अधिक इस्तेमाल करने के बजाय इसे बायोफ्यूल बनाने के लिए उपलब्ध कराने के लिए कहा जा रहा है। डॉ आर राजेश कुमार ने बताया कि होटल कारोबारियों को पानी की बोतल, रैपर जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को भी हतोत्साहित करते हुए, पर्यावरण संरक्षण में सहयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उपायुक्त मुख्यालय गणेश कंडवाल ने बताया कि विभागीय निर्देशों के क्रम में अब तक ऋषिकेश, श्रीनगर, रुद्रप्रयाग में होटल कारोबारियों के साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जा चुका है। यात्रा शुरु होने से पहले उत्तरकाशी, चंबा और हरिद्वार सहित कुछ और स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। साथ ही मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय खाद्य उत्पादों को भी उपलब्ध कराने को कहा जा रहा है।

■ सिंगल यूज प्लास्टिक से लेकर तेल, नमक, चीनी का प्रयोग कम करने में सहयोग करेंगे होटल कारोबारी



इस बार हम हरित चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर तैयारी कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि ना सिर्फ तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले, बल्कि यात्रा के चलते हमारे पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो, हम सिंगल यूज प्लास्टिक का रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। इसमें हमें तीर्थ यात्रियों- खाद्य कारोबा. रियों से लेकर स्थानीय लोगों तक सभी का सहयोग चाहिए।

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड'**

# सहकारिता से जुड़ी महिलाओं को किया सम्मानित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर रविवार को जनपद हरिद्वार के ऋषिकुल ऑडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण सहकारिता से विषय पर आधारित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहक. ारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रहे एवं विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम हरिद्वार किरन जैसल, जिला अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी आशुतोश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल आदि उपस्थिति रहें।

इस अवसर पर सहकारिता विभाग के संयुक्त निबंधक (मुख्यालय) एमपी त्रिपाठी, सहायक निबन्धक (मुख्यालय) राजेश चौहान, जिला सहायक निबंधक (हरिद्वार) पुष्कर सिंह पोखरिया एवं जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, हरिद्वार की सचिव एवं महाप्रबंधक वंदना लखेडा सहित बैंक एवं विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

साथ ही सहकारिता से जुड़ी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



जिला सहकारी बैंक में कार्यरत 20 महिला अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग तथा जिले की समस्त सहकारी समितियों में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके योगदान को सराहा गया। विभाग में कार्यरत महिलाओं एवं मत्स्य विभाग की सहायक निदेशक गरिमा मिश्रा को भी उनके कार्य के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक हरिद्वार के माध्यम से 6 स्वयं सहायता समूहों को 5,00,000 तक के ऋण वितरण के चेक प्रदान किए गए। साथ ही, मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए महिला कृषकों को भी ऋण सहायता प्रदान की गई।जनपद हरिद्वार में 50,000 महिलाओं को श्लखपति दीदीश के रूप में सशक्त किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही जनपद की सभी 308 ग्राम पंचायतों में एक-एक बहुउददेश्यी सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। इन समितियों के माध्यम से पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, जन औषधि केंद्र, जन सुविधा केंद्र इत्यादि सहकारिता विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ सीधे ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# सीएम आवास में धामी ने रामनवमी व दुर्गा नवमी पर की पूजा-अर्चना



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रामनवमी और दुर्गा नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार पूजा-अर्चना की।

उन्होंने नौ दुर्गा की प्रतीक नौ कन्याओं का पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवा. सियों को रामनवमी की शुभकामना दी और प्रदेश की खुशहाली व प्रदेशवासियों की सुख -समृद्धि की कामना की। समस्त प्रदेश वासियों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम प्रभु राम के आदर्शों को स्वयं में धारण कर समाज में ईमानदारी, प्रेम, सेवा और सद्भावना के साथ रहने का संकल्प ले। धामी ने कहा कि रामायण जैसे पवित्र धर्म ग्रंथो के अखंड पाठ के आयोजन हमारी आत्मा को शुद्ध करने व सात्त्विक बनाने और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

# अब अंतर्राष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी करें खिलाड़ी : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने क्रॉस कंट्री दौड़ और हॉकी व फुटबाल के मैत्री मैच के विजेताओं को सम्मानित किया। यह आयोजन खेल विभाग द्वारा पेवेलियन ग्राउंड में किया गया ।

समापन अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 38 वे राष्ट्रीय खेलों में हमारे प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर तो अपना नाम रोशन कर दिया है, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय फलक पर छाने की तैयारी में जुटना होगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि 2036 के ओलंपिक के लिए हमने कम से कम 40 एथलीट तैयार करने की प्लानिंग की है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हाल ही में हमारा खेल लिगेसी प्लान तैयार हुआ है और इसे अमली जामा पहनाया जा रहा है।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को जल्द ही नौकरी दी जाएगी, इसकी प्रक्रिया चल रही है। खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका भविष्य उज्जवल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विशेष खेल सचिव अमित सिन्हा, संयुक्त खेल निदेशक अजय अग्रवाल, स्पोर्ट्स कॉलेज के प्राचार्य राजेश मंमगाई, उपनिदेशक शक्ति सिंह, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनवर आदि मौजूद रहे।




■ क्रॉस कंट्री दौड़ और हॉकी, फुटबॉल मैच के विजेताओं को किया सम्मानित,अंत. रराष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल विभाग ने किया था कार्यक्रम का आयोजन, खिलाड़ियों संग मंत्री रेखा आर्या ने खेला हॉकी मैच

# रामायण साधारण ग्रंथ नहीं, हमारे जीवन का दर्पण: धामी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** रामनवमी के अवसर पर रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिथौरागढ़ स्थित पांखू के माँ कोकिला कोठग्याड़ी मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअली संबोधित किया।

प्रदेश वासियो को राम नवमी की शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभु श्रीराम से समस्त उत्तराखंड वासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रामायण कोई साधारण ग्रंथ नहीं, बल्कि हमारे जीवन का दर्पण है, मर्यादा, भक्ति, त्याग, और धर्म का पथ प्रदर्शक है। भगवान श्रीराम के जीवन से हमें सीखने को मिलता है कि किस प्रकार से विषम परिस्थितियों में भी धर्म और मर्यादा का पालन किया जाता है। माता सीता की पवित्रता, लक्ष्मण की सेवा भावना, भरत का त्याग, हनुमान जी की भक्ति ये सभी आदर्श हमें सदाचरण की प्रेरणा देते हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि रामायण जैसे पवित्र धर्म ग्रंथो के अखंड पाठ के आयोजन हमारी आत्मा को शुद्ध करने के साथ-साथ वातावरण को सात्त्विक बनाने और समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम सभी के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है । 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद दूसरी बार रामनवमी का पर्व प्रभु श्रीराम लला अयोध्या में अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर मना रहे हैं।

समस्त प्रदेश वासियों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम प्रभु राम के आदर्शों को स्वयं में धारण कर समाज में ईमानदारी, प्रेम, सेवा और सद्भावना के साथ रहने का संकल्प ले।

कार्यक्रम में फकीर राम टम्टा विधायक गंगोलीहाट, गिरीश जोशी जिलाध्यक्ष, भाजपा पिथौरागढ़, मनोज कार्की, भाजपा मण्डल अध्यक्ष ग्रामीण, डॉ. स्वामी वीरेन्द्रानंद महाराज महामण्डलेश्वर, पंचदश नाम जूना अखाडा, कल्पना देवलाल, महापौर नगर निगम, पिथौरागढ़, दीपिका बोहरा, प्रशासक, जिला पंचायत पिथौरागढ़, शशिकला सत्याल, जिला संयोजक शिक्षिका प्रकोष्ठ तथा अन्य स्थानीय गणमान्य उपस्थित थे।

■ रामनवमी पर मुख्यमंत्री ने माँ कोकिला कोठग्याड़ी मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ को किया संबोधित प्रभु श्रीराम मर्यादा, भक्ति, त्याग, और धर्म के पथ प्रदर्शक: मुख्यमंत्री



# 'ऐश किंग' के गीतों पर देर रात जमकर नाचे छात्र

## जश्न-ए-दून में बॉलीवुड के नामचीन सिंगर ने मचाई धूम

■ खेलकूद प्रतियोगिताएं व संगीत कार्यक्रम बच्चों के जीवन में उत्साह का संचार करते हैं: चौधरी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दून वैली इंटरनेशनल स्कूल के खेल मैदान में 'जश्न-ए-दून 2025' में बॉलीवुड के नामचीन सिंगर ऐशकिंग ने अपने गीतों की एक से बढ़कर एक लाइव परफॉर्मेंस देकर छात्रों को नाचने को मजबूर कर दिया। देर शाम ठाकुरपुर प्रेम नगर स्थित स्कूल के खेल मैदान में बॉलीवुड सिंगर ऐश किंग की एंट्री होते ही छात्र-छात्राओं ने तालियां बजा कर उनका स्वागत किया। परफॉर्मेंस देने से पहले दून ग्रुप आफ कॉलेजेस के चेयरमैन चौधरी दरियाव सिंह, निदेशक डॉ. संजय चौधरी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

अपने संबोधन में चेयरमैन दरियाव सिंह ने कहा, खेलकूद प्रतियोगिता और इस तरह के संगीत कार्यक्रम बच्चों के जीवन में उत्साह का संचार करते हैं। करियर में कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ने में छात्रों के जीवन में मनोबल और उत्साह एक अहम रोल निभाता है।



निदेशक संजय चौधरी ने विद्यालय के छात्रों को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा पढ़ाई के माध्यम से छात्र-छात्राएं जीवन में अपने सभी सपनों को पूरा कर सकते हैं। देवभूमि उत्तराखंड में प्रसिद्ध बॉलीवुड सिंगर, किंग की यह पहली प्रस्तुति रही। उन्होंने बॉडीगार्ड पिक्चर के सुपर डुपर हिट गाने दिल का ये क्या राज है के साथ छात्रों के बीच शानदार शुरुआत की।

ये बारिश का मौसम, ये बारिश का पानी के गीत पर छात्र-छात्राएं मदहोशी में झूमने लगे। किंग के गीतों की शानदार प्रस्तुतियों पर मैदान में छात्र-छात्राएं खुद को नाचने से रोक नहीं पाए। इसके बाद तो मस्ती का जो आलम बना। उसने इस कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

# जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया भाजपा का 46वां स्थापना दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस रविवार को जिलेभर में उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

साथ ही जिला कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस को यादगार बनाया गया।

जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष उदय रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मिठाई वितरण किया और पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से खड़ी हुई है।



**शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर के किए दर्शन,वरिष्ठ आईएएस अधिकारी युगल किशोर पंत को मिली है यात्रा तैयारियों की मॉनिटरिंग का भिजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने घर-घर फहराया पार्टी ध्वज**

उन्होंने यह भी कहा कि हर कार्यकर्ता 24 घंटे संगठन को मजबूत करने के लिए तत्पर रहता है, यही भाजपा की ताकत है।विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व में भाजपा नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा और यमुना जैसी नदियों के संरक्षण के साथ-साथ हिमालय की रक्षा के लिए भी ठोस कदम उठाने की अपील की है। यह दिखाता है कि पार्टी सिर्फ राजनीति ही नहीं, बल्कि राष्ट्र के हर पहलू को लेकर प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, ब्लॉक प्रशासक सुनीता देवी, खेम सिंह चौहान, शीशराम थपलियाल, मंडल अध्यक्ष विजय कठैत, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष तौफिक अहमद, पूर्व प्रमुख बेबी असवाल, रागिनी भट्ट, गोविंद रावत, राजेंद्र डोभाल, जयेंद्र पंवार, नरेश नेगी, रामलाल नौटियाल, मुनेंद्र भट्ट, अजयपाल नेगी, दिनेश सेमवाल और सीपी चंद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में पार्टी को मजबूत करने और जनसेवा के संकल्प को दो. हराया।

## पुलिस लाइन चंबा में रामनवमी पर भंडारे का आयोजन

**नई टिहरी।** रामनवमी के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी आयुष अग्रवाल की पहल पर पुलिस लाइन चंबा में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को पुलिस लाइन स्थित भैरवनाथ मंदिर में श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना की गई, जिसके उपरांत सभी उपस्थितों को भंडारे में प्रसाद वितरित किया गया।इस आयोजन में पुलिस लाइन और जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी अपने परिवार सहित शामिल हुए और सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें पुलिस विभाग से जुड़े लोगों के साथ-साथ अन्य श्रद्धालु भी भक्ति भाव से उपस्थित रहे।भैरवनाथ मंदिर में आयोजित पूजा कार्यक्रम में एएसपी जेआर जोशी, सीओ टिहरी ओशिन जोशी, सीओ चंबा महेश लखेड़ा, आरआई प्रदीप कुमार समेत पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 40 कन्याओं का पूजन कर भक्तों को बांटी जौ की हरियाली

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** उफराई देवी विकास समिति के तत्वाधान में उफराई देवी मंदिर में चल रही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ संपंन हुआ। इस दौरान 40 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। अंत में सभी भक्तों को जौ की हरियाली को प्रसाद के रूप में बांटा गया। वहीं विभिन्न गांवों की महिलाओं ने कीर्तन-भजन कर यहां के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंतिम दिन डेढ़ हजार से अधिक भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर मां का आशीर्वाद लिया।

भरदार क्षेत्र के दरमोला गांव स्थित उफराई देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतिम दिन ब्राह्मणों ने गणेश पूजा, पंचाग पूजा समेत नित्य पूजाएं वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न की। जिसके बाद मां उफराई की मूर्ति को विशेष पूजा अर्चना की गई।



भरदार क्षेत्र के आठ गांवों के सहयोग से चल रहा अनुष्ठान संपंन हुआ। क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए अंतिम दिन ब्राह्मणों ने मंत्रों के साथ हवन जौ-तिल व घी की आहुतियां दी। जिन्होंने भक्तों को अपना आशीर्वाद दिया। अंतिम दिन जिला मुख्यालय स्थित हरिओम ज्वलैर्स की ओर से मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसको भक्तों ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। समिति के अध्यक्ष प्रकाश कप्रवान एवं उपाध्यक्ष विक्रम पंवार ने उफराई देवी मंदिर में चल रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निर्विघ्न संपंन होने पर सभी भक्तों का आभार जताया। कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों करने की बात कही। ताकि मंदिर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष देव. राज सिंधवाल, सचिव देव सिंह रावत, आचार्य वेदप्रकाश डिमरी, विजय प्रकाश, हरेन्द्र डिमरी, प्रकाश डिमरी, संरक्षक जसपाल पंवार, गणेश डोभाल, दान सिंह, जयपाल पंवार, मंगल सिंह, त्रिलोक सिंह, विजय सिंह, बच्चीराम नौटियाल, चरण सिंह, शूरवीर सिंह समेत बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# रामनवनी पर्व पर सिद्धपीठों में उमड़ी भक्तों की भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिले के सिद्धपीठों में चौत्र नवरात्र का पूर्णाहुति के समापन हुआ। मंदिरों में नौ दिनों तक मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना, हवन एवं आरती की गई। अंतिम दिन भी मंदिरों में भक्तों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी रही। अंत में भक्तों को जौ की हरियाली को प्रसाद के रूप में वित. रित किया गया। वहीं कई स्थानों पर नौ कन्याओं का पूजन भी किया गया। जिले के प्रसिद्ध सिद्धपीठ कालीमठ, कालशिला, मठियाणाखाल, चामुंडा देवी, हरियाली देवी समेत कई मंदिरों में चल रहे नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर मां के नवें रूप की विशेष पूजा अर्चना कर आरती की गई। जिसके बाद सभी मंदिरों में जौ-तिल का हवन एवं पूर्णाहुति कर नवरात्र का समापन किया गया। नवरात्र के प्रथम दिन बोई गई जौ की हरियाली को भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। नवरात्र के अंतिम दिन दूर-दराज क्षेत्रों से मंदिरों में भक्तों का तांता दिनभर लगा रहा।

इस दौरान भक्तों ने मां की पूजा अर्चना कर भक्तों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना भी की। जिससे भक्तों के जयकारों से मंदिरों का माहौल भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर कई स्थानों पर नौ-नौ कन्याओं को भोजन करवाकर दक्षिणा भी दी गई। इसके अलावा मंदिरों में भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया था।

# कार्तिकेय धाम में दक्षिण भारत के शिवाचार्य करेंगे विशेष पूजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल क्रौंच पर्वत पर स्थित भगवान कार्तिक स्वामी मंदिर में इस वर्ष भी विशेष धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। आगामी 12 मई को मंदिर परिसर में 108 बालमपुरी शंख पूजा और हवन का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस भक्ति और आस्था से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन विकास परिषद उत्तराखंड, जिला प्रशासन और मंदिर समिति के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम की विशेष बात यह है कि इसमें तमिलनाडु के प्रमुख मंदिरों, माईलम एथेनम, कूनमपट्टी एथेनम, कौमारा मुत्त एथेनम और श्रृंगेरी मुत्तू आदि के शिवाचार्य शामिल होंगे। सभी शिवाचार्यगण विशेष



पूजा-अर्चना, शंख पूजन और हवन अनुष्ठान संपंन कराएंगे।

कार्तिक स्वामी मंदिर उत्तर भारत का एकमात्र मंदिर है, जहां भगवान कार्तिकेय बालक रूप में विराजमान हैं। आयोजन से पहले पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने स्वयं कार्तिक स्वामी मंदिर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने मंदिर परिसर और आस-पास की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और पर्यटन विभाग के अधिकारियों तथा मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सचिव पर्यटन ने स्पष्ट किया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएं। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजन को विशेष स्वरूप में दिया जा रहा है, ताकि देशभर से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त कर सकें। सचिव सचिन कुर्वे ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और मूलभूत आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे, तहसीलदार राम किशोर ध्यानी एवं मंदिर समिति से रमेश सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।

# आस्था का महाकुंभ: छनाण गांव में मां राजराजेश्वरी गौरजा देवी के सिद्धपीठ पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

शाह टाइम्स रिपोर्ट मुकेश रावत

**थत्यूड़ ( टिहरी )।** जौनपुर ब्लॉक के छनाण गाँव स्थित प्राचीन माँ राजराज. ेश्वरी गौरजा देवी मंदिर में अष्टमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का भारी जनसमूह उमड़ पड़ा। भक्तों ने माँ के चरणों में नमन कर सुख-समृद्धि की कामना की और पूजा-अर्चना में सहभागिता कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति प्राप्त की। **आठवें नवरात्र पर विशेष पूजा-अर्चना, बला देवी थात में गूंजे जयकारे**

नवरात्र के पावन पर्व पर बला देवी थात में श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन और आरती के साथ माँ का आशीर्वाद प्राप्त किया। चारों ओर माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। देवी के प्रति गहरी श्रद्धा और आस्था देखते ही बन रही थी।

मंदिर की स्थापना: एक भक्त और देवी के चमत्कारिक मिलन की कथा इतिहास के पन्नों में दर्ज मान्यता के अनुसार, 18वीं सदी में आशा इन्द्राणी रौत वंश के एक भक्त आशा रौत की तपस्या से प्रसन्न होकर माँ राजराज. ेश्वरी गौरजा देवी वृद्धा के वेश में प्रकट हुई थीं।

देवी ने उन्हें छनाण गाँव के इस पवित्र स्थल पर मंदिर निर्माण का आदेश दिया और वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ होकर अदृश्य हो गईं। तभी से रौत वंश के लोग मंदिर के सेवक और पुजारी के रूप में जुड़े हुए हैं।

कुलदेवी के रूप में पूजित: क्षेत्र के हजारों परिवारों की आस्था का केंद्र

माँ राजराजेश्वरी गौरजा देवी केवल छनाण गाँव ही नहीं, बल्कि मुन्दणी, खेड़ा, अग्यारना, मोलधार, बिनाऊ, नैनबाग और देहरादून के मालदेवता क्षेत्र के हजारों परिवारों की कुलदेवी हैं। भक्तों का अटूट विश्वास है कि माँ के दर्शन और पूजा से समस्त मनोक. ामनाएँ पूर्ण होती हैं।

**मन्नतों का सिद्धपीठ: श्रद्धालुओं को मिलती है सुख, ऐश्वर्य और आरोग्यता की सौगात**

ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु सच्चे मन और श्रद्धा से माँ के दर्शन करते हैं, उनके जीवन में सुख, समृद्धि, धन-धान्य और आरोग्य का वास होता है। नवरात्रि पर माँ की आराधना से वातावरण में विशेष ऊर्जा और दिव्यता का संचार हुआ।

**भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने माँ के चरणों में अर्पित की अपनी आस्था**

पूरे आयोजन में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से माँ के चरणों में फूल, नारियल और चुनरी अर्पित की।

भजन-कीर्तन और सामूहिक आरती से संपूर्ण धाम गुंजायमान रहा। भक्तों ने अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि के लिए माँ के चरणों में आशीर्वाद माँगा।

# विधानसभा अध्यक्ष न विवाह समारोह में पहुंचकर वर वधू को दिया आशीर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार ।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार बालाजी मंदिर सेवक समिति द्वारा आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में पहुंचकर वर वधू को आशीर्वाद दिया । ऋतु खण्डूडी ने बताया कि बालाजी मंदिर समिति द्वारा लगातार समाज में रहकर सामाजिक कार्य किए जाते रहे है उन्होंने बताया कि रविवार को समिति द्वारा बालाजी मंदिर के प्रांगण में दो नव जोड़ो का सामुहिक विवाह किया जा रहा है और उनके द्वारा अभी तक लगभग 48 गरीब बेटियों का विवाह कर उनके जीवन को सफल बनाया गया है, यह एक अच्छी पहल है जिससे दो परिवारों का मिलन होता है साथ ही उनके जीवन को निहारने का कार्य होता है । अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने कोटद्वार कौड़ियां निवासी सुनेना संग दुधारखाल निवासी सूरज सिंह और मानपुर निवासी निर्मला संग रीठाखाल निवासी नीरज सिंह के सामूहिक विवाह में आशीर्वाद देकर उन्हें सुखद जीवन की शुभकामनाएं दी ।उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी और उनकी इस पहल के लिए उनका आभार किया । उन्होंने बताया कि समाज में यदि हम इस तरह के कार्य करते है तो कई गरीब परिवार की बेटियों को एक नया जीवन शुरू करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर संस्थापक दिनेश अलावादी, अध्यक्ष पवन जैन, सचिव कुंज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# जौनपुर ठेकेदार संघ ने भंग की पुरानी कार्यकारिणी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जौनपुर ठेकेदार संघ की ओर से नैनबाग क्षेत्र के सभी ठेकेदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को लोनिवि गेस्ट हाउस नैनबाग में आयोजित की गई, जिसमें पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए संघ की वर्तमान यूनियन व्यवस्था का एकमत से विरोध किया गया।

बैठक की अध्यक्षता बलवीर सिंह रावत ने की। बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों ने पुरानी कार्यकारिणी को अव्यवहारिक बताते हुए उसे तुरंत भंग करने की सहमति जताई और इसके साथ ही यूनियन के नाम पर बनाई गई व्यवस्था को भी पूरी तरह खत्म करने का निर्णय लिया गया। ठेकेदारों ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में सभी निविदाओं में प्रत्येक ठेकेदार स्वतंत्र रूप से टेंडर डालेगा ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि कुछ सदस्य अपने प्रभाव और निजी हितों के लिए पूरे संघ का संचालन मनमाने ढंग से कर रहे थे, जिसकी वजह से पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित हो रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे तानाशाही रवैये को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संघ को पुन: सक्रिय व लो. कतांत्रिक बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक में बलबीर सिंह रावत, गंभीर सिंह रावत, देवेंद्र सिंह पंवार, चंदन सिंह रावत, सुमन कंडारी, गीताराम बिजल्वाण, सुनील हनुमंती, लोकेंद्र उनियाल, शांति राणा, रणवीर रावत, नरेंद्र पंवार, राजेश कैंतुरा, बलबीर बिष्ट सहित कई ठेकेदार मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुटता से इस नई व्यवस्था को समर्थन दिया और पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने का संकल्प लिया।

## प्राचार्य ने गंदगी और अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कालेज श्रीनगर के प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने बेस अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड के पीछे फैली गंदगी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। शनिवार देर सांय प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने इमरजेंसी वार्ड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बेड पर एक जैसे रंग की चादरें न होने पर चिकित्सा अधीक्षक को नर्सिंग इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को स्वच्छ और एक समान वातावरण मिलना चाहिए, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बनी रहे। निरीक्षण के दौरान ओपीडी पार्किंग क्षेत्र में लंबे समय से खड़े वाहनों को भी हटाने के निर्देश दिए गए।

# श्रीनगर में बिछने वाली सीवर लाइन स्वीकृति पर अटकी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पेयजल निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई ने शासन को भेजी डीपीआर**

**श्रीनगर।** नमामि गंगे परियोजना के तहत नगर निगम श्रीनगर में प्रस्तावित सीवर लाइन बिछने का कार्य जल्द ही शुरू कि जायेगी। पेयजल निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) ने 268.29 करोड़ रुपये की लागत से सीवर लाइन बिछाने के लिए डीपीआर तैयार कर शासन को भेज दी है। उम्मीद है जल्द ही सीवर लाइन को सैद्धांतिक वित्तीय स्वीकृति मिल जायेगी। नगर निगम क्षेत्रांतर्गत श्रीकोट स्वीत पुल से लेकर उफल्डा तक 82 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन प्रस्तावित है। वर्षो 2022-23 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रीनगर में सीवर लाइन बिछाने की घोषणा कि थी। जिसके बाद पेयजल निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) ने इसकी डीपीआर बनाने की तैयार कर इसकी डीपीआर शासन स्तर को भेजी। पेयजल निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा) के अधिशासी अभियंता ई. रविंद्र सिंह ने बताया कि योजना में क्षेत्रीय भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए सीवर लाइन को निकटतम एसटीपी तक जोड़ा जाएगा। संकरी गलियों व घनी बसावट वाले इलाकों में तकनीकी चुनौतियों के समाधान हेतु को-ट्रीटमेंट प्लांट और वैकल्पिक वाहन आधारित प्रणाली का प्रस्ताव भी शामिल है। फिलहाल, श्रीकोट में 1200 वर्ग मीटर भूमि के हस्तांतरण की प्रक्रिया शासन स्तर पर चल रही है। यहां 2.5 एमएलडी की नई एसटीपी स्थापित की जाएगी, जबकि उफल्डा में 0.5 एमएलडी का निर्माण किया जायेगा। वहीं, नर्सरी रोड स्थित 3.5 एमएलडी एसटीपी में भी सुधार किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र के विस्तारित होने के बाद निगम में जुड़े अन्य क्षेत्रों को इससे वंचित रखा गया है। वर्तमान में केवल नगर निगम क्षेत्र के उन हिस्सों को सीवर लाइन से जोड़ा जा रहा है जहां 135 एलपीसीडी के मानकों के अनुरूप पेयजल उपलब्ध कराया जाता है। इनमें श्रीकोट स्थित मेडिकल कालेज के गेट से लेकर उफल्डा तक योजना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणा के बाद इस योजना को गति मिली है, जिससे स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांग जल्द ही पूरी हो सकती है।

# चिन्यालीसौड़ स्थित बड़ेथी में प्रोसेसिंग यूनिट का हुआ शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता सेमवाल

**उत्तरकाशी।**मुख्य विकास अधिकारी एस एल सेमवाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चिन्यालीसौड़ स्थित बड़ेथी में स्थानीय उत्पादों के संवर्धन को लेकर प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ किया।

जय मां कुटेटी स्वयं सहायता समूह कामदां द्वारा संचालित यूनिट में स्थानीय उत्पादों से जैम, चटनी, चिप्स, पापड़, टमाटर सोस आदि निर्मित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कि महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर केन्द्रित हो यह प्रयास निरन्तर जारी है । इस यूनिट से जहां स्वरोजगार के संसाधनों का विस्तार हो रहा है ,वहीं महिलाओं को उनके क्षेत्र में आजीविका गतिविधियों की ओर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है ।

वहीं बड़ेथी में चारधाम यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व पहाड़ी आउटलेट केन्द्रों के संचालन किये जाने को लेकर भूमि चयन का अवलोकन किया । वहीं नालूपानी में हिमउत्थान सोसाइटी के वित्तीय सहयोग से आउटलेट केन्द्र व पहाड़ी गढ़भोज रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया ।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लाक मिशन मैनेजर को निर्देशित किया कि यात्रा से पूर्व यात्रा पड़ावों पर आजी. विका गतिविधियों को बढ़ाने के लिये समय रहते सभी अवश्य व्यवस्थाएं चाक- चौबंध कर ली जायें ।

सर्व शक्ति मॉडल सीएलएफ (कलस्टर लेवल फेडरेशन) के अंन्तर्गत मरगांव के समीप 11 स्वयं सहायता समूह के साझा प्रयास से आम के बगीचे का भी मुख्य विकास अधिकारी ने जायजा लिया । बगीचे में पानी आदि आवश्यक सुविधाओं को मनरेगा योजना से सुचारू करने को लेकर समूह की महिलाओं को उन्होंने आश्वस्त किया ।

बगीचे के आस - पास खाली भूमि का उपयोग बागवानी आदि आजी. विका कार्यों के लिये किये जाने को लेकर समूहों को उन्होंने प्रोत्साहित किया ।

इस दौरान परियोजना निदेशक अजय सिंह, डीडीएम नाबार्ड गुरविंदर आहूजा, ब्लॉक मिशन मैनेजर भूपेंद्र सिंह रावत, सीएलएफ अध्यक्ष अनिता देवी आदि मौजूद रहे ।

# मतदाता जागरूकता के लिए कॉलेज में स्वीप टीम गठित

**अगरोड़ा महाविद्यालय में बना निर्वाचन साक्षरता क्लब युवाओं को प्रेरित करेगा हंसा धनाई कॉलेज का मतदान अभियान**

शाह टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। हंसा धनाई राजकीय महाविद्यालय अगरोड़ा में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं को लोकतांत्रिक अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के तहत विभिन्न नियुक्तियां की गईं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएस जौहरी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड और निदेशक उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. भरत गिरी गोसाई को महाविद्यालय का स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया, जबकि छात्रा अनीशा शाह और छात्र अक्षय लाल को कैंपस एम्बेसडर की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्राचार्य डॉ. जौहरी ने बताया कि महाविद्यालय में जल्द ही एक निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया जाएगा, जो मतदान के महत्व के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करेगा।

उन्होंने कहा कि इस क्लब के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों और आसपास के ग्रामीणों को प्रेरित कर फॉर्म-6 भरवाया जाएगा, जिससे वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि यह प्रयास न सिर्फ मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देगा, बल्कि आने वाले चुनावों में मतदान प्रतिशत में भी वृद्धि करेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को जागरूकता शपथ दिलाई गई और आगामी दिनों में होने वाले जागरूकता अभियानों की रूपरेखा भी साझा की गई। कॉलेज प्रबंधन ने सभी छात्रों से लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

## एक नजर.....

### पुलिस ने 1.5 लाख कीमत की 4.95 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ड्रग फ्री देवभूमि 2025 के विजन को साकार करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार चन्द्रमोहन सिंह व क्षेत्राधिकारी कोटद्वार निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार रमेश तनवार के नेतृत्व में कोटद्वार व सीआईयू पुलिस टीम द्वारा संयुक्त चेकिंग की जा रही थी इस दौरान पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति मो0 इमरान जो कि संदिग्ध प्रतीत हो रहा था, शक होने पर चेकिंग हेतु रोका गया। इसी दौरान चेकिंग करने पर व्यक्ति के कब्जे से 4.95 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति मो0 इमरान,निवासी- लकड़ी पड़ाव कोटद्वार को मौके पर गिरफ्तार कर बरामद माल को सील किया गया। उक्त अभियुक्त के विरूद्ध कोतवाली कोटद्वार में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### कीर्तिनगर में आरएसएस ने निकाल पथ संचलन

**श्रीनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर जाखणी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भारतीय नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 पर रविवार को पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय से रामलीला मैदान कीर्तिनगर तक बैंड के साथ पथ संचालन किया गया। इस मौके पर आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम आरएसएस के सामाजिक समरसता संयोजक सुशील कोटनाला ने कहा आज के ही दिन सृष्टि की रचना के प्रारंभ का दिवस है। आज के ही दिन भगवान विष्णु का प्रथम अवतार हुआ था। उन्होंने कहा कि इसी माह संघ के संस्थापक डॉ.केशवराव बलराम हेडगेवार का जन्मदिवस है। आज ही के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था। आज ही के दिन आर्य समाज की स्थापना हुई थी। कहा कि नववर्ष प्रारंभ से ही इसी महीने में प्राकृति में बदलाव आता है। सभी पेड़-पौधों में नई पत्तियों का विकास होता है। कहा कि संघ की विजयदशमी 2025 को अपने 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। वर्तमान समय में संघ भारतीय संस्कृति का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस अवसर पर जिला प्रचारक देवप्रयाग सुभाषि, जिला कार्यवाह महेंद्र बंगवाल, जिला सेवा प्रमुख मुकेश लखेड़ा, धर्म जागरण नरेश कोठियाल, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, पंकज उनियाल सहित आदि मौजूद थे।

### अम्बेडकर की जयंती पर भीम आर्मी निकालेगी रैली

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र में भीम आर्मी एकता मिशन की ओर से एक आम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डा. बीआर अंबेडकर की जयंती को धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। भीम आर्मी एकता मिशन के सुरेश मुख्याल ने बताया कि आयोजित बैठक में वक्ताओं ने अपने विचार रखे। साथ ही अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाने की बात कही। कहा कि 14 अप्रैल को बीआर अंबेडकर जयंती के अवसर पर अंबेडकर पार्क शनि मंदिर के पास कार्यक्रम का आयोजन होगा, इसके उपरांत शाम पांच बजे नगर क्षेत्र में रैली का आयोजन किया जायेगा। बैठक में बिहारी लाल शाह, धनेश्वर प्रसाद, रिंक, अभिषेक, राकेश, दिनेश, मौसीन, बादल, अमित आदि मौजूद रह

### कोटद्वार मालन पुल के कार्यो में लाएं गति - जिलाधिकारी पौड़ी

**कोटद्वार ।** जिलाधिकारी पौड़ी डॉ आशीष चौहान ने कोटद्वार स्थित क्षतिग्रस्त मालन पुल के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान पुल निर्माण में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने लोनिवि दुगड्डा के अधिशासी अभियंता के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्य की गति तेज की जाएं और शीघ्रता से पुल निर्माण कार्य पूर्ण किया जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की प्रत्येक प्रगति की जानकारी फोटोग्राफ सहित नियमित रूप से प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मालन पुल का कार्य शीघ्र पूर्ण होना अत्यावश्यक है, जिससे लोगों को नदी पार करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, अधिशासी अभियंता निर्भय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रीनगर में हर्षोल्लास के साथ मना भाजपा का स्थापना दिवस

**श्रीनगर।** भारतीय जनता पार्टी श्रीनगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने रविवार को भाजपा पार्टी का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने घर एवं अपने बूथों पर पार्टी का झंडा फहराया। इसके बाद भाजपा मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपाई प्रेमलाल पांडे एवं भवानी रावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि भाजपा सभी जगह जनसंघ से जुड़े वरिष्ठ भाजपाइयों का सम्मान कर रही है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में भारत आज विकसित भारत के रूप में उभर रहा है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल ने बताया कि 7 अप्रैल को प्राथमिक सदस्य सम्मेलन, 8 को विधानसभा स्तर के सक्रिय सदस्य सम्मेलन और 14 को संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट, भाजयुमों के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी, आशा उपाध्याय, संजय गुप्ता, वासुदेव कंडारी, दिनेश असवाल, प्रमिला भंडारी, जगमोहन नेगी, उषा कंडारी, हरि सिंह बिष्ट, अंजना डोभाल, मीना असवाल, पंकज सती सहित मौजूद थे।

### आदित्य इलेवन ने तीन रनों से जीता क्रिकेट प्रतियोगिता

**श्रीनगर।** शिवा अटैक अकादमी नैथाना में रविवार को अंडर 14 वर्ग की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का विराज इलेवन बनाम आदित्य इलेवन के मध्या खेला गया। आदित्य इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते आठ विकेट खोकर 155 रन का लक्ष्य दिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए विराज इलेवन ने दस विकेट खोकर 152 रन ही बना पाई। आदित्य इलेवन ने 3 रनों से मैच अपने नाम किया। आदित्य इलेवन के अभिनव प्रताप 52 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि सामाजसेवी मंगत मठियाल ने विजेता टीम को ट्राफी दे कर सम्मानित किया। बताया कि शिवा अटैक अकादमी नैथाना बच्चों के अंदर खेल की भावना पैदा करने का जो कार्य कर रहा है वह सरहानीय है। अकादमी के सीनियर कोच व संस्थापक कुलदीप कुमार ने बताया कि शिवा अटैक अकादमी की अंडर-16 टीम के खिलाडी श्रीनगर की ओर से दिल्ली में हो रही प्रतियोगिता में प्रतिभा करने गये है।

# आपदा का डटकर सामना करें जवान : आशीष

## एसडीआरएफ के टेज्नरों ने पुलिस जवानों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील और केदारनाथ धाम की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस जवानों को स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एसडीआरएफ) के प्रशिक्षकों ने आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया, जिससे आपदा के समय या केदारनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी होने पर शीघ्रता से राहत बचाव का कार्य किया जा सके।

बता दें कि रुद्रप्रयाग जिला आपदा की दृष्टि से अति संवेदनशील है। साथ ही यहां विश्व स्तर की केदारनाथ यात्रा भी संचालित होती है। ऐसे में यहां किसी भी समय आपदा जैसे हालात बन जाते हैं। आगामी दो मई को केदारनाथ धाम की यात्रा शुरू होने जा रही है। ऐसे में एसडीआरएफ के टेज्नरों ने पुलिस के जवानों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। एसडीआरएफ के एसआई आशीष डिमरी ने बताया कि एसपी अक्षय प्रहलाद कोंडे के निर्देश पर पुलिस जवानों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभी थाना ऊखीमठ व सोनप्रयाग के जवानों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया है। बताया कि केदारघाटी आपदा की दृष्टि से संवदेनशील क्षेत्र है, जबकि यहां से संचालित होने वाली केदारनाथ यात्रा भी खास महत्व रखती है। बरसाती सीजन में आपदा जैसे हालात पैदा हो जाते हैं, जबकि यात्रा के दौरान भीड़-भाड़ से भी दिक्कतें पैदा हो जाती हैं। उन्होंने थाना ऊखीमठ में पुलिस जवानों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आपदा के समय घबनाएं नहीं, बल्कि डटकर सामना करें। उन्हें जो प्रशिक्षण के दौरान सिखाया गया है, उसका प्रयोग करें। आपदा के दौरान आपातकालीन प्रतिक्रिया, खोज-बचाव, प्राथमिक चिकित्सा, सीपीआर और आपदा से जुड़े जोखिमों का सीखे हुए प्रशिक्षण से सामना करें। बताया कि आगामी दिनों में कोतवाली रुद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि व गुप्तकाशी थाने के जवानों को भी आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाना है। वहीं सोनप्रयाग थाना में एसडीआरएफ के एसआई जितेन्द्र सिंह ने जवानों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर एसओ मुकेश चौहान सहित अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

## रामवमी पर श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर किया व्रत पूर्ण

**उत्तरकाशी।** चैत्र रामवमी पर रविवार को श्रद्धालुओं ने हवन पूजन कर नवरात्र का व्रत पूर्ण किया। रामनवमी पर मंदिरों में पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार रही। लोग मंदिरों में पूजन कर भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव दिवस पर परिवार के सुख, समृद्ध की कामना किया। उत्तरकाशी के पवित्र मणिकर्णिका गंगातट पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूजन-अर्चन किया। चैत्र रामवनी पर रविवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों से लेकर घरों तक में लोगों ने हवन पूजन कर कन्या भोज कर मां दुर्गा और भगवान प्रभु श्रीराम से परिवार के सुख, शांति, समृद्धि और यश की कामना की।

# मां ऊंचा पहाड़ों मा, मेरी मठियाणा मां की प्रस्तुति पर थिरकने लगे भक्त

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रप्रयाग।** नवरात्रि पर्व की रामनवनी को जय माता मठियाणा देवी सेवा समिति की ओर से चंडीगढ़ में भव्य संकीर्तन सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। मठियाणा देवी का भरदार पट्टी में प्रसिद्ध सिद्धपीठ

- जय माता मठियाणा समिति ने किया चंडीगढ़ में भव्य सांस्कृतिक समारोह का आयोजन
- लोक गायक सौरभ मैठाणी व महिमा उनियाल के भजन-कीर्तनों ने किया भक्तों को आनंदित

मंदिर है। हर साल नवरात्रि पर्व के रामनवमी के दिन भरदार पट्टी के प्रवासियों की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रवासी लोग शामिल होकर मां के भजन-कीर्तनों में झूमते रहते हैं। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायक सौरभ मैठाणी की शानदार प्रस्तुति ने माता के भक्तों को आनंदित कर दिया।

हर साल जय माता मठियाणा देवी समिति से जुड़े भरदार पट्टी के प्रवासियों की ओर से चंडीगढ़ के गढ़वाल भवन में नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाया जाता है और रामनवमी के पर्व पर संकीर्तन सांस्कृतिक समारोह का आयोजन भी किया जाता है। रामनवमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोक गायक सौरभ मैठाणी एवं सहयोगी गायिका महिमा उनियाल, सुधांशु कुमोला व सोनिया रावत ने माता के भजन गाकर सभी भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मैठाणी के मां ऊंचा पहाड़ों मा, मेरी मठियाणा मां सहित अन्य गीतों ने भक्तों को आनंदित कर दिया, जबकि भक्त नाचने भी लगे। लोक गायिका महिमा उनियाल ने जय मां कालिंका के साथ ही सुधांशु कुमोला व सोनिया रावत ने भी कई भजनों की प्रस्तुति दी।

समारोह समिति के प्रधान कमल सिंह बागड़ी ने बताया कि हर साल नवरात्रि पर्व को चंडीगढ़ में भरदार पट्टी के प्रवासी धूमधाम से मनाते हैं, जबकि रामनवमी पर संकीर्तन समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें उत्तराखण्ड के लोक गायकों को आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भरदार पट्टी के साथ ही रुद्रप्रयाग जिले के सैकड़ों प्रवासी शामिल होते हैं और मां मठियाणा की स्तुति करते हैं। समिति के महासचिव बिरेन्द्र सिंह नेगी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी उत्तराखण्ड वासियों का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में सभी भक्तों ने भंडारा भी ग्रहण किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि राम सिंह रावत एवं गोविन्द सिंह पंवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह पंवार, सांस्कृतिक सचिव दर्शन सिंह सिंधवाल, गढ़वाल सभा के पूर्व प्रधान बिक्रम सिंह बिष्ट, पूर्व महासचिव जगदीश सिंह असवाल, सतीश जोशी, रमेश तड़ियाल, सुभाष भट्ट उपस्थित रहे।

## प्रेस क्लब टूर्नामेंट में पत्रकारों की खेल और समर्पण की भावना अद्भुत : थापर

# दून चैंपियन ने दून लायंस को 85 रनों से हराया

शाह टाइम्स संवाददाता



**देहरादून।** उत्तरांचल प्रेस क्लब अंतर क्रिकेट टूर्नामेंट के महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज में खेले जा रहे मैच के चौथे दिन दून चैंपियन ने 85 रन से मैच जीता। क्रिकेट मैच के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता व प्रदेश प्रवक्ता अभिनव थापर मौजूद थे। थापर ने क्रिकेट खेलकर मैच का शुभारंभ किया और कहा कि क्रिकेट हमें अनुशासन, धैर्य और टीम वर्क का पाठ पढ़ाता है, जो पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पत्रकारों के बीच भाईचारे को मजबूत करने का अवसर भी है। उत्तरांचल प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह कण्डारी ने मुख्य अतिथि अभिनव थापर को स्मृतिचिन्ह भेंट किया व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब महामंत्री सुरेन्द्र सिंह डसीला ने किया। कामेंट्री वीके डोभाल और राजेश पोल खोल बहुगुणा ने निभाई। अंपायर की भूमिका पंकज, मिक्की और स्कोरर की भूमिका दीपक ने निभाई।

इस अवसर पर प्रेस क्लब कार्यकारिणी के खेल संयोजक अभय सिंह कैन्तुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष अनिल चन्दोला, संयुक्त मंत्री रश्मि खत्री, संप्रेक्षक शिवेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मो. असद, संदीप बड़ोला, मनवर सिंह रावत, दीपक बड़थ्वाल, किशोर रावत, रमन जायसवाल, पंकज भट्ट आदि उपस्थित थे। क्रिकेट मैच दून चैंपियन और दून लायंस के बीच हुआ। दून चैंपियन ने टॉस जीता और बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 203 रन तीन विकेट के नुकसान पर बनाए, शिवेश शर्मा ने 93 रन और सोवन गुसाईं ने 72 रन का योगदान दिया।

नागेंद्र नेगी और संदीप बडोला ने एक-एक विकेट लिए। 203 रनों का लक्ष्य हासिल करने के लिए दून लायंस ने धीमी शुरूआत की। दून लायंस की टीम 16 ओवर में 117 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, नागेंद्र नेगी ने 31 और विकास गुसाईं ने 15 रन का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। सुनील कुमार और प्रकाश भंडारी ने तीन-तीन विकेट लिए, दून चैंपियन 85 रन से विजयी हुई।

## शहीद केसरी चंद की स्मृति में मेला तीन को

**चकराता (शाह टाइम्स)।** चकराता आजाद हिंद फौज के अमर सपूत वीर शहीद केसरी चंद की पुण्यतिथि के अवसर पर तीन मई को रामताल गार्डन में आयोजित होने वाले स्मृति मेले की तैयारियों को लेकर रविवार को शहीद स्मारक स्थल पर केसरी चंद स्मारक समिति जौनसार बावर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समिति अध्यक्ष संजीव चौहान ने बताया कि इस वर्ष का मेला विशेष रूप से ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि शहीद को श्रद्धांजलि देने और उनकी वीरगाथा से युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित इस मेले में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज तथा ओएनजीसी देहरादून की मुख्य प्रबंधक आर.एस. नारायणी को बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया जाएगा। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर संजीव चौहान ने बताया कि जिला प्रशासन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, पेयजल एवं विद्युत विभाग से समुचित प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु अनुरोध किया गया है। इसके साथ ही संस्कृति विभाग को अतिथियों के स्वागत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ज्ञापन भेजा गया है। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य डी.आर. जोशी, राजेंद्र जोशी, गंभीर चौहान, दिनेश शर्मा, खुशीराम जोशी, अनुपम तोमर, संजय तोमर, भोपाल, धनी समेत अनेक अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# चिन्यालीसौड़ के बड़ेथी में प्रोसेसिंग यूनिट का हुआ शुभारंभ



शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** मुख्य विकास अधिकारी एस एल सेमवाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चिन्यालीसौड़ स्थित बड़ेथी में स्थानीय उत्पादों के संवर्धन को लेकर प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ किया। जय मां कुटेटी स्वयं सहायता समूह कामदां द्वारा संचालित यूनिट में स्थानीय उत्पादों से जैम, चटनी, चिप्स, पापड़, टमाटर सोस आदि निर्मित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कि महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर केन्द्रित हो यह प्रयास निरन्तर जारी है। इस यूनिट से जहां स्वरोजगार के संसाधनों का विस्तार हो रहा है, वहीं महिलाओं को उनके क्षेत्र में आजीविका गतिविधियों की ओर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। वहीं बड़ेथी में चारधाम यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व पहाड़ी आउटलेट केन्द्रों के संचालन किये जाने को लेकर भूमि चयन का अवलोकन किया। वहीं नालूपानी में हिमउत्थान सोसाइटी के वित्तीय सहयोग से आउटलेट केन्द्र व पहाड़ी गढ़भोज रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लाक मिशन मैनेजर को निर्देशित किया कि यात्रा से पूर्व यात्रा पड़ावों पर आजीविका गतिविधियों को बढ़ाने के लिये समय रहते सभी अवश्य व्यवस्थाएं चाक-चौबंध कर ली जायें। सर्व शक्ति मॉडल सीएलएफ (कलस्टर लेवल फेडरेशन) के अंन्तर्गत मरगांव के

- स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा : सेमवाल

समीप 11 स्वयं सहायता समूह के साझा प्रयास से आम के बगीचे का भी मुख्य विकास अधिकारी ने जायजा लिया। बगीचे में पानी आदि आवश्यक सुविधाओं को मनरेगा योजना से सुचारू करने को लेकर समूह की महिलाओं को उन्होंने आश्वस्त किया। बगीचे के आस-पास खाली भूमि का उपयोग बागवानी आदि आजीविका कार्यों के लिये किये जाने को लेकर समूहों को उन्होंने प्रोत्साहित किया। इस दौरान परियोजना निदेशक अजय सिंह, डीडीएम नाबार्ड गुरविंदर आहूजा, ब्लॉक मिशन मैनेजर भूपेंद्र सिंह रावत, सीएलएफ अध्यक्ष अनिता देवी आदि मौजूद रहे।

# राज्यसभा सांसद डॉ. बंसल ने अपने आवास पर फहराया भाजपा का ध्वज

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स




**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के 46वें

- कहा-यह ध्वज हमेशा जनसेवा की प्रेरणा देता रहेगा

स्थापना दिवस के पावन अवसर पर अपने देहरादून स्थित निवास स्थान पर भाजपा का ध्वज फहराया। डा. नरेश बंसल ने कहा कि उन्हे ध्वज फहराकर गर्व की अनुभूति हुई है व उन्हे भाजपा कार्यकर्ता होने पर गर्व है। ये ध्वज हमेशा जनसेवा की प्रेरणा देता रहेगा।इस दौरान डा. नरेश बंसल ने संगठन की गौरवशाली यात्रा को स्मरण करते हुए राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के संकल्प को दोहराया।इसके बाद डा. नरेश बंसल भाजपा उत्तराखंड प्रदेश मुख्यालय पहुंचे व वहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट व अन्य पार्टी पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओ संग ध्वजारोहण कर उपस्थित सभा को संबोधित किया व वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का अभिनंदन व सम्मान किया। डा. नरेश बंसल ने कहा कि यह सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों कार्यकताओं की निष्ठा, सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है।उन्होंने इस गौरवपूर्ण अवसर पर भाजपा के हर समर्पित कार्यकर्ता को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं दी और अभिनंदन किया। डा. नरेश बंसल ने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व व मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की प्रेरणा से गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार कर रही है, तब हमें गर्व है कि हम इस परिवर्तन के युग के सहभागी हैं।भाजपा सिर्फ एक पार्टी नहीं, एक विचार है– जो अंत्योदय के मूल मंत्र से हर अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने के लिए कृतसंकल्प है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि मेरा सभी कार्यकताओं से आह्वान है कि अपने घर पर भाजपा के ध्वज को फहराएं।यह भाजपा के उन सभी महान विभूतियों को श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम, संघर्ष और त्याग से पार्टी को इस ऊंचाई तक पहुंचाया है।

# कृष्ण-सुदामा मित्रता प्रसंग सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता

शाह टाइम्स संवाददाता



**उत्तरकाशी।** कुटेटी देवी मंदिर परिसर में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को हवन पूणार्हुति एवं भंडारे के साथ समापन हो गया। इससे पूर्व कथाव्यास शिवेंदर भट्ट ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा में श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर श्रोता भावुक हो गए। शिवेंदर भट्ट ने कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे।

बता दें कि ललित मोहन नौटियाल के द्वारा अपने अपने ससुर एवं सास माता स्व० शम्भू प्रसाद चमोली एवं स्व० श्रीमती त्वां देवी पुण्य स्मृति श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान पंडित ललित मोहन नौटियाल, आचार्य शुभम बडोनी, आचार्य रावेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे है।

## विश्व का नंबर 1 सहकारी समिति इफको

**देहरादून।** इफको ने लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 की घोषणा और 26 मार्च 2025 को निचले सदन द्वारा इसके अनुमोदन का स्वागत किया है। विधेयक की घोषणा करते हुए सहकारिता और गृह मामलों के मंत्री अमित शाह ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद, आज देश को अपना पहला सहकारी विश्वविद्यालय मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, स्वरोजगार और छोटे उद्यमिता के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करेगा, सामाजिक समावेशन को बढ़ाएगा और नवाचार व अनुसंधान में नए मानक स्थापित करने के अवसरों को बढ़ाएगा।

# चर्च में पादरी की नियुक्ति को लेकर हुआ बवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजपुर रोड स्थित मॉरिसन मेमोरियल चर्च में पादरी कि नियुक्ति को लेकर रविवार को हंगामा

- विवादित पादरी की नियुक्ति पर लोगों ने उठाए सवाल
- डीन व नव नियुक्त पादरी ने सभी आरोपों को बताया निराधार




हो गया। यहां पहले से कार्य कर रहे फादर निर्मल थॉमस का तबादला करने के खिलाफ लोगों ने विरोध जताया। कहा कि जिसको पादरी बना कर भेजा गया हैं, उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, वही देहरादून के डीन व पादरी ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। हंगामे के चलते चर्च के बाहर सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। काफी देर हंगामा होने के बाद नव नियुक्त पादरी वापस चले गये, पूर्व से कार्य कर रहे पादरी निर्मल जैकप ने ही प्रार्थना कराई। मॉरिसन मेमोरियल चर्च की एमपावर कमेटी के चेयरमैन संजय वाशिंगटन ने बताया कि आगरा से बिशप ने यहां तैनात निर्मल जैकप कर तबादला कर दिया, और जिसे पादरी बना कर भेजा गया है, उस पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज है। उनका कहना था कि सेंट थामस चर्च में हुई अनियमित्ता का मामला उठाया था, जिस कारण उनका तबादला किया गया। कुछ लोग मॉरिसन मेमोरियल चर्च की जमीन को खुर्द-बुर्द करना चाहते है इस लिये यह तबादला किया जा रहा है। वहीं देहरादून के डीन एसपी लाल ने कहा कि हमे आगरा से बिश्प ने नियुक्त कर भेजा है, जो भी आरोप लगाए गये है, सब निराधार है। इस मौके पर विजय, आशीष, जोजफ सिंह व रूपाली सहित बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## केंद्र और उत्तर प्रदेश कौशल विकास को देंगे और मजबूती

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** कौशल विकास पहलों को गति देने के लिए एक बड़े कदम के रूप में, माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के साथ कौशल भवन, नई दिल्ली में मुलाकात की। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस उच्च स्तरीय बैठक में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम, पीएम विश्वकर्मा तथा स्वावलंबिनी महिला उद्यमिता कार्यक्रम सहित प्रमुख कौशल कार्यक्रमों के निर्बाध क्रियान्वयन के लिए केंद्र-राज्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कौशल विकास में राज्य की उपलब्धियों का अवलोकन प्रस्तुत किया और उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला, जहां केंद्र से अतिरिक्त सहायता अधिक प्रभाव डाल सकती है। उत्तर प्रदेश ने आज तक पीएमकेवीवाई के तहत 24.73 लाख से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया है।

# आवारा कुत्तों की सुरक्षा के लिए चलाया गया अभियान



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सेलाकुई निगम रोड स्थित दून बिजनेस स्कूल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित ब्रांड ऐड कार्यक्रम के अंतर्गत मास कम्युनिकेशन विभाग की टीम स्टीपली ने सोशल वेलफेयर क्लब और मदर अर्थ ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से एक सराहनीय सीएसआर गतिविधि का आयोजन किया। इस अभियान के तहत टीम ने हरिपुर, खेरी और निगम रोड कैंप रोड क्षेत्र में जाकर आवारा कुत्तों के गले में रेडियम कॉलर पहनाए ताकि रात के समय सड़क दुर्घटनाओं से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, कुत्तों को पौष्टिक डॉग फूड भी वितरित किया गया, जिससे उनके स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिले। टीम के सदस्यों का मानना है कि छोटे-छोटे कदम मिलकर बड़े बदलाव की ओर ले जाते हैं और समाज को पशुओं के प्रति संवेदनशील बनाना समय की आवश्यकता है।

इस कार्य में टीम स्टीपली के सदस्य प्रतीक मिश्रा, पल्लवी शाही, अविशा सिन्हा रॉय, पल्लव त्रिगुणायत, कार्तिकेय तथा सोशल वेलफेयर क्लब के सदस्य शुभम तिवारी और रिया राणा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भारत की पहली एआई पर्सनल असिस्टेंट कार एमजी एस्टर अब बन गई 'द ब्लॉकबस्टर एसयूवी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी एस्टर के एमवाई 2025 एडिशन को 'द ब्लॉकबस्टर एसयूवी' के रूप में पेश करने की घोषणा की है। यह बदलाव ब्रांड की ग्राहकों के लिए एक ऑटो-टेक मास्टरपीस लाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिसमें दमदार परफॉर्मेंस, स्टाइल, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का जबरदस्त मेल है।एमवाई 2025 एडिशन के साथ, एस्टर ह्यब्लॉकबस्टर एसयूवीह्न नई तकनीकों को अपनाने में आगे रहने वाले ग्राहकों के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई है। एमजी एस्टर अब अपनी सेगमेंट की इकलौती एसयूवी है, जो अपने नए शाइन वेरिएंट के साथ 12.5 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ पेश करती है।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के डायरेक्टर (सेल्स एंड ऑपरेशन्स) राकेश सेन ने इस मौके पर कहा, एमजी एस्टर एक नया और दमदार अंदाज लेकर आई है, जो उन लोगों के लिए परफेक्ट एसयूवी है, जो नई चीजें अपनाने में आगे रहते हैं। यह कार उन लोगों के लिए है, जो प्रैक्टिकैलिटी से ज्यादा, एक शानदार ड्राइविंग अनुभव और स्टाइल की चाह रखते हैं।

# बदलते मौसम के लिए आयुर्वेद पर आधारित हफ्ते भर का डाइट प्लान : डॉ मधुमिता कृष्णन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जब सर्दी का मौसम खत्म होता है और गर्मियां शुरू होती हैं, तो आयुर्वेद के हिसाब से हमें इस संधि कला (स्प्रिंग) के दौरान अपने खान-पान का खास ध्यान रखना चाहिए। इस समय हमारे शरीर के तीन दोष (वात, पित्त और कफ) बिगड़ जाते हैं, जिससे हम बीमार पड़ सकते हैं।

गर्म और सूखा मौसम वात को बढ़ाता है, जिससे शरीर में सूखापन, बेचौनी और सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। वहीं, तापमान के बदलने से हमारा पाचन भी कमजोर हो जाता है, जिससे शरीर में जहरीले पदार्थ जमा होने लगते हैं और हमारी इम्युनिटी कम हो जाती है। इस चरण के दौरान अपनी सेहत को दुरुस्त बनाए रखने के लिए, हमें गर्म, अच्छी तरह से पके हुए भोजन के साथ शरीर को पोषण देना आवश्यक है।

एक आयुर्वेद विशेषज्ञ के रूप में, मैं दैनिक आहार में घर का बना घी, वेजीटेबल सूप, मौसमी साग-सब्जियां और मुट्ठी भर बादाम जो प्राकृतिक प्रोटीन का बढ़िया स्रोत है, को शामिल करने की सलाह देती हूं। इस मौसम में सुबह ठंडी और दोपहर गर्म होने की वजह से, हमारी खाने की आदतें बदल जाती हैं। ठंडे दिनों में हमें तला-भुना और भारी खाना खाने का मन करता है, जबकि गर्मी बढ़ने पर हम ठंडे पेय और आइसक्रीम खाना चाहते हैं। लेकिन, अगर हम ऐसा असंतुलित खाना खाते हैं, तो हमारा पाचन तंत्र खराब हो सकता है, जिससे पेट फूलना (ब्लोटिंग), थकान और मौसमी बीमारियाँ हो सकती हैं। एक अच्छी तरह से बनाई गई 7 दिन की आयुर्वेदिक डाइट आपको मौसम बदलने के समय होने वाली बीमारियों से बचा सकती है और आपको पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना खाने में मदद करेगी। हम आपके लिए एक आसान और असरदार डाइट प्लान लेकर आए हैं। ध्यान रखें कि हर किसी का शरीर अलग होता है, इसलिए आप अपनी जरूरत के हिसाब से खाने की मात्रा और चीजें बदल सकते हैं।

# सहाकारिता से जुड़ी महिला शक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर ऋषिकुल ऑडिटोरियम में महिला सशक्तिकरण सहकारिता से विषय पर आधारित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत रहे एवं विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम हरिद्वार किरन जैसल, भाजपा जिलाध्यक्ष, भारतीय अशुतोश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल आदि उपस्थिति रहें।

इस अवसर पर सहकारिता विभाग के संयुक्त निबंधक (मुख्यालय) एम०पी० त्रिपाठी, सहायक निबन्धक (मुख्यालय) राजेश चौहान, जिला सहायक निबंधक (हरिद्वार) पुष्कर सिंह पोखरिया, एवं जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, हरिद्वार की सचिव एवं महाप्रबंधक सुश्री वंदना लखेडा सहित बैंक एवं विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही सहकारिता से जुड़ी महिला शक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला सहकारी बैंक में कार्यरत 20 महिला अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग तथा जिले की समस्त सहकारी समितियों में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके योगदान को सराहा गया। विभाग में कार्यरत महिलाओं एवं मत्स्य विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती गरिमा मिश्रा को भी उनके कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक हरिद्वार के माध्यम से 6 स्वयं सहायता समूहों को 5,00,000 तक के ऋण वितरण के चेक प्रदान किए गए। साथ ही, मशरूम उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु महिला कृषकों को भी ऋण सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से माननीय मत्री द्वारा यह लक्ष्य निधरित किया गया कि जनपद हरिद्वार में 50,000 महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में सशक्त किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही जनपद की सभी 308 ग्राम पंचायतों में एक-एक बहुउददेश्यी सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। इन समितियों के माध्यम से पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, जन औषधि केंद्र, जन सुविधा केंद्र इत्यादि सहकारिता विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का लाभ सीधे ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण एवं समग्र ग्रामीण विकास की दिशा में सहकारिता विभाग द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों का एक प्रेरणादायक उदाहरण सिद्ध होगा।

# भाजपा ने मनाया पार्टी स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 46वां स्थापन दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय को विशेष रूप से सजाया गया। जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कार्यालय पर पार्टी ध्वज फहराया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा हुए जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि 1951 में जनसंघ और 1980 से भारतीय जनता पार्टी के रूप में अपनी श्रेष्ठ यात्रा करते हुए आज विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में एक वटवृक्ष बन चुका है। जिसकी 16 करोड़ से ज्यादा लताएं देशभर को विकास की ओर ले जाने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद से और प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जिस प्रकार उत्तराखंड चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है। आज जिस प्रकार से पूरे देश में आम व्यक्ति को लेकर योजनाओं का क्रियान्वयन केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है यह पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। भाजपा आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के सर्वाधिक भूभाग पर सरकार बनाकर समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के लिए कार्य करने वाला दल है। इसी कारण आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता की पहचान समाज एवं परिवार के संरक्षक के रूप में होती है। अब वह दिन दूर नहीं जब अखंड भारत का सपना सच्चाई बनकर सामने आएगा। इस दिन को लाने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी, डा. मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे जैसे अनेकों महापुरुषों ने त्याग और बलिदान का उदाहरण प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, आशु चौधरी, लव शर्मा, सुनील सैनी नितिन शुक्ला, मोहित वर्मा, नकलीराम सैनी, मनोज शर्मा, रजनी वर्मा, नितिन चौहान, प्रीति गुप्ता, रेनू शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, यादराम वालिया, धर्मेंद्र चौहान, नवजोत वालिया, सचिन शर्मा, नागेंद्र राणा, मनोज परालिया, मनोज चौहान, देवकीनंदन पुरोहित, विपिन शर्मा, पंकज चौहान, सूबे सिंह, वीरेंद्र अवस्थी, संदीप मेहता, अनुज त्यागी, शांतनु शर्मा, मोनू चौहान, राजकुमार सैनी, राहुल चौहान, विनोद सैनी आदि उपस्थित रहे।

# भेल में कॉपर की प्लेट के साथ कर्मचारी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भेल की सीआईएसएफ सुरक्षा टीम ने एक कर्मचारी को चौकिंग के दौरान स्कूटी की डिग्गी में कॉपर की प्लेंटे डालकर ले जाते हुए पकड़ लिया है। अरोपी की पहचना अजय कुमार निवासी मौहल्ला कड़च्छ ज्वालापुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है और न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को हीप मेन गेट पर सीआईएसएफ के हेड कांस्टेबल मदन घोष ड्यूटी पर थे। उन्होंने बाहर निकल रहे कर्मचारी अजय कुमार की स्कूटी को चेकिंग के लिए रोका गया। चौकिंग के दौरान स्कूटी डिग्गी में 5 किलो 360 ग्राम के चार पीस कॉपर की प्लेंटे मिली। उक्त मामले की जानकारी वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन विनीत वशिष्ठ व अभियंता मनीष कुमार सिंह को दी गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर चोरी के माल और आरोपी कर्मचारी अजय कुमार को रानीपुर कोतवाली ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# नगर विधायक ने होम्योपैथिक क्लीनिक का किया उद्घाटन

## जटिल रोगों के उपचार में सहायक है होम्यापैथी : डा. अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** तहसील रोड़ पर खुले सिंघल होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन नगर विधायक मदन कौशिक, ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर, म.मं. आनन्द स्वरूप एवं महामंडलेश्वर दर्शन भारती ने किया। विधायक मदन कौशिक व विधायक रवि बहादुर ने कहा कि लंदन से डिग्री प्राप्त करने के बाद डा. सक्षम अग्रवाल ने रोगियों की सेवा करने का संकल्प लिया है। निश्चित रूप से उन्हें सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आयुष, एलोपैथी के साथ होम्योपैथी की रोगों के उपचार में स्वीकार्यकता बढ़ी है। सरकार द्वारा भी होम्योपैथी व आयुष को महत्व दिया जा रहा है। महमंडलेश्वर आनन्द स्वरूप एवं महामंडलेश्वर दर्शन भारती ने कहा कि समय के साथ सिद्ध हो गया है कि प्राचीन भारतीय उपचार पद्धतियां सभी रोगों के उपचार में सहायक हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सक की रोगीयों की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका है। डा.सक्षम अग्रवाल ने कहा कि सर्जरी को छोड़कर होम्योपैथी सभी बीमारियों के उपचार में सहायक है। बीपी, शुगर, किड़नी रोग, डिप्रेशन जैसे



रोगों के अलावा मौसमी बीमारियों को होम्योपैथी से आसानी से ठीक किया जा सकता है। डा.सक्षम अग्रवाल ने कहा कि होम्योपैथी पद्धति से जटिल से जटिल रोगों का निदान संभव है। उन्होंने लोगों से होम्योपैथी को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि धर्मनगरी के लोगों की सेवा ही उनका लक्ष्य है। विकास अग्रवाल ने कहा कि डा.सक्षम अग्रवाल अपने अनुभव से धर्मनगरी के लोगों को बेहतर उपचार प्रदान करने में योगदान करेंगे।

# रेलवे स्टेशन पर अश्लील इशारे करती दो महिला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने हरिद्वार रेलेव स्टेशन पर यात्रियों को अश्लील इशारे करती दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ संबंधि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टेशन, रेलवे गेट के आसपास कुछ महिलाओं द्वारा यात्रियों को अश्लील इशारे कर देहव्यापार को बढ़ावा देने संबंधी सूचनाओं पर संज्ञान लेते हुए एसएसपी के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने दो महिलाओ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को कार्यवाही करते हुए रेलवे गेट न. 5 के पास से 2 महिलाओं को अश्लील इशारे करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई दोनों महिलाएं भीमगौडा गौसाई गली, खडखड़ी, हरिद्वार व बस अड्डे के पीछे, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश हाल पता रोडवेज बस अड्डा, कोतवाली नगर हरिद्वार बतायी गई हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# भगवान रविदास के विचार वर्तमान परिस्थितियों में बेहद प्रासंगिक : कर्णवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** गुरू रविदास साधु सम्प्रदाय सोसायटी के तत्वावधान में श्री भगवान रविदास आश्रम में संस्था के अध्यक्ष संत निर्मल दास महाराज के संयोजन में भव्य दमड़ी शोभायात्रा एवं वाषिर्कोत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। निर्मला छावनी स्थित रेलवे बेंकट हॉल में श्री भगवान रविदास आश्रम के वार्षिकोत्सव को सम्बोधित करते हुए समाज कल्याण योजनाएं एवं अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने कहा कि भगवान रविदास के विचार वर्तमान परिस्थितियों में बेहद प्रासंगिक है। अपनी वाणी व कर्म के माध्यम से उन्होंने सदैव सौहार्द, समन्वय, सामाजिक एकता व कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया। आज समूची दुनियां धर्म व वर्ग के संघर्ष में फंसी हुई है। ऐसे में देश-दुनिया में शांति व आपसी भाईचारा कायम रखने में सद्गुरू भगवान रविदास के विचार अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गुरू रविदास साधु सम्प्रदाय सोसायटी के अध्यक्ष संत निर्मल दास ने कहा कि संस्था द्वारा जटवाड़ा पुल पर बनाया गया विशाल



द्वार तीर्थनगरी व भगवान रविदास के सभी सेवक, संगत की शान हैं। संस्था द्वारा निरन्तर रविदास पंथ के अनुयायियों को एकजुट कर समाजहित के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। जिसके तहत हरिद्वार स्थित आश्रम का आधुनिकीकरण व नये भवन का निर्माण सभी सेवकों के सहयोग से संभव हुआ है। उत्तराखण्ड पुलिस के आईजी राजीव स्वरूप ने कहा कि भगवान रविदास ने समाज में जाति प्रथा व ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने हेतु कर्म की प्रधानता पर बल दिया। बेहतर कर्म व शिक्षा के माध्यम से समाज के कमजोर, दलित व पिछड़े वर्ग भी सशक्त बन सकते हैं। संत इन्दर दास, संत परमजीत दास, संत श्रवण दास, बहन संतोष, सन्त रमेश दास, संत बलवंत सिंह, भाजपा नेता अनिरूद्ध भाटी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन बहन संतोष ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद सचिन डबराल, राघव ठाकुर समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभर से आये हजारों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया।

# माताश्री राजराजेश्वरी देवी की जयंती पर मेडिकल कैंप आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री प्रेम नगर आश्रम के अधिष्ठाता सतपाल महाराज की प्रेरणा से माता श्री राज राजेश्वरी देवी की जयंती के उपलक्ष में रविवार को एक स्वास्थ्य जागरूकता का एक कैंप लगाया गया। कैंप में सैकड़ो महिला, पुरुषों की खून जांच और ई सी जी किए गए। कैंप का शुभारंभ स्थानीय पार्षद मोनिका सैनी भाजपा के वरिष्ठ नेता सचिन बेनीवाल, संत महात्माओं के करकमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आश्रम प्रबंधक पवन कुमार की देखरेख में कैम्प सम्पन्न हुआ। मानव उत्थान सेवा समिति के सयोंजन में आज प्रेमनगर स्थित हंसदीप भवन में माताश्री राजराजेश्वरी देवी की जयंती के अवसर पर इस वर्ष भी विभिन्न प्रकार के धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कैम्प के शुभारम्भ में एकत्रित भक्तो को सम्बोधित करते हुए महात्मा भजनानंद महाराज ने कहा माताश्री बाल्यकाल से विलक्षण और दिव्य शक्ति की प्रतिमूर्ति थी। उनका जीवन ज्ञान, धार्मिक, अध्यात्म प्रचार और मानव कल्याण को समर्पित था।उन्होंने हमेशा प्रेम,शांति एकता और सदभाव का वातावरण बनाया। गरीब, असहाय और जरूरत मंद लोगों की सेवा करना ही उनका धर्म था इसलिए हमें उनके जीवन, आदर्श, विचार को समझते हुए उनका अपने जीवन में अनुसरण करें। मंगलमय सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा माताश्री उद्देश्य था एक आत्मा, एक राष्ट्र, एक ध्वज, आपस में भेदभाव न हो सब मिलजुल कर रहे ऐसा वातावरण हमें बनाना होगा। कार्यक्रमों की श्रखला में आज सतसंग, भंडारा और स्वास्थ्य जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में लगभग 140 महिला, पुरुषों की विभिन्न प्रकार की खून जाँच और ई सी जी किए गए। विदित हो मानव उत्थान सेवा समिति 6अप्रैल को माताश्री के जन्मदिन के रूप में मनाती हैं। इस दिन समाज में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर हेमेंद्र सिंह, शंकर लाल शर्मा, डॉ महेंद्र कुमार, गणेश के अलावा अन्य भक्तगण मौजूद थे।

# भगवान राम के आदर्शों, शिक्षाओं को याद दिलाता है रामनवमी : भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में भगवान राम की पूजा अर्चना की जा रही है। भक्तों के लिए जगह -जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में ऑक्टॉल होटल ग्रैंड शिवा के प्रबंधक अमित भारद्वाज की ओर से होटल परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण कर रामनाम का गुणगान किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं होटल व्यवसाई अमित भारद्वाज ने कहा कि भगवान राम करोड़ों हिंदूओं की आस्था का केंद्र है। इसीलिए हिंदू धर्म में रामनवमी एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो भगवान राम के आदर्शों और शिक्षाओं को याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि रामनवमी भगवान राम के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है, जो चैत्र



माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आती है, और इस दिन भगवान राम के जन्म की खुशी में भक्त विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। अमित भारद्वाज ने कहा कि रामायण में भगवान राम के जीवन और आदर्शों का वर्णन है, जो लोगों को सत्य, नैतिकता और भक्ति का जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। अयोध्या ही नहीं पूरे विश्व में भगवान राम का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। भगवान राम के जैसा पुत्र ,भाई, मित्र और विधाता दूसरा नहीं है। रामनवमी का दिन सभी सनातनियों के लिए विशेष है। इसी को ध्यान में रखते हुए होटल के कर्मचारियों के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद का आनंद लिया।

# मां दुर्गा की शक्ति संसार में अपरंपार : चेतना माता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चैत्र नवरात्र की नवमी पर ब्रह्मलीन पायलट बाबा की शिष्या म.मं. साध्वी चेतना माता एवं म.मं. साध्वी श्रद्धा माता ने 151 कन्याओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जगजीतपुर स्थित पायलट बाबा आश्रम में कन्या पूजन के दौरान साध्वी चेतना माता एवं साध्वी श्रद्धा माता ने कहा कि मां शेरावाली की शक्ति संसार में



अपरंपार है। जिस भक्त पर मां की कृपा हो जाती है। उसका जीवन भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि नवरात्रों में सभी को शक्ति की प्रतीक मां दुर्गा की आराधना और साधना अवश्य करनी चाहिए। साधना की पूर्णाहूति पर देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन करना चाहिए। कन्या पूजन करने से देवी दुर्गा अत्यन्त प्रसन्न होती हैं और भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करती हैं। जिससे जीवन की सभी कठिनाईयां दूर हो जाती हैं। सुख, समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है। पायलट बाबा आश्रम के प्रबंधक दुष्यंत चौहान ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए साध्वी चेतना माता एवं साध्वी श्रद्धा माता की नवरात्र साधना और अनुष्ठान आज संपन्न हो गया। इस अवसर पर अनिल कुमार, जय कुमार सहित देश विदेश से आए ब्रह्मलीन पायलट बाबा के कई भक्तजन मौजूद रहे।

# शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर ने एसपी सिटी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** शहर व्यापार मंडल ज्वालापुर के अध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं महामंत्री विक्की तनेजा ने एसपी सिटी को ज्ञापन देकर ज्वालापुर बाजार क्षेत्र में ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट प्लान निर्धारित करने, बाजार एवं सरकारी कार्यालय परिसरों में सुचारु पार्किंग व्यवस्था तथा शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि ज्वालापुर के बाजारों में ई-रिक्शा संचालन के लिए कोई स्पष्ट रूट प्लान निर्धारित नहीं है। जिससे हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे न केवल व्यापार प्रभावित होता है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में भी परेशानी उत्पन्न होती है। बाजारों एवं प्रमुख सरकारी कार्यालयों तहसील, सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय आदि में पार्किंग की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। पार्किंग नहीं होने की वजह से मजबूरी में वाहनों को सड़क पर खड़ा करना पड़ता है। कई बार प्रशासन द्वारा चालान की कार्यवाही भी कर दी जाती है। इसे दूर करने के लिए सभी कार्यालय परिसरों में पार्किंग की व्यवस्था जाए।

# एआई के युग में नैतिकता की भी जरूरत : डा. पंड्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा आस्था एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए स्थापित आयोग के एशिया क्षेत्र के आयुक्त डा.चिन्मय पंड्या ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनुरूप ही समाज का समग्र विकास करना है। आज एआई के बढ़ते प्रयोग से समाज की संरचना में बदलाव दिखाई दे रहा है, मानवीय मूल्यों पर इसका संतुलित रूप से असर हों, इस हेतु सभी को जागरूक होना होगा। जिससे भावी पीढ़ी को नकारात्मक प्रभाव से बचाया जा सके। देसंविवि के प्रतिकुलपति डा. पण्ड्या दीनदयाल शोध संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित बारहवें नानाजी स्मृति व्याख्यान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सामाजिक प्रभाव विषय पर संबोधित कर रहे थे। इस व्याख्यानमाला का उद्देश्य समाज के समक्ष मौजूदा समसामयिक चुनौतियों पर चर्चा करना और उनके समाधान की दिशा में विचार-विमर्श करना है। डा.पण्डया ने कहा कि वर्तमान में एआई केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं है। बल्कि यह शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग और सुरक्षा सहित अनेक क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहा है। हालांकि, इसके साथ ही नैतिकता, गोपनीयता, डेटा सुरक्षा तथा रोजगार पर इसके प्रभाव को लेकर कई चिंताएँ भी सामने आ रही हैं। हमें इस पर अभी से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। डा.पंड्या ने आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा के वैज्ञानिक अध्यात्मवाद पर चर्चा करते हुए कहा कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय वैज्ञानिक अध्यात्मवाद और आधुनिक तकनीक के समन्वय से एक नए युग का नैतिक नेतृत्व कर रहा है। इस दिशा में देसंविवि में स्थापित कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुसंधान केंद्र एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एआई के नैतिक और मानवीय उपयोग पर शोध कर रहा है। नानाजी देशमुख की स्मृति में आयोजित इस व्याख्यानमाला में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी महानिदेशक, रिसर्च एंड इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर डेवलपिंग कंट्रीज (आरआईएस) सहित देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, नीति-निर्माता एवं तकनीकी विशेषज्ञों ने भी एआई पर अपने विचार रखे।

# देश विदेश के साधकों ने इदं न मम के भाव से की नवरात्र साधना की पूर्णाहुति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नवरात्र साधना के अंतिम दिन देश विदेश से आये साधकों सहित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज व देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में साधकों ने इदं न मम के भाव से गायत्री अनुष्ठान की पूर्णाहुति की। महिला मण्डल ने हवन के बाद कन्या भोज के साथ नवरात्र साधना का समापन किया। इस अवसर पर शांतिकुंज



परिसर में महिलाओं ने 27 कुण्डीय तथा देसंविवि परिसर में छात्रों ने 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न कराया। जिसमें साधकों ने कई पारियों में हवन कर प्राप्त ऊर्जा को जनहित में लगाने का संकल्प लिया। वहीं शांतिकुंज परिवार ने रामजन्म महोत्सव पर भव्य रैली निकाली। जिसे महिला मण्डल की प्रमुख शैफाली पण्ड्या एवं व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शांतिकुंज के मुख्य सत्संग हॉल में आयोजित साधकों को संबोधित करते हुए शांतिकुंज के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता ने साधना से प्राप्त ऊर्जा को समाज के हित में लगाने का आवाहन किया। इस अवसर नवरात्र अनुष्ठान में आये साधकों ने गायत्री परिवार द्वारा संचालित हो रहे विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों को गति देने का संकल्प लिया। रामनवमी के अवसर पर शांतिकुंज के आचार्यों के संचालन में पुंसवन, नामकरण, मुण्डन, जनेऊ, गुरुदीक्षा आदि संस्कार आदि भी नि:शुल्क सम्पन्न कराये गये।

# ज्ञान, वैराग्य, बुद्धि के प्रदाता है हनुमान : स्वामी संतोषानंद

## श्री अवधूत मंडल आश्रम में 12 को धूमधाम से मनाया जाएगा, ईष्टदेव भगवान श्री हनुमान प्राकट्योत्सव समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर डा. स्वामी संतोषानंद देव ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के सेवक, कार्य साधक भगवान हनुमान की महिमा अपरंपार है। उनके स्मरण मात्र से ही भूत-प्रेत, पिशाच तथा अनिष्टकारी शक्तियां दूर भाग जाती हैं। हनुमान, ज्ञान, वैराग्य, बुद्धि के प्रदाता की साधना के अनेक रूप प्रचलित हैं। अपने भक्त की प्रार्थना सुनकर महावीर तत्काल सभी का कष्ट हर लेते हैं। डा. स्वामी संतोषानंद देव ने बताया वर्षो की भांति इस वर्ष भी शनिवार, 12 अप्रैल को देवभूमि उत्तराखंड की पावन नगरी कुंभनगरी हरिद्वार में स्थापित श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर में ईष्टदेव, अष्ट सिद्धि, नौ निधिके दाता भगवान श्री हनुमान का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से सहित अन्य गणमान्य राजनेता,




अधिकारी, महामंडलेश्वर संत महंत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन सपरिवार शामिल होने जा रहें हैं। वहीं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है और उनके भी आने की संभावना है। स्वामी संतोषानंद देव ने कहा कि हनुमान प्राकट्योत्सव पर पर हनुमान जी की कृपा से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुण्य कार्यों में सहयोग करने वाले लोगों पर हनुमान जी महाराज की कृपा बरसती है। सभी मनोकामनाएं भगवान श्री हनुमान जी सिद्ध एवं पूर्ण करें। ऐसी कामना करते हैं।

**सूचना संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र शहनवाज व उसकी पत्नी तबस्सुम को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। अब्दुल पुत्र स्व. बरकत, निवासी रावली महदूद, थाना सिडकुल जिला हरिद्वार।

# प्रमुख अभियंता ने सहिया क्षेत्र का किया दौरा

## गौशाला मार्ग और सड़क सुधार की उठी मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** लोक निर्माण विभाग देहरादून के प्रमुख अभियंता राजेश चंद्र शर्मा ने सहिया क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कालसी-चकराता मोटर मार्ग पर जजरेड के समीप भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने चेईथा बैंड-लोरली-अष्टाड

- चेईथा बैंड-अष्टाड मार्ग की खस्ता हालत से ग्रामीणों ने कराया रूबरू

मोटर मार्ग की जमीनी स्थिति का भी जायजा लिया। दौरे के दौरान गौ संरक्षण सेवा समिति के सदस्यों ने प्रमुख अभियंता को गौशाला को जोड़ने वाली संकीर्ण और जर्जर सड़क की समस्या से अवगत कराया। समिति की ओर से एक मांग पत्र सौंपते हुए कालसी-चकराता मोटर मार्ग से गौशाला संपर्क मार्ग तक सुरक्षा दीवार निर्माण, खड्ड में काजवे निर्माण और समुचित मरम्मत की मांग की गई। इसके पश्चात प्रमुख अभियंता ने चेईथा बैंड-लोरली-अष्टाड मोटर मार्ग का निरीक्षण किया।

इस दौरान पूर्व आईपीएस अधिकारी जगतराम जोशी ने उन्हें मार्ग की बदहाल स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर लोनिवि साहिया की अधिशासी अभियंता रचना थपलियाल, सहायक अभियंता मुकेश कुमार, गौ सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश चौहान, पूर्व प्रधान मोहनलाल शर्मा, बलबीर राठौर, मुकेश तोमर, केशर सिंह तोमर, कुंदन सिंह चौहान, प्रीतम चौहान, मनोज राठौर, संजय शर्मा, संतन सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# कबड्डी के फाईनल मुकाबलें में ब्राईट एंजल ने मारी बाजी



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** ब्राईट एंजल स्कूल जीवनगढ़ में अन्तर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में कबड्डी के साथ अन्य प्रतियोगिताएं संपन्न हुई।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ खेल निदेशक उत्तराखंड खेल विभाग प्रशांत आर्य, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख स्वराज सिंह चौहान, निदेशक मेजन कादिर हुसैन, प्रधानाचार्या श्रीमती राणा अलमास द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संचालन प्रवक्ता अर्जुन दत्त शर्मा ने किया। कबड्डी में पछवादून क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की कुल सात टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ब्राईट एंजल स्कूल के साथ ही गुरूनानक मिशन विकासनगर की टीमें लीग मैच के आधार पर फाईनल में प्रवेश किया। कड़े संघर्ष के बाद फाईनल मुकाबले में ब्राईट एंजल स्कूलकी टीम ने गुरूनानक मिशन की टीम को हरा कर फाईनल का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में विजता व उप विजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर नरेंद्र चौहान, रविन्द्र भंडारी, एननो सोनी, मनीष रावत, पंजाब सिंह, विनय गुप्ता, तब्बसुम, प्रशांत गुप्ता, विक्रम शर्मा आदि मौजूद रहें।

# मसूरी में शीतकालीन भांति फिर ऑपरेशनल होगी शटल सेवा : डीएम



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मसूरी में ग्रीष्मकालीन पर्यटन व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ अहम बैठक करते हुए मौजूदा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाए। डीएम ने कहा की मसूरी ग्रीष्मकालीन पर्यटन में शीतकालीन भांति फिर शटल सेवा ऑपरेशनल होगी। वहीं गजी बैंड व किंग क्रैग पर पर्यटकों की सुविधा के लिए काउंटर्स खोले गए हैं पर्यटकों की सुविधा के लिए इंक्वायरी काउंटर्स वेटिंग रूम रेस्ट रूम फूड आउटलेट्स, सब होंगे निर्धारित पड़ाव पर स्थापित किए जाएंगे। डीएम अथक प्रयासों से 14 नई गोल्फ कार्ट पालिका को दिला चुके हैं, जिससे माल रोड पर जाम से काफी हद तक निजात मिल रहा है तथा स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिला है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मसूरी में ग्रीष्मकालीन पर्यटन शुरू होने से पूर्व शटल सेवा को ऑपरेशनल किया जाए। लाईब्रेरी चौक एवं पिक्चर पैलेस पर शटल संचालन के लिये वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था एवं शटल हेल्पडेस्क स्थापित किया जाए। मसूरी

- सड़क से हटेगा अतिक्रमण, गजी बैंड व किंग क्रैग सेटेलाइट पार्किंग पर लगेंगे साइनबोड

डायवर्जन, देहरादून से किंक्रेग पार्किंग तक पूरे मार्ग पर शटल पार्किंग के साइन बोर्ड एवं उचित संक्रेत लगाए जाए। अधिकृत शटल सेवा संचालक द्वारा कॉन्ट्रेक्ट एग्रीमेंट और यात्रियों की सुविधा के अनुसार टोक्ने सिस्टम का संचालन कराया जाए। माल रोड पर गाडियों का समय निर्धारण करें। जिलाधिकारी ने जल निगम को कैमल बैंक रोड़ पर पूर्ण किए गए कार्यों को तत्काल हैंडओवर करने और एसडीएम लय एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को सड़क का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कहा कि कार्य की गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने पर आरसी काट कर चालान किया जाए। जिलाधिकारी ने सड़कों से अतिक्रमण को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी को किंक्रेग वाहन पार्किंग के आसपास सिलेंडर गाड़ियों को अन्य जगह शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रीष्मकालीन पर्यटन सुविधाओं और आवश्यक सेवाओं को तत्काल बहाल करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। बैठक में एसडीएम मसूरी अनामिका, आरटीओ सुनील शर्मा, ईई लोनिवि बी.दिवेद्वी, डीटीडीओ सीमा नौटियाल, डीएसओ केके अग्रवाल सहित व्यवस्थाओं से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपाईयों ने अपने-अपने आवास पर फहराया पार्टी का झंडा



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक विकासनगर एवं अध्यक्ष- वन पंचायत सलाहकार परिषद कुलदीप कुमार ने अपने विकासनगर स्थित आवास पर कार्यकताओं के साथ पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर विकासनगर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अनुज गुलेरिया, पूर्व अध्यक्ष खजाना नेगी, पूर्व सभासद जनार्दन जोशी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा मोहित शर्मा, पियूष गुप्ता, विनायक नौटियाल, सारांश डोगरा, अमित चौहान, मोहित शर्मा, सुभाष सकलानी अनुज चौहान, विजय बिंजौला व अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार सहसपुर विधानसभा के बूथ 86 पर प्रथामिक सदस्यो बूथ समिति के सदस्यों के साथ स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी व नवनियुक्त दायित्व धारी राज्य मंत्री भुवन विक्रम डबराल, जिला महामंत्री अमित डबराल, पंचायत प्रकोष्ठ जिला संयोजक रजनीश शर्मा, अखिलेश डबराल, विकास रमोला, सोनिया रमोला, सुबोध पांडे, संगीता पांडे, आशा मेहता आदि प्राथमिक सदस्य मौजूद रहे। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं ने अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाया। वहीं हरबर्टपुर मंडल कैंप कार्यालय में भाजपा का झंडा लगाकर भारत माता और डा. श्यामा प्रशाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर वंदन किया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विनोद कश्यप, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, दिनेश कौशिक, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, अमन गर्ग, संग्राम सिंह, आरपी सिंह, नरेश त्यागी, भगवान सिंह, सुभाष शर्मा, रोहित गुप्ता, रविकांत राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कर्नल आदित्य जे पॉल ने सेपियंस स्कूल का किया निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर में 'कर्नल आदित्य जे पॉल' भारतीय सैन्य अकादमी वर्तमान में कमांडिंग आफिसर (एनसीसी 11 यूके बटालियन) में अपनी सेवाएं देने वाले का सेपियंस विद्यालय विकासनगर में स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल का निरीक्षण भी किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधानाचार्य नवीन तनेजा तथा रशिता सपरा ने उनका अभिनंदन कर स्वागत किया। इस अवसर पर कर्नल आदित्य पॉल ने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी के फायदे बताए तथा विद्यालय की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधिका रशिता सपरा, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा सहित लेफ्टिनेंट मोनिका निराला तथा सेकंड आफिसर प्रियंका जायसवाल उपस्थित रहे।

# देवी भगवती के नवें स्वरूप सिद्धीदात्री की मंदिरों में धूमधाम से की गई पूजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** देवी भगवती के नवें स्वरूप सिद्धीदात्री की पछवादून क्षेत्र के मंदिरों में धूमधाम से पूजा की गयी। नवरात्रों के नवमी मंदिरों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ रही। बीते रोज अष्टमी को लोगों ने महागौरी की पूजा कर अपने व्रतों का पारण किया था लेकिन बहुत से लोगों ने रविवार को नवरात्र के नवें दिन सिद्धीदात्री की पूजा और कन्याओं का पूजन कर अपने व्रतों का पारण किया। रविवार को लोगों ने नवमी मनायी। घरों और मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता का पूजन-हवन कर कन्याओं की पूजा की। छोटी-छोटी कन्याओं को घर बुला कर उनकी पूजा की गयी। प्रसाद और उपहार भी कन्याओं को दिये गये। मंदिरों में भी आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। लोगों ने मंदिरो और अपने घरों में कन्याओं का पूजन कर अपने व्रतों का पारण किया। दुर्गा देवी की नवमी शक्ति के रूप में मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है। ये देवी सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली है। इनके हाथों में चक्र, शंख, गदा, कमल पुष्प है। देवी का वाहन सिंह है और आसन कमल है।

सिद्धिदात्री की पूजा से सभी सांसारिक इच्छाएं और आवश्यकताएं पूर्ण होती हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शंकर ने भी इन्हीं की कृपा से सिद्धिओं को प्राप्त किया था। मानव ही नहीं अपितु सिद्ध गंधर्व, यक्ष, देवता और असुर भी इनकी आराधना करते हैं।

# सांस्कृतिक व खेलकूद के बीच हुआ तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** पटेल नगर के कारगी चौक स्थित दि हिमालयन पब्लिक स्कूल के सभागार में तीन दिवसीय

- दि हिमालयन पब्लिक स्कूल छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों के बीच दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

ओरिएंटेशन प्रोग्राम एवं खेल संस्कृति उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नए विद्यार्थी और अभिभावकों को विद्यालय शिक्षण प्रणाली, नियमों शैक्षणिक गतिविधियों और सह पाठ्यक्रमों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में विद्यालय प्रधानाचार्य स्वाति के उनियाल ने विद्यार्थियों के नवांगतुक छात्रों व अभिवाकों विभागों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। द्वितीय दिवस में नवांगतुक छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए विशेष अवसर बना जब विद्यालय के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा ने अपने पिताजी के नाम पर स्थापित श्री राम मनोरथ ट्रस्ट के माध्यम से नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के छात्रों को शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई जाने वाले पुस्तक के निशुल्क वितरित की। दि हिमालयन पब्लिक स्कूल और जया सिद्धार्थ हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य एवं जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों संगीत लोक नृत्य गणेश वन्दना, शिव तांडव स्त्रोत की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्रों ने योगा, जुंबा, ताइक्वांडो खेलों के माध्यम से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन दुर्गा प्रसाद, स्वाति के उनियाल, राम मनोरथ ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण वर्मा एवं संजय वर्मा, कथक गुरु उपमा शुक्ला, पार्षद आलोक कुमार व सैकड़ो छात्र छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के मुकदमें में वांछित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** बीते रोज 5 तारीख को लक्ष्मी पत्नी रोहित निवासी लोअर नेहरु ग्राम, थाना रायपुर, जनपद देहरादून थाना विकासनगर पर सूचना दी कि 5 तारीख की दोपहर उनके पिता देवीदीन पुत्र स्व0 मोहनलाल निवासी गुडरिच थाना विकासनगर उम्र 58 वर्ष एवं संदीप पुत्र ओमप्रकाश निवासी रामबाग हरबर्टपुर विकासनगर उम्र 44 वर्ष,

- मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुई बहस में आरोपी द्वारा अपने पड़ोसी का सिर पटक दिया था दीवार में
- उपचार के दौरान पड़ोसी की हो गईथी मृत्यु

जो दोनों महेश कुमार निवासी गुडरिच के मकान में किराये में रहते है, साथ में खा-पी रहे थे। इस दौरान दोनों के मध्य किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिस पर संदीप उपरोक्त द्वारा उनके पिता देवीदीन का सिर दीवार पर दे मारा, जिससे उनके पिता के सिर पर गंभीर चोटें आयी। पड़ोसियों द्वारा उनके पिता को उपचार हेतु सीएचसी विकासनगर ले जाया गया, जंहा पर दौराने उपचार उनकी मृत्यु हो गयी। शिकायतकर्ता के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी संदीप पुत्र ओमप्रकाश निवासी रामबाग हरबर्टपुर विकासनगर के विरुद्ध अन्तर्गत धारा-105 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे लेकर पंचायतनामें की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया। मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर घटनास्थल की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा बरामद किया गया। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम ने आज रविवार को मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल आरोपी को मेला ग्राउण्ड बाड़वाला से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसएसआई सतेन्द्र भाटी, कोतवाली विकासनगर, एसआई राजेन्द्र पंवार, सिपाही लोकेन्द्र सिंह व नवीन कोहली शामिल रहे।

## रामनवमी पर आरएसएस ने निकाला पथ संचलन

**विकासनगर।** नवरात्र की रामनवमी पर रविवार को विकासनगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। कोतवाली रोड स्थित एनफील्ड लॉन से निकाले गए पथ संचलन का स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन सैयद रोड, डाकपत्थर तिराहे से मुख्य बाजार, संघ कार्यालय, 28 फिटा रोड रोड, अस्पताल रोड, काली माता मंदिर होता हुए एनफील्ड लॉन में वापस पहुंचकर समाप्त हुआ। स्वयं सेवकों और स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला प्रचारक सौरभ ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक की स्थापना सन 1925 में हुई, तब हमारा देश पराधीन था। उस समय दो धाराएं थीं। एक धारा अहिंसावादी थी जिसका नेतृत्व गांधी कर रहे थे। दूसरे आंदोलन में सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद वीर सावरकर आदि महान क्रांतिकारी थे। मगर हमारे देश में अंग्रेजों से पहले मुगलों का शासन था। इसलिए भारत की आजादी सिर्फ आजादी रह जाती। ऐसे समय में संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने चिंतन किया। हेडगेवार ने स्वाभिमान जगाने की जरूरत समझी। उन्होंने अध्ययन किया कि यहां का मूल हिंदू संगठित नहीं हैं।

# बिछाई जा रही सीवर लाइन लोगों के लिए बनी परेशानी का सबब

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** शहर की पॉश कॉलोनी में दिनकर विहार में रविवार को पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त लोगों ने पेयजल किल्लत झेली। इससे तीन हजार हजार आबादी को दिक्कत उठानी पड़ी। लोगों ने घरों के छतों में रखी टंकी के पानी से किसी तरह गुजारा किया, लेकिन दोपहर होने तक टंकियां भी खाली हो गई। देर शाम तक भी पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। इन दिनों क्षेत्र में बिछाई जा रही सीवर लाइन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। शनिवार देर शाम को दिनकर विहार में पेयजल आपूर्ति करने वाली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे रविवार को आपूर्ति ठप रही। पेयजल सप्लाई ठप होने से तीन हजार की आबादी सुबह से ही परेशान रही। खासकर आवासीय भवनों के ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले वालों को अधिक किल्लत झेलनी पड़ी। स्थानीय बाशिंदे राकेश बेलवाल, गीता, उषा, धर्मेंद्र तोमर, ललिता चौहान, केएस चौहान, मनवर सिंह नेगी ने बताया कि सीवर लाइन बिछाने के कारण कई बार पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं।

# गौशाला में मिली अनियमितता, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** देहरादून के मेयर सौरभ थपलियाल के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शंकरपुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। गौशाला निरीक्षण के दौरान निगम की टीम को विभिन्न स्तर पर अनेक अनियमिताएं मिली, जिसपर मेयर ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए। बीते दिन सौरभ थपलियाल मेयर नगर निगम देहरादून ने नमामि बसंल मुख्य नगर आयुक्त व नगर निगम की टीम के साथ शंकरपुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। शंकरपुर गौशाला का वर्तमान में संचालन और प्रबंधन किसी संस्था द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा संस्था को वर्ष सितम्बर 2023 में गौशाला का कार्य आवंटित किया गया था। निरीक्षण में अधिकतर पशु दयनीय स्थिति में पाये गये।

- मेयर ने शंकरपुर स्थित गौशाला का किया औचक निरीक्षण

रजिस्टर में दर्ज पशुओं की संख्या की अपेक्षा मौके पर पशुओं की संख्या बहुत कम पायी गयी। मौके पर पशुओं के समुचित प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नही थी। पशुओं हेतु कोई एम्बुलेंस व स्टेचर भी उपलब्ध नही था। इसके अलावा पशुओं के उपचार हेतु दी जाने वाली दवाईयां एक्सपाईरी डेट्स की पायी गयी। गौशाला में कोई भी अद्यतन रिकॉर्ड सत्यापित नही पाये गयें। गौशाला द्वारा मृत पशुओं के कान पर लगें छल्लों को लौटाया नहीं गया हैं। इसके अलावा अन्य कई अनियमितताएं भी उजागर हुई। इस संबंध में एनिमल एक्टिविस्ट माला मल्होत्रा ने अवगत कराया की उनके द्वारा विगत कई वर्षों से शंकरपुर गौशाला के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग प्रशासन से समय-समय पर की जाती रही है। माला मल्होत्रा ने बताया कि, उक्त शंकरपुर गौशाला में व्याप्त पशु क्रूरता और अनियमितताओं के संदर्भ में 14 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी देहरादून और मुख्य नगर आयुक्त देहरादून को प्रेषित किया गया था। उक्त 14 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर मैंने सौरभ थपलियाल मेयर नगर निगम देहरादून से मुलाकात की और शंकरपुर गौशाला में हो रही अनियमिताओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया था। जिस पर मेयर सौरभ थपलियाल ने यथाशीघ्र प्रभावी कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया था। माला मल्होत्रा ने शंकरपुर गौशाला का प्रबंधन कार्य संभाल रही संस्था के खिलाफ जांच कराने और प्राथमिकी की दर्ज कराए जाने पर मेयर सौरभ थपलियाल का आभार व्यक्त किया है। सौरभ थपलियाल मेयर नगर निगम देहरादून ने शंकरपुर गौशाला का प्रबंधन कार्य संभाल रही संस्था के विरुद्ध उपरोक्त परस्थिति व सभी तथ्यों के दृष्टिगत सुसंगत धाराओं के अतंर्गत प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए।

# जमुना कृष्ण धाम का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**कालसी।** रामनवमी के पावन अवसर पर लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति के तत्वावधान में हरिपुर स्थित यमुना कृष्ण धाम का भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर भूमिदान दाता दिनेश अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से ख्याति प्राप्त हरिपुर में घाट निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है अब धीरे-धीरे यहां पर विभिन्न धाम व आश्रमों का भी निर्माण होगा इसी निमित्त लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति के तत्वावधान में हरिपुर स्थित यमुना कृष्ण धाम का भूमि पूजन का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर लोक पंचायत के वरिष्ठ सदस्य मोहना खत के स्याणा जयपाल चौहान ने कहा है कि समाज के सहयोग से जमुना कृष्ण धाम का निर्माण किया जाएगा जबकि घाट निर्माण का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। सूचना विभाग में संयुक्त निदेशक एवं लोक पंचायत के सदस्य के.एस चौहान ने कहा है कि हरिपुर का प्राचीन काल में अत्यंत समृद्ध इतिहास था। उन्होंने कहा है कि यहां धार्मिक दृष्टि से इस स्थान का बड़ा महत्व रहा है। मां यमुना में चार नदियों का संगम होने से यह स्थान पुण्य भूमि है। इस स्थान को और विकसित करने के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। यमुना कृष्ण धाम समिति के अध्यक्ष गंभीर चौहान ने कहा है की भूमि पूजन के पश्चात इस स्थान पर धाम निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यमुना कृष्ण धाम हरिपुर में भूमि पूजन के अवसर पर पंडित शिवानंद उनियाल, लोक पंचायत के वरिष्ठ सदस्य श्रीचंद शर्मा, भारत चौहान, रणवीर चौहान, गजेंद्र जोशी, लोक पंचायत तीर्थ समिति के सचिव सतपाल चौहान, अनिल तोमर, केसर नेगी, दिनेश तोमर, गजेन्द्र तोमर, खजान चौहान, प्रीतम सिंह, चमन नेगी, जवाहर सिंह राणा, बलवीर रावत, मुकेश शर्मा, चंचल चौहान, संसार सिंह तोमर, कुंवर सिंह, प्रताप बिष्ट, अमित चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्वामी रामदेव महाराज का 31वां संन्यास दिवस पावन नवरात्रि यज्ञ, वैदिक अनुष्ठान व कन्या पूजन के साथ सम्पन्न

## छह विद्वान भाइयों व एक विदुषी बहन ने ली नैष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा

**पतंजलि योगपीठ निरंतर संस्कृति मूलक समृद्धि के सौपान चढ़ रहा है: स्वामी रामदेव**

**स्वामी रामदेव जी ने भारतीय संस्कृति, परम्परा व मूल्यों को पूरी दुनिया में गौरव देने का कार्य किया: आचार्य बालकृष्ण**

**अपने भीतर राम जैसी मर्यादा व चरित्र स्थापित करें रू स्वामी रामदेव**

**पवित्र नवरात्र भारत की समृद्धशाली संस्कृति व परम्परा का हिस्सा रू आचार्य बालकृष्ण**



**हरिद्वार।** पतंजलि वैलनेस, फेस-।। स्थित योग भवन सभागार में स्वामी रामदेव जी महाराज का 31वां संन्यास दिवस पावन नवरात्रि यज्ञ, वैदिक अनुष्ठान व कन्या पूजन के साथ सम्पन्न हुआ। आचार्य बालकृष्ण जी ने स्वामी जी महाराज को माला पहनाकर 31वें संन्यास दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी ने कहा कि आज मैं 30 वर्ष का संन्यासी हो चुका हूं और 31वें वर्ष के संन्यस्त जीवन में प्रवेश कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि संन्यासी का एक ही धर्म है- योगधर्म से राष्ट्रधर्म, सेवाधर्म और युगधर्म का निर्वहन करते हुए इस राष्ट्र को स्वास्थ के साथ-साथ समृद्धि और संस्कार देना। इसलिए पतंजलि योगपीठ निरंतर संस्कृति मूलक समृद्धि के सौपान चढ़ रहा है।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि पूज्य स्वामी जी महराज ने संन्यास ग्रहण करके भारतीय संस्कृति, परम्परा व मूल्यों को पूरी दुनिया में गौरव देने का कार्य किया और भारत की गौरवशाली परम्परा की पहचान पूरे विश्व में कराई।

इस अवसर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें पूज्य संन्यासीगणों के साथ स्वामी रामदेव जी, आचार्य बालकृष्ण जी, दिव्य योग मंदिर राममुलख दरबार के योगाचार्य स्वामी लाल जी आदि सम्मिलित हुए। शोभायात्रा मां गंगा के पावन तट पर पहुंची जहां 6 विद्वान भाइयों तथा 1 विदुषी बहन को नैष्ठिक ब्रह्मचर्य की दीक्षा दी गई।

इससे पूर्व नवरात्र पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव जी व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने सम्पूर्ण देशवासियों को नवरात्रि व रामनवमी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। स्वामी जी एवं आचार्य जी ने कन्याओं के चरण धोकर उन्हें भोजन करवाया और आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति, ऋषि परम्परा, वेद परम्परा, राम और कृष्ण, मां भवानी, आध्यशक्ति का देश है। इसमें अंधेरा व प्रमाद रूपी राक्षसों का वध करें, सभी नकारात्मक विचारों का नाश कर अपने भीतर राम जैसी मर्यादा व चरित्र स्थापित करें।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि नवरात्र का भारतीय संस्कृति, परम्परा और सनातन धर्म में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि मां भगवती सबका कल्याण करें, सबके जीवन में मंगल हो, स्वास्थ्य हो, समृद्धि हो, आनन्द हो, खुशियां हों, इसी कामना के साथ हमने 9 दिन का यह अनुष्ठान कर महायज्ञ में आहुतियां दीं हैं। कन्या पूजन के साथ हम अपने दुगुर्णों, बुराइयों, दुर्व्यस्नों व असुरत्व पर विजय प्राप्त करें। पवित्र नवरात्र भारत की समृद्धशाली संस्कृति व परम्परा का हिस्सा है, इसको उद्दात्ता व वैज्ञानिकता के साथ बनाना हम सबका कर्त्तव्य है। पतंजलि योगपीठ परिवार के सभी सम्मानित वरिष्ठजन, संन्यासीगण, कर्मचारीगण आदि ने स्वामी जी को शुभकामनाएं दी।

# नवमी पर पूजी गई कन्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवमी के तिथि पर कन्या पूजन के साथ नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र का रविवार को समापन हो गया। नवरात्रों में माता के नौ शक्ति स्वरूपों का विधिवत पूजन के बाद

### नौ दिवसीय चैत्र नवरात्र का समापन





आज घर-घर कन्या पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की गई। सुबह से ही हल्द्वानी समेत आसपास के देवी मंदिरों में भक्तों का भीड़ जुटना शुरु हो गई थी।

श्रद्धालुओं ने नवमी के मौके पर मां के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। वहीं घरों में कन्या पूजन कर नवरात्र व्रतों का पारायण किया गया।

व्रतधारियों ने मां दुर्गा के नौ रूपों के प्रतीक स्वरूप नौ-नौ कन्याओं को भोजन कराया और उपहार भेंट किए। भक्तों ने मंदिरों में देवी मां की पूजा अर्चना कर श्रृंगार सामग्री के साथ ही नारियल व फल का प्रसाद चढ़ाया और सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही भक्तों का हुजूम मंदिरों में उमड़ पड़ा। घंटियों की गूंज व माता के जयकारों से सारा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान जगह-जगह भंडारा भी लगाया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही शीतलाहाट, कालीचौड़, पिपलेश्वर, दत्तात्रेय, देवी मंदिर ऊंचापुल, कालू सिद्ध मंदिर, आंवलेश्वर मंदिर, राम मंदिर, शीश. महल शिव मंदिर, पंचेश्वर मंदिर आवास विकास, चारधाम मंदिर फतेहपुर गुजरौड़ा, लटूरिया बाबा आश्रम, सत्यनारायण मंदिर, बेलबाबा मंदिर, त्रिमूर्ति मंदिर कमलुवागांजा समेत तमाम मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। जगह-जगह धार्मिक आयोजनों के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया। रामनवमी के पावन मौके पर भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# स्कूलों की मानमानी पर आक्रोश

**हल्द्वानी।** निजी स्कूलों की मनमानी लगातार बढ़ती जा रही है जिसका प्रमाण यह है कि हर स्कूल ने अपनी ड्रेस व कॉपी किताबों के लिए एक निश्चित दुकान निर्धारित कर रखी है और कई स्कूलों ने तो बीच सत्र में ही स्कूल की ड्रेस चेंज कर दी है जो नियम विरुद्ध है। इसकी वजह से अभिभावकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। अभिभावक संघर्ष समिति के संयोजक पंडित मदन मोहन जोशी ने मीडिया को बयान जारी कर कहा कि निजी स्कूलों की मनमानी खुलेआम जारी है और कोई देखने वाला नहीं हैं। पहले भी अभिभावकों की समस्याओं को लेकर अभिभावक संघर्ष समिति ने शिक्षा मंत्री सहित सभी उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही हैं। हाल ही में अधिकारियों ने कॉपी-किताबों की दुकानों में छापे मारे, जिसके बाद कॉपी-किताबों की दुकानों और स्कूलों को नोटिस दिए गए है। अभिभावक संघर्ष समिति की मांग है कि जिन निजी विद्यालयों व दुकानों को नोटिस दिए गए है उनके नाम भी सार्वजनिक किए जाएं जिससे मालूम पड़े कि प्रशासन द्वारा जो छापेमारी की कार्यवाही की गई है वह पारदर्शिता के साथ और निष्पक्ष की गई है। वही प्रदेश में निजी स्कूलों के लिए कोई फीस नीति नहीं बनी है जिस कारण निजी स्कूल मनमानी फीस वसूल रहे है और इसको रोकने के लिए उत्तराखंड में शीघ्र अति शीघ्र निजी स्कूलों में फीस एक्ट लागू होना बहुत जरूरी है जिससे अभिभावकों को निजी स्कूलों की मनमानियों से छुटकारा मिल सके।

# खरदूषण वध व सीता हरण

## उत्थान मंच में महिला रामलीला का पांचवां दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामलीला मंचन महोत्सव के पांचवें दिन रविवार को नककटाई, खर-दूषण वध, सीता हरण की लीला देखकर दर्शकगण मंत्र मुग्ध हो गए। रविवार को उत्थान मंच में चल रही महिला रामलीला महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद पूर्व विधायक नारायण पाल सहित समिति की अध्यक्ष लता बोरा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया। रामलीला मंचन की शुरुआत शूर्पणखा नक कटाई से हुई। जंगल विचरण करती हुई शूर्पणखा पंचवटी पहुंचती है। सुंदर श्रीरामव लक्ष्मण को देखकर विवाह करने का प्रस्ताव रखती है, जिस शादी करने से दोनों भाई मना कर देते हैं। इससे नाराज होकर शूर्पणखा सीता माता को मारने के लिए हमला कर देती है। जिसपर लक्ष्मण उसकी नाक काट देते हैं। इससे क्रोधित होकर शूर्पणखा वहां से अपने भाई खर व दूषण के पास चली जाती है। बहन का बदला लेने के लिए खर-दूषण श्रीराम से युद्ध करते है और राम दोनों का वध कर देते हैं। यह देखकर शूर्पणखा लंकापति भाई रावण के पास जाती है और राम लखन से प्रतिशोध लेने की कहती है। जिसके बाद रावण अपने मामा मारीच को सोने का हिरण बनाकर पंचवटी के जंगल में भेजते हैं। सोने का हिरण देखकर पाने की जिद करतीं है। सीता माता के जिद आगे राम विवश होकर हिरण को पकड़ने के लिए दूर चले जाते हैं। जिसके बाद रावण साधु के वेष में माता सीता से भिक्षा लेने पहुंचता है। सीता माता सुरक्षा रेखा से निकलकर भिक्षा देतीं हैं तो राणव उनका हरण कर लेता है। राम लक्ष्मण तुरंत पंचवटी लौटते हैं और सीता को ना पाकर व्यथित हो जाते हैं। राम और लक्ष्मण, सीता की खोज में वन वन भटकते हैं। रास्ते में जटायु घायलवस्था में मिलता है और बताता है कि रावण सीता का हरण करके लंका की ओर ले जाने का मंचन किया गया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, शांति जीना, कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, जया बिष्ट, यशोदा रावत, तुलसी रावत, प्रेमा बृजवासी, मंजू बनकोटी, कुसुम बोरा, अंजना बोरा, निर्मला बहुगुणा, सुशील शर्मा मौजूद रहे।

### राम नवमी पर विशेष अनुष्ठान

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर में नवमी के विशेष मौके पर रविवार को धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मंदिर ट्रस्ट की ओर से सुबह पूजा अर्चना कराने के बाद हवन यज्ञ संपन्न कराया गया जिसके बाद मंदिर में कन्यापूजन किया गया। मंदिर के पुजारी बसन्त बल्लभ पांडे समेत चंद्रशेखर तिवारी नवीन चंद्र तिवारी व गणेश बहुगुणा और भुवन काण्डपाल ने पूजा संपन्न कराई। हवन में यजमान विनय साह सपत्नी शामिल रहे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का आना जाना लगा रहा। स्थानीय लोगों के सांथ ही पर्यटकों ने भी मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नैना देवी मंदिर के साथ ही मां पाषाण देवी मंदिर समेत हनुमानगढ़ी और शहर के अन्य मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान और प्रसाद भंडारा आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह तथा शैलेश मेलकानी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# मंदिर दर्शन गए परिवार के घर में लगी आग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नवरात्रि की अष्टमी के दिन एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब एक गरीब परिवार माता के दर्शन के लिए मंदिर गया था और उनके घर में अचानक आग लग गई।

### गरीब परिवार का सारा सामान जलकर हुआ राख

यह घटना मल्ला चौफुला दमुवाढूंगा स्थित ओमकार नामक मजदूर के घर की है, जहां उसका परिवार गरीबी के बावजूद किसी तरह गुजर-बसर कर रहा था। शनिवार सुबह पूजा-पाठ के बाद पूरा परिवार माता के दर्शन के लिए मंदिर चला गया। इसी बीच कुछ ही समय में घर में आग लग गई। आग ने तेजी से झोपड़ी को अपनी चपेट में लिया और सारे घर का सामान जलाकर राख कर दिया। आस-पड़ोस के लोग और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर का सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। आग के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आस-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह गैस सिलेंडर को बाहर निकाला, जिससे आग के फैलने का खतरा कुछ कम हुआ। पुलिस और दमकल भी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक परिवार का सारा सामान, जिसमें फ्रिज, वॉशिंग मशीन, टीवी, बाइक, जेवरात, मोबाइल और 20 हजार रुपये समेत सभी वस्तुएं जल चुकी थीं। आग लगने की वजह मंदिर में जल रहे दीपक को माना जा रहा है, जो शायद गिरने के कारण आग का कारण बना। ओमकार और उसके परिवार के लिए यह अत्यधिक दुखद घटना रही, क्योंकि उनके पास अब न तो रहने के लिए सामान बचा और न ही खाने-पीने का कोई साधन। सामा. जिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी ने इस घटना की जानकारी हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश को दी। विधायक ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इस गरीब परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की, ताकि वह जल्द से जल्द अपनी जिंदगी की रफ्तार वापस पा सकें।

# खेल दिवस पर सद्भावना मैच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंतराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हल्द्वानी इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम गौलापार और रामनगर में खेल विभाग द्वारा संचा. लित विभिन्न खेल शिविरों में सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत द्वारा की गई। इस मौके पर बास्केटबॉल, फुटबॉल, वाटर पोलो, स्विमिंग और बैडमिंटन जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में खेल विभाग की उपनिदेशक राशिका सिद्दीकी और जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने खिलाड़ियों को फिटनेस और खेल कौशल के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपक्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, फुटबॉल कोच किशोरपाल, क्रिकेट कोच त्रिलोक जीना, निशांत मेहता, संजय गेड़ा, महेश बिष्ट, अंकुश रौतेला, निलेश गुप्ता, गोविंद लटवाल, श्याम मन्नू भट्ट, शिवांगि. नी शाह, विमला रावत, किरण मौर्य, पूनम शिरोला, गोपाल नेगी, मो. आदिल, नैतिक पाल, कैलाश जोशी, पांडे आदि खिलाड़ी मौजूद रहे।

# रामनवमी पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

## काली आखाड़ा, हनुमान जी के सात रूप समेत आकर्षक झाकियों ने किया मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**





**हल्द्वानी।** श्रीराम भक्त सेवा समिति द्वारा रविवार को रामनवमी के अवसर पर रामलीला मैदान से शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा श्री रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर ओके होटल, कोतवाली, तिकोनिया चौराहा, वर्कशॉप लाइन, रोडवेज, रेलवे बाजार, मीरा मार्ग, सिंधी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा से होते हुए वापस ओके होटल से रामलीला मैदान में आकर समापन हुआ। इस शोभायात्रा में शहरवासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया, और साथ ही प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। यात्रा में कई प्रकार की आकर्षक झांकियां निकाली गई, जो शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर रही थीं। इस शोभायात्रा में काली अखाड़ा, हनुमानजी के सात रूप, राधा-कृष्ण, बांके बिहारी की रासलीला, भोलेनाथ का अघोरी रूप, भव्य राम दरबार व बैंडबाजों सहित विभिन्न झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। राम भक्त सेवा समिति के अध्यक्ष रक्षित सिंह चिलवाल और उपाध्यक्ष प्रणय बाली ने इस आयोजन में हिस्सा लेने वाले सभी युवाओं, महिलाओं और व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से हमारी संस्कृति और धर्म को बढ़ावा मिलता है। शोभायात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुशल, रविंद्र बाली, वीरेंद्र जायसवाल, हीरालाल साहू, कार्तिक हर्बोला, नंदकिशोर आर्य, ललित जोशी, तनुज गुप्ता, अनुराग अग्रवाल, शैलेंद्र, अंजू, रीना बाली, रानी चंपा देवी, अलका जीना, नीतू आर्या, ध्रुव भंडारी, प्रियांशु आर्य, राकेश बगडवाल, सोनू शर्मा, संजय कुमार समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### भव्य रैली और भंडारा

**नैनीताल।** राम जन्मोत्सव के विशेष मौके पर नैनीताल में विश्व हिन्दू परिषद् व श्री राम सेवा दल तथा युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने भव्य रैली का आयोजन किया जो भगवा ध्वज पहने मल्लीताल स्थित केपिटल सिनेमा हाल के निकट से प्रारम्भ होकर हनुमान गढ़ी में जाकर श्री राम जी का आशीर्वाद प्राप्त कर भगवा ध्वज पर समाप्त हुई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# समाज को शिक्षित करना पहली प्राथमिकता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाज ने जो उन पर विश्वास जताया है, वे उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। समाज

### नवनिर्वाचित सरपंच राजेश बाल्मीकि का स्वागत



को शिक्षा की ओर अग्रसर करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ कड़े नियमों का पालन किया जाएगा, ताकि समाज की तरक्की के लिए बेहतर नियम और कानून बनाए जा सकें। यह बात बाल्मीकि महापंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच राजेश बाल्मीकि ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। रविवार को नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में बाल्मीकि महापंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच बनने पर राजेश बाल्मीकि बाल्मीकि बाल्मीकि समाज के लोगों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच राजेश बाल्मीकि ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि उनके सरपंच बनने से पूर्व उनके पिता बसंत लाल इस पद पर थे। उनके निधन के बाद यह पद रिक्त चल रहा था। सरपंच के पद के लिए बीते 4 अप्रैल को राजपुरा स्थित आर्य समाज धर्मशाला में बैठक हुई। इस बैठक में लोगों की सर्वसम्मति से उन्हें सरपंच चुना गया। उन्होंने सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फिलहाल जिन लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में चौधरी या सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर मिला है, वे अपने पदों पर बने रहेंगे। वे पूरी तरह से पदभार ग्रहण करने के बाद समाज की मांगों और शिकायतों पर विचार करके समाधान करेंगे। राजेश बाल्मीकि ने यह भी कहा कि पंचायत सभा से जुड़े प्रत्येक सदस्य को उनके कामों के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर चौधरी हरिओम, चौधरी सुनील, चौधरी विक्रम, चौधरी बबली, चौधरी अशोक, पार्षद रोहित, ललित बाल्मीकि, आशू पंडालिया, अविनाश, किशन सिलालेन आदि मौजूद रहे।

# श्री रामनवमी पर कन्या पूजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर आदर्श रामलीला एवं जन कल्याण समिति सूखाताल द्वारा सूखाताल स्थित मां शाखंभरी देवी के मंदिर में आचार्य पंडित गिरीश जोशी के नेतृत्व में पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। इसके बाद कन्या पूजन किया गया और स्थानीय महिलाओं द्वारा सुंदरकांड का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह रावत, महासचिव रितेश लाल साह, उपाध्यक्ष विपुल साह और विक्रम साह, महिला उपाध्यक्ष हेमलता पांडे समेत अन्य कई भक्तजन उपस्थित थे। इस धार्मिक आयोजन में हेमा साह, माया पंत, भूमिका पंत, प्रेमा साह, दया बिष्ट, उमा साह, लता मेहरा, कल्पना साह, हंसा पंत, वंदना साह, विनीता साह, गीता रावत, विमला कांडपाल, निर्मला भट्ट, बीना पांडेय, सीमा साह, मोहित लाल साह, मनोज साह, ललित साह, अमिताभ साह, शैलेन्द्र साह, मोहन कांडपाल, दीप चंद्र भट्ट, अंकित भट्ट, करन साह, राजेंद्र बिष्ट, रमेश पांडे, प्रेम सागर, प्रकाश पंत, गोविंद सिंह मेहरा, महेंद्र लाल साह और ललित जड़ौत मौजूद थे।

**NOTICE**

In the school record of my son his name is recorded as **Rayyan Ali** whereas his correct name is **RAYYAN ZAIDI**. It should be updated in his school records for all future purposes.

**MEHFOOZ ZAIDI,**
address- Street No 2, near Gulzar Dairy, Azad Colony, Majra, Dehradun, Uttarakhand.

# आरसीबी के खिलाफ उतरेगी मुंबई इंडियंस

● मुंबई ने मौजूदा सीजन में अब तक खेले गए चार मैचों में सिर्फ एक मैच में ही जीत हासिल की है

**मुंबई, वार्ता।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 20वें मैच में अपने लड़खड़ाते अभियान को पुनर्जीवित करने के लिए सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान का लाभ लेने की कोशिश करेगी।

मुबंई ने मौजूदा सीां में अब तक खेले गये चार मैचों में सिर्फ एक में जीत हासिल की है। एमआई के स्तरहीन प्रदर्शन के चलतेटीम के संतुलन और नेतृत्व पर सवाल उठने शुरु हो गये हैं। कप्तान के रूप में हार्दिक पांड्या की वापसी सीजन की खराब शुरुआत के साथ हुई है हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में उन्होने पांच विकेट लेकर फॉर्म की झलक दिखाई है। मुंबई के खराब प्रदर्शन का कारक टीम सामंजस्य की कमी दिखायी दे रही है। उनकी बल्लेबाजी लय में नहीं रही है। शीर्ष क्रम एकजुट होकर फायर करने में विफल रहा है। पिछले मैच में चोट के कारण मैदान पर नहीं उतरने वाले रोहित शर्मा अभी तक फॉर्म में नहीं हैं। टीम में एकमाीाि सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 57 की औसत और 161-32 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए हैं, तथा अपने आसपास की बल्लेबाजी के पतन के बीच भी वे डटे हुए हैं। वानखेड़े की पिच अपने उच्च स्कोर वाले खेलों के लिए जानी जाती है, मेजबानों को कुछ राहत प्रदान करेगी, जो अपने घरेलू लाभ की तलाश करेंगे। इस मैदान पर मुबंई ने 11 में से आठ बार आरसीबी को हराया है। हालांकि इस बार उन्हे इन फार्म बेंगलुरु से पार पाने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी। आरस.ीबी दो जीत और एक हार के साथ मैच में आ रही है। बेंगलुरु में एक उच्च स्कोर वाले मुकाबले में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। विराट कोहली का वानखेड़े में 18 खेलों में 44-15 की औसत से 574 रन बनाने का शानदार रिकॉर्ड है, उनकी उम्मीदों का केंद्र होंगे। इंग्लिश ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन ने गुजरात के खिलाफ 54 रन बनाकर अपनी फॉर्म में वापसी की है और टिम डेविड और जितेश शर्मा के साथ मिलकर एक खतरनाक मध्य क्रम बनाया। पिछले सीजनों में अक्सर आला.ेचनाओं का शिकार रही आरसीबी की गेंदबाजी इस साल और भी तेज दिखी है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने तीन मैचों में 7-26 की इकॉनमी रेट से छह विकेट लिए हैं, जबकि भुवनेश्वर कुमार नई गेंद से भरोसेमंद रहे हैं। क्रुणाल पांड्या और लिविंगस्टोन की अगुआई में स्पिन विभाग अतिरिक्त विविधता प्रदान करता है। वानखेड़े की पिच सपाट और ठोस होने की उम्मीद है, जो बल्लेबाजों के अनुकूल होगी। इस स्थल पर लक्ष्य का पीछा करने वाली टीमों के बेहतर परिणाम रहे हैं, जिन्होंने 119 टी20 मैचों में से 65 में जीत हासिल की है। दोनों पक्षों के लक्ष्य का पीछा करने को प्राथमिकता देने के कारण, टॉस महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुंबई अपने अभियान को फिर से बनाने की कोशिश कर रही है और आरसीबी अपनी गति को मजबूत करने की कोशिश कर रही है, सोमवार का मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है। जहां एमआई घरेलू समर्थन और पिछले दबदबे पर निर्भर करेगा, वहीं आरसीबी मौजूदा फॉर्म के आधार पर अधिक स्थिर इकाई दिखाई देती है।

**मुंबई इंडियंस की संभावित एकादशः** विल जैक, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या (कप्तान), तिलक वर्मा नमन धीर, मिशेल सेंटनर, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, विग्नेश पुथुर, ट्रेंट बोल्ट इम्पैक्ट प्लेयरः तिलक वर्मा।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की संभावित एकादशः** फिलिप साल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, यश दयाल इम्पैक्ट प्लेयरः सुयश शर्मा।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# चार माह बाद वापसी कर सकते हैं जसप्रीत बुमराह



## एमआई ने रेडी टू रोर मैसेज पोस्ट किया

## मयंक यादव बॉलिंग के लिए फिट

**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के आईपीएल मैच खेलने के आसार नजर आने लगे हैं, वे मुंबई इंडियंस टीम से जुड़ गए हैं। बुमराह कमर की चोट के कारण इस सीजन के पहले चार मैच नहीं खेल सके थे। बुमराह को लेकर मुंबई इंडियंस ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव भी आने वाले मैचों में वापसी कर सकते हैं। वे भी चोट की वजह से शुरुआती मैच नहीं खेले थे। बीजीटी के आखिरी मैच में चोटिल हुए थे बुमराह तेज गेंदबाज को बार्डर-गावस्कर ट्राफी के दौरान चोटिल हो गए थे। लोअर बैक इंजरी के चलते बुमराह चौंपियंस ट्राफी से भी वह बाहर हो गए थे। वे पिछले कुछ दिनों से बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे। मुंबई 4 में 3 मैच हारी, पाइंट टेबल में नंबर 7 मुंबई पहले 4 आईपीएल मैच में से 3 गंवा चुकी है। मुंबई को इस सीजन के पहले लीग मैच में चेन्नई ने 4 विकेट से हरा दिया था। दूसरे मैच में गुजरात के हाथों 36 रन से हार मिली थी। तीसरे मैच में मुंबई ने अपने घरेलू मैदान पर वापसी की थी और कोलकाता को 8 विकेट से हराने में सफलता हासिल की थी। चौथे मैच में उसे लखनऊ ने करीबी मुकाबले में 12 रन से हरा दिया। मुंबई के 4 मैचों में 2 अंक है और ये टीम पाइंट्स में अभी 7वें नंबर पर है। लखनऊ के मयंक पिछले आईपीएल में चोटिल हुए थे मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों के खिंचाव से परेशान हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के हेड कोच जस्टिन लैंगर ने शुक्रवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मयंक एनसीए में बहुत मेहनत कर रहे हैं और मैंने उनके गेंदबाजी के कुछ वीडियो देखे हैं, जिसमें वे लगभग 90 से 95प्रतिशत की फिटनेस के साथ गेंदबाजी कर रहा था। मयंक ने अच्छा प्रदर्शन किया है, जो भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के लिए वाकई बहुत बढ़िया है। हमने पिछले साल उनके प्रदर्शन को देखा था। मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसने मयंक से ज्यादा तेज गेंदबाजी की हो। मयंक ने पिछले सीजन आईपीएल डेब्यू किया था। वे डेब्यू मैच में ही 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद से उनका नाम चर्चा में आया। उन्होंने पंजाब किंग्स खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपनी 24 में से 6 गेंदें 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से ऊपर की फेंकी। उनकी सभी 24 गेंदों की स्पीड 140 किमी प्रति घंटा से ऊपर रही।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### केकेआर ने मेरी जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी: रिंकु

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक.ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के विस्र्गेटक बल्लेबाज रिंकू सिंह की बांह में गुदा टेटू उन्हे उस पल की याद दिलाता है, जिसने उनकी लजदगी हमेशा के लिए बदल दी। नाइट बाइट के एक एपिसोड में रिंकू ने अपने क्रिकेट के स्र्र को याद करते हुए अपने टैटू के बारे में बात की, जिस पर 'भगवान की योजना, खूबसूरती से किया गया' लिखा हुआ था और साथ ही '2:20' लिखा हुआ था। ठीक वही पल जब वह कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े और उसने उनकी ज़लदगी हमेशा के लिए बदल दी। कोलकाता फ्रेंचाइजी के साथ अपने विशेष संबंध को दर्शाने वाले टैटू की ओर इशारा करते हुए उन्होने कहा कि जब मुझे 2018 में केकेआर ने 80 लाख रुपये में खरीदा था, तो वह रकम मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत बड़ी थी। उससे पहले हमारे पास ज्ड़ादा पैसे नहीं थे। मेरे परिवार की ज़लदगी पूरी तरह बदल गई। मेरे भाई-बहनों की शादियाँ आसान हो गईं, और हमने उस पैसे से एक घर भी खरीदा।

### घटिया स्पोर्ट्स किट बांटने की जांच होगी : मदन दिलावर

**झुंझुनू, वार्ता।** राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि सरकारी विद्यालयों में वितरित की गयी घटिया गुणवत्ता वाली स्पोर्ट्स किट की जांच कराई जायेगी। श्री दिलावर ने रविवार को राजस्थान में झुंझुनू जिले के टमकोर गांव स्थित महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि जो भी व्यक्ति, अधिकारी कर्मचारी इस घोटाले में दोषी पाया जाएगा उसके खिलफ़ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। राज्य में सरकारी विद्यालयों में बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल किट वितरित किए गये है।

# डबल हेडर के बाद अंक तालिका में बड़ा बदलाव

■ दिल्ली शीर्ष पर, पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें सूची में सबसे नीचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 में दो मुकाबले लगभग एकतरफा हुए। पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, जबकि दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को शिकस्त दी। इन दो मैचों के बाद अंक तालिका में काफी बदलाव हुआ है।

पंजाब की टीम को जहां तीन स्थान का नुकसान हुआ, वहीं पूर्व चैंपियन रह चुकीं चार टीमें अंक तालि.का में सबसे नीचे हैं। दिल्ली के खिलाफ चेन्नई को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। यह दिल्ली की लगातार तीसरी जीत रही। टीम छह अंक और +1.257 का नेट रन रेट लेकर शीर्ष पर है। वहीं, चेन्नई की यह तीसरी हार रही। पांच बार की चैंपियन यह टीम एक जीत और दो अंक लेकर अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट -0.891 है। वहीं, राजस्थान को भी जीत का फायदा हुआ और टीम सातवें स्थान पर कायम है। उसने अभी तक चार में से दो मैच जीते हैं, जबकि दो में उसे हार मिली है। राजस्थान का नेट रन रेट -0.185 है। पंजाब की टीम को तीन स्थान का नुकसान हुआ। दिल्ली- चेन्नई मैच के बाद पंजाब किंग्स पहले से दूसरे स्थान पर लुढ़की, फिर राजस्थान से खुद के मैच के बाद चौथे स्थान पर लुढ़क गई। पंजाब ने तीन में से दो मैच जीते हैं और चार अंक लेकर चौथे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.074 है। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन में से दो जीत और चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +1.149 है। वहीं, गुजरात टाइटंस तीन में से दो जीत और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.807 है। फिर पंजाब का नंबर आता है। उसके बाद पांचवें स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है। केकेआर ने चार में से दो मैच जीते हैं और दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। उसके अंक चार हैं और नेट रन रेट +0.070 है। वहीं, लखनऊ चार मैचों में दो जीत और दो हार के साथ छठे स्थान पर है। उसके भी चार अंक हैं और नेट रन रेट +0.048 है। इसके बाद नीचे के चार स्थान पर चार पूर्व चैंपियन टीमें हैं। सातवें स्थान पर राजस्थान और आठवें स्थान पर मुंबई इंडियंस है। मुंबई ने चार में से एक मैच जीता है और तीन हार और दो अंक के साथ आठवें स्थान पर है। उसका नेट रन रेट +0.108 है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स नौवें और हैदराबाद 10वें स्थान पर है।

## एलएसजी के दिग्वेश राठी पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ के गेंदबाज दिग्वेश राठी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ नोटबुक सेलिब्रेशन की वजह से मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना के साथ ही दो डिमेरिट पाइंट दिया गया है। अब उनके तीन डिमेरिट पाइंट हो गए हैं। दिग्वेश को इसी सेलिब्रेशन के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में भी 25 प्रतिशत फाइन लगा था और एक डिमेरिट पाइंट दिया गया था। वहीं, स्लो ओवर रेट के लिए टीम के कप्तान ऋषभ पंत पर 12 लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। दरअसल शुक्रवार रात लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच खेले गए मैच में दिग्वेश राठी ने मुंबई के बल्लेबाज नमन धीर को आउट करने के बाद अपने ट्रेड मार्क नोट बुक फाड़ने के अंदाज में जश्न मनाया। आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी दिग्वेश राठी आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत दूसरी बार दोषी पाए गए। इसलिए उन पर 50 प्रतिशत जुर्माना और 2 डिमेरिट पाइंट दिए गए। इससे पहले एक अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ लखनऊ में ही खेले गए मैच में पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट किया करने बाद पर्चा फाड़ने के अंदाज में सेलिब्रेशन किया था। उनकी इस हरकत पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी अपनी नाराजगी जताई थी। उन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया था और एक डिमेरिट पाइंट दिए गए थे। एक अप्रैल को पंजाब के बैटर प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद उनके पास जाकर नोटबुक सेलिब्रेशन करते हुए दिग्वेश राठी।

## धोनी ने संन्यास की खबरों को खारिज किया

**इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे माही**

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने ताजा पाडकास्ट में आईपीएल से अपने संन्यास की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। धोनी के संन्यास की अफवाह ने उस वक्त जोर पकड़ा जब सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चेपाक में खेले गए मुकाबले को देखने के लिए धोनी के माता-पिता भी स्टेडियम पहुंचे। हालांकि, धोनी के संन्यास की खबर अफवाह निकली क्योंकि उन्होंने मैच के बाद ऐसी कोई घोषणा नहीं की। धोनी ने अब इन खबरों को लेकर चुप्पी तोड़ी है और राज शमानी के पाडकास्ट में प्रशंसकों को भरोसा दिलाया है कि वह इस सीजन के अंत में अपने करियर को अलविदा नहीं कह रहे। धोनी बताया कि वह अपने शरीर को आठ महीने का समय देंगे यह देखने के लिए कि क्या 44 साल की उम्र में भी वह खेल सकते हैं। उनके पास अभी समय है यह जानने के लिए कि क्या वह इस लीग में अलविदा कहेंगे। धोनी के पाडकास्ट में कहा, नहीं, अभी नहीं, मैं अभी भी आईपीएल में खेल रहा हूं। मैं चीजों को आसान रखता हूं और एक साल का समय देता हूं। अभी मैं 43 साल हूं और आईपीएल 2025 के खत्म होने तक 44 साल का हो जाऊंगा। इसके बाद मेरे पास 10 महीने का समय होगा ये जानने के लिए कि मैं आगे खेल सकता हूं या नहीं। लेकिन इसका फैसला मैं नहीं करता, बल्कि मेरा शरीर करता है। सीएसके के मैच के बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग से भी यही सवाल किया गया था। इस पर फ्लेमिंग ने कहा था कि उनकी धोनी से संन्यास के बारे कोई चर्चा नहीं हुई है। फ्ले.मिंग ने धोनी के संन्यास को लेकर कहा, नहीं, उनके सफर को खत्म करना मेरा काम नहीं है। मुझे कुछ पता नहीं है। मैं बस उनके साथ काम करने का लुत्फ उठा रहा हूं।

## न्यूजीलैंड की जीत में ब्रेसवेल-सियर्स बने हीरो

■ न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में पाक को 43 रनों से हराया

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** कप्तान माइकल ब्रेसवेल (59) के विस्फोटक अर्द्धशतक और बेन सियर्स के चार विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित तीसरे वनडे में पाकिस्तान को 43 रन से हरा दिया।

गीली आउटफील्ड के कारण मैच को 42 ओवर का कर दिया गया था, जिसमें न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए आठ विकेट पर 264 रन बनाये जिसके जवाब में पाकिस्तान की पारी 221 रन पर ही सिमट गई। ब्रेसवेल ने 40 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी पारी में एक चौका और छह छक्के लगाए। इसके अलावा युवा सलामी बल्लेबाज राइस मारियू ने 58 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया, जबकि डेरिल मिशेल (53 गेंदों पर 43 रन) ने बल्ले से अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। पाकिस्तान का गेंदबाजी आक्रमण संतुलित होने के क्षणों के बावजूद कीवियों की रन रफ्तार को रोकने में विफल रहा।

आकिफ जावेद ने 62 रन देकर 4 विकेट लिए। 265 रनों का पीछा करते हुए, पाकिस्तान दबाव में लड़खड़ा गया। सीयर्स ने एक तेज स्पेल में 35 रन देकर 4 विकेट चटकाए जिसने मेहमान टीम के निचले क्रम को ध्वस्त कर दिया। जैकब डफी ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लिए, जिसमें खतरनाक रिजवान (37) शामिल थे।

## आरआर की सलामी जोड़ी अदभुतः क्लार्क



■ जायसवाल और संजू किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखते है

**मुबंई, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है।

कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा कि जयसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज्ड़ादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह खुद को बस कुछ गेंदें दे, यहाँ तक कि पहले ओवर में ज़मीन पर हिट करने की कोशिश करे, तो वह बहुत विनाशकारी हो सकता है। उन्होने कहा कि राजस्थान रॉयल्स एक अलग टीम है जब उनका ओपनिंग कॉम्बिनेशन आग उगलता है। वे बहुत शक्तिशाली हैं। रियान पराग के बारे में संजय मांजरेकर ने कहा कि मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग की पारी और भी महत्वपूर्ण थी। हां, जायसवाल ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। उसके बाद, पराग ने अपना समय लिया और मुझे थोड़ी चिंता हुई कि शायद वह बहुत धीमी गति से खेल रहे हैं, लेकिन फिर उन्होंने धमाका कर दिया। अब वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि वह धीमी शुरुआत की भरपाई कर सकते हैं। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज्ड़ादा था। अगली 13-14 गेंदों में यह 200 के करीब था। उस पारी ने राजस्थान रॉयल्स को एक बेहतरीन स्थिति में पहुँचा दिया। क्लार्क ने कहा कि मुझे लगता है कि राजस्थान रॉयल्स ने 200 रन तक पहुंचने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, यह वास्तव में एक अच्छा स्कोर था। पंजाब किंग्स शायद निराश होंगे कि उन्होंने इतने रन दिए। लेकिन जोफ्रा आर्चर की पहली गेंद ने वास्तव में राजस्थान रॉयल्स के लिए लय तय कर दी। यह एक बेहतरीन गेंद थी। फिर श्रेयस ने दो अविश्वसनीय कवर ड्राइव लगाए।

## डोपिंग मामले में मेरे फिजियो की गलती: सिनर

■ टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद बैन हुए थे, रोम मास्टर्स से करेंगे वापसी



**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर 1 इटालियन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर पर डोपिंग के चलते वर्ल्ड एंटी डोपिंग एसोसिएशन (वाडा) ने हाल ही में बैन लगाया था। पिछले साल उनके 2 डोपिंग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद उनपर इस साल 9 फरवरी से 4 मई तक का बैन लगाया गया था। दरअसल, मार्च 2024 में हुए इंडियन वेल्स टूर्नामेंट के दौरान उनके शरीर में एक क्लोस्टेबोल नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया। यह पदार्थ उनके शरीर में एक स्प्रे के माध्यम से गया था। शनिवार को सिनर ने बैन के बाद स्काई स्पोर्ट्स को अपना पहला इंटरव्यू दिया। जिसमें उन्होंने कहा, यह मेरे फिजियोथेरेपिस्ट की गलती थीरू सिनर इंटरव्यू में सिनर ने कहा, यह पदार्थ मेरे फिजियोथेरेपिस्ट के स्प्रे के जरिए गलती से मेरे शरीर में आया था। इस स्प्रे को उनके फिजियो ने सिनर के एक कट को ठीक करने के लिए इस्तेमाल किया था। लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान वे दस्ताने पहनना भूल गए। जिसकी वजह से यह पदार्थ सिनर के शरीर में चला गया। हालांकि इस घटना के बाद सिनर ने उस फिजियोथेरेपिस्ट को हटा दिया था। जैनिक सिनर ने इस साल जनवरी में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर 2025 आस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था। इसी के साथ उन्होंने अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। वो 2006 में फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब बरकरार रखने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। जैनिक सिनर ने कहा कि वो अपने आगामी टूर्नामेंट के लिए तैयार होने पर ध्यान दे रहे हैं। सिनर इस साल 7 मई से शुरू हो रहे रोम मास्टर्स से अपने इंटरनेशनल करियर में वापसी करेंगे। इसके बाद वह 19 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में भी खेलते नजर आएंगे।

# हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया

● नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए, मोहम्मद सिराज को चार विकेट मिले



**हैदराबाद, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2025 के 20वें मैच में गुजरात टाइटंस को 153 रन का टारगेट दिया है। जवाब में गुजरात ने एक ओवर में बिना नुकसान के 4 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल क्रीज पर हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। नीतीश कुमार रेड्डी (31 रनद्ध और हेनरिक क्लासन (27 रन( ने फिफ्टी पार्टनरशिप की। अनिकेत वर्मा और अभिषेक शर्मा ने एक समान 18-18 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट झटके। उन्होंने सिमरजीत सिंह, अनिकेत वर्मा, ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा को पवेलियन भेजा। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर को 2-2 विकेट मिले। हैदराबाद ने गुजरात को 153 रन का टारगेट दिया है। टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 152 रन बनाए। आखिरी ओवर डाल रहे ईशांत शर्मा ने 17 रन दिए। उनके ओवर में पैट कमिंस ने एक चौका और एक छक्का लगाया। उन पर शमी ने भी एक चौका लगाया। 17वें ओवर की आखिरी बाल पर हैदराबाद ने छठा विकेट गंवाया। यहां कमिंडु मेंडिस एक रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने साई सुदर्शन के हाथों कैच कराया। 16वें ओवर की पहली बाल पर हैदराबाद का 5वां बैटर आउट हुए। यहां साई किशोर ने नीतीश रेड्ध्डी को राशिद खान के हाथों कैच कराया। उन्होंने अपने पिछले ओवर में हेनरिक क्लासन को भी आउट किया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। इस ओवर की 5वीं बाल पर साई सुदर्शन ने हेनरिक क्लासन को बोल्ड कर दिया। क्लासन ने 27 रन बनाए। साई किशोर ने फिफ्टी पार्टनरशिप को ब्रेक किया। टीम ने तीसरा विकेट 50 रन के स्कोर पर गंवाया था। ओवर की आखिरी बाल पर अनिकेत ने एक रन लेकर टीम को 100 पार पहुंचाया। 8वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। दूसरी बाल पर ईशान किशन 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने ईशांत शर्मा के हाथों कैच कराया। इसी ओवर में हैदराबाद ने 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही हैदराबाद की शुरुआत खराब रही है। टीम ने 6 ओवर के फेज में 45 रन बनाने में ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। हेड 8 और अभिषेक 18 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट सिराज ने जीते हैं। पारी के छठे ओवर में ग्लेन फिलिप्स को चोट लगी। एक थ्रो फेंकते समय उनकी मसल्स में खिंचाव आया। फिजियो उन्हें मैदान से बाहर ले गए।

# मदरसा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल 97 मदरसों को मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** उत्तराखंड में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रमुख मुस्लिम समाज के नेताओं, मदरसा शिक्षकों एवं प्रशासकों ने उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी का मौलवियों, मदरसा शिक्षकों और प्रशासकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा मदरसा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदमों के लिए आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष, मुफ्ती शमून कासमी ने कहा: ष्यह कार्य माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और सर्वसमावेशी दृष्टिकोण के कारण संभव हो पाया है। मैं उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने उत्तराखंड के मदरसों को सम्मान और पहचान देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। मुफ्ती शमून कासमी ने यह भी बताया कि उत्तराखंड के सभी मदरसों में अब छब्म्त्ज



पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा: हमारा उद्देश्य है कि मदरसा छात्र केवल धार्मिक शिक्षा तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, और प्रशासनिक सेवाओं में करियर बनाने का पूर्ण अवसर मिले। हम उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़कर उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

मुफ्ती शमून कासमी ने यह भी स्पष्ट किया कि हाल ही में उत्तराखंड सरकार द्वारा अवैध मदरसों के विरुद्ध की गई कार्रवाई एक साहसिक, संवैधानिक और सकारात्मक कदम है। यह कार्रवाई केवल अवैध, गैर-पंजीकृत एवं मानकों के विरुद्ध चल रहे मदरसों के खिलाफ है। उत्तराखंड सरकार द्वारा की जा रही यह पहल शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी और जिम्मेदार बनाने की दिशा में प्रशंसनीय है। सभी मान्यता प्राप्त मदरसे सरकार के नियमों और शिक्षा बोर्ड की निगरानी में विधिसम्मत रूप से संचालित हो रहे हैं और उनका पूर्ण संरक्षण किया जाएगा।

# भगवानपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान, वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने आज क्षेत्र में विशेष सत्यापन अभियान चलाया जिससे क्षेत्र में खलबली मची रही। इस दौरान करीब डेढ़ सौ लोगों का सत्यापन किया गया। एक दर्जन लोगों के चालान काटे गए। वहीं चालान काटते हुए हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी/मजदूर/फड़/किरायेदार ठेली वाले व्यक्तियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर द्वारा आज अलग-अलग टीमों का गठन कर वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया एवम निम्नलिखित कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान-सत्यपान का क्षेत्र ग्राम रायपुर, ग्राम सिसौना रहा। वहीं 150 मकान मालिकों के घरो पर जाकर 69 व्यक्तियों के 83 पुलिस अधिनियम में किता चालान संयोजन शुल्क 6,90000/-रुपये न्यायालय में जमा किया गया। वहीं सत्यापन के दौरान संदिग्ध पाये जाने पर 18 लोगो के 81 उत्तराखंड पुलिस अधिनियम मे किया चालान 5000/- रु0 संयोजन शुल्क वसूला गया।

# चार आरोपियों ने एक व्यक्ति को पीटा, केस दर्ज

**रुड़की।** चार लोगों ने एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित की पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के हरचंदपुर गांव निवास बबली पत्नी राजकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 मार्च को दोनों पति-पत्नी घर में बैठे थे। इसी दौरान पड़ोस का ही एक आरोपी उनके नौकर को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने लगा। पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी के साथी भी मौके पर आ गए। जिनके द्वारा मारपीट करते हुए पीड़ित को गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े, जिन्होंने बामुश्किल पीड़ित की जान बचाई।

# सट्टे की खाईबाड़ी में एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सट्टे की खाईबाडी करने वाले 01 अभियुक्त को भगवानपुर पुलिस ने धर दबोचा है। उसके पास से नगद 1040 रुपये मय सट्टा पर्ची, एक पैन कब्जे से बरामद किया।

जानकारी के अनुसार थाना भगवानपुर पुलिस को दिनांक 05/04/2025 को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुयी इण्डियन आयल के पीछे आम का बाग भगवानपुर के पास एक व्यक्ति सट्टे की खाई बाड़ी कर रहा है इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो मौके पर एक व्यक्ति सट्टे की खाईबाडी करते हुए पाया गया जिसके कब्जे से नगद 1040 रुपये मय सट्टा पर्ची, एक पैन के साथ गिरफ्तार गया जिस संबंध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0 115/25 धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम मुकेश कुमार पुत्र सुक्कड सिह निवासी शाहपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार है। उसे पकडने वाली पुलिस टीम में 1-हे0का0 सुन्दर सिंह ख्रथाना भगवानपुर 2-का0 राजेन्द्र वर्मा थाना भगवानपुर आदि शामिल रहे।

**वहीं** 11 **मार्च** से लापता युवक को पुलिस ने यमुनानगर से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। कस्बा निवासी मूनसरीना ने 11 मार्च को अपने पुत्र अमजद की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने लापता 34 वर्षीय अमजद को यमुनानगर से सकुशल बरामद कर लिया।

# इकराम की हत्या में फरार 25 हजार का इनामी दबोचा, तमंचा व कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** लंढौरा में दो भाइयों पर फायरिंग कर इकराम की हत्या के मामले में फरार चल रहे पच्चीस हजार के इनामी चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त तमंचा, दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस तीन हत्यारोपियों को पहले ही मुठभेड़ के दौरान पकड़ चुकी हैं। अठ्ठाईस फरवरी को कार सवार बदमाशों ने लंढौरा में दो सगे भाइयों इकराम व ताजीम पर फायरिंग की थी। गोली लगने से इकराम की मौत हो गई थी, जबकि ताजिम गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ



मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी थी। घटना के तीन दिन बाद ही इकराम हत्याकांड में शामिल बदमाशों का शिखर के जंगल में मुठभेड़ हो गई थी। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई थी। इस दौरान पुलिस ने नाबालिग समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया था। पुलिस पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपियों ने अन्य साथियों के नाम भी बताए थे। तभी से पुलिस हत्याकांड में शामिल फरार चल रहे आरोपियों को तलाश करने में लगी हुई थी। शनिवार की देर शाम को पुलिस को सूचना मिली कि इकराम हत्याकांड का एक आरोपी नहर पटरी से गुजरने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बताए गए स्थान की घेराबंदी कर ली। इस दौरान पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम निपुल उर्फ छोटा निवासी ब्रह्मपुर जट कोतवाली मंगलौर बताया है। कार्यकारी कोतवाली प्रभारी रफत अली ने बताया कि इकराम हत्याकांड में शामिल चौथे आरोपी निपुल को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी पर पच्चीस हजार का इनाम भी था।

# छात्र को बेहोश कर उठा ले गए कार सवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ई-रिक्शा चालक के बेटे को कार सवार बदमाश मलकपुर चुंगी से उठा ले गए। ई-रिक्शा चालक के बेटे को जब होश आया तो वह देहरादून के आशारोडी चौकी के पास मिला। पीड़ित ई-रिक्शा चालक ने सिविल लाइन कोतवाली पहुंचकर घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के खंजरपुर निवासी ई-रिक्शा चालक अमित कुमार ने बताया कि उसका 16 वर्षीय बेटा प्रियांशु कक्षा दस में पढ़ता है। वह अपने छोटे भाई को मलकपुर चुंगी स्थित स्कूल में छोड़कर वह साइकिल से अपने विद्यालय जा रहा था। जैसे ही वह नगर निगम चौक के पास पहुंचा तो वहां मौजूद कार सवार कुछ युवक उसे बेहोश कर कार में डालकर ले गए। बताया कि जब उसके बेटे की आंख खुली तो वह देहरादून के आशारोडी चौकी के पास था। उसका पुत्र किसी प्रकार पैदल आईएसबीटी पहुंचा और वहां से देहरादून में ही रिश्तेदार के घर पर पहुंच गया। वहां बेटे ने फोन कर परिजनों को आप बीती बताई। पीड़ित के पिता ने अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। एसएसआई विनोद थपरियाल ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

**वहीं** मिलिट्री चौराहे के पास शनिवार दोपहर बाद जाम लगने की वजह से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंची पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद सहारनपुर और दिल्ली देहरादून मार्ग से जाम खुलवाया।

# गुरु ज्ञान सागर स्कूल, का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया शिक्षक-अभिभावक मिलकर छात्र का निर्माण करते हैं: मेराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** गुरु ज्ञान सागर स्कूल का सातवां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मेराज अहमद (खंड शिक्षा अधिकारी), अनुराग सिंहल डायरेक्टर डॉक्टर अनुज गोयल, डॉक्टर लीना गोयल द्वारा गुरु ज्ञान सागर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

जानकारी के अनुसार विद्यालय वार्षिकोत्सव में सुशील कुमार जैन मेमोरियल स्कॉलरशिप बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत आठवी कक्षा की ऑल राउंडर गर्ल अवनी लोहान को पांच हजार का चेक, देवेंद्र कुमार गोयल मेमोरियल अवार्ड स्कॉलरशिप विद्यालय के छात्र अभय सालार को 2500 का चेक ,नमन एक्सीलेंस अवॉर्ड विद्यालय की छात्रा वर्णिका लोहान को 2500 का चेक ,विद्यालय का शशिबाला पुरस्कार वर्णिका लोहान 2500 का चेक और श्रीमती शैला रानी जैन पदम चंद जैन स्कॉलरशिप रुपए 5100 का चेक विद्यालय के छात्र कुणाल चौधरी को अनुज गोयल एवं




डॉक्टर लीना गोयल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय टॉपर्स के साथ-साथ, खेलकूद, शैक्षिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। मुख अतिथि मिराज अहमद ने विद्यालय गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए अपने आशीर्वचन में कहा कि एक छात्र को अपना अधिकतम समय विद्या अध्ययन, खेलकूद और बौद्धिक गतिविधियों में व्यतीत करना चाहिए। माता पिता और शिक्षक ही छात्र निर्माण के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है, और शिक्षक तथा अभिभावक मिलकर छात्र निर्माण में योगदान देते है इसलिए शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारित करना अत्यंत आवश्यक है। डायरेक्टर डॉक्टर अनुज गोयल द्वारा समस्त अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद करते हुए छात्रों को मोबाइल एवं नशे से दूर रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की कोऑर्डिनेटर जसविंदर ठाकुर, मीनाक्षी शर्मा सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का मंगलौर में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कसबे के एक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के छह बार के सांसद एवं तेजतर्रार कुश्ती प्रेमी का कुश्ती खेल प्रेमियों ने शानदार स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर उत्तराखंड कुश्ती संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर एसपी देशवाल के नेतृत्व में राहुल शर्मा कोषाध्यक्ष उत्तराखंड कुश्ती संघ हरिद्वार जिले के कोच जोगिंदर, अक्षय, पुलकित लोहान, विश्वजीत सालार, ऋतिक सालार, आलोक द्विवेदी, धर्मराज राणा, धर्मेंद्र बालियांन, अक्षय राठी, धर्मराज राणा, सुखविंदर लोहान आदि



खेलप्रेमियों ने उपस्थित होकर हृदय की गहराई के साथ पूर्व कुश्ती भारतीय संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का स्वागत किया।

# युवती नगदी व आभूषण लेकर घर से भागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस में रहने वाले लड़के पर अपनी पुत्री को भगाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि दो बीती दो अप्रैल की सुबह लगभग सात बजे उसकी 21 वर्षीय पुत्री घर से कहीं चली। जो घर से 17 हजार रुपये नगद और कुछ सोने-चांदी के आभूषण भी साथ में ले गई है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री को अपने झांसे में लेकर कहीं ले गया है। थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। **वहीं दूसरी ओर** रात लक्सर कस्बा चौकी प्रभारी नवीन चौहान अपने साथ सिपाही संदीप रावत व अमित रावत को लेकर गश्त कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाकरपुर गांव के पास से 20 वर्षीय युवक एकांत पुत्र अनिल निवासी ग्राम सांचलू थाना रामपुर मनिहारन जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को एक तमंचे और एक कारतूस के साथ पकड़ लिया।

# उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल का द्विवार्षिक अधिवेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में उत्तरांचल फेडरेशन ऑफ मिनिस्ट्रियल सर्विसेज एसोसिएशन का हरिद्वार जिले का द्विवार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारी प्रमुखता से शामिल हुए। जानकारी के अनुसार इस मौके पर कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से सामने रखा गया। इस मौके पर उत्तरांचल फेडरेशन मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल और प्रांतीय महामंत्री मुकेश बहुगुणा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल को एक मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें सरकार से कुछ मांगे रखी गई थी। जिनमें प्रमुख रूप से अधिकतर मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के कार्य एवं दायित्वों का सही तरीके से निर्धारण नहीं हो सका है विभिन्न कार्यालय में कार्यरत मिनिस्ट्रियल कर्मचारियों के कार्य एवं दायित्व का निर्धारण जल्द से जल्द किया जाए ।उन्होंने सरकार से मांग करते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की मांग की।सुगम दुर्गम का विभागवार पुनः निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि समस्त विभागों के कनिष्ठ सहायको प्रथम नियुक्ति के उपरांत विभागीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। पुरानी पेंशन के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने तथा वर्तमान में नई पेंशन योजना के साथियों के लिए सामान्य भविष्य निधि योजना प्रारंभ की जाय।कनिष्ठ सहायक की प्रथम नियुक्ति हेतु केबल 5 ग्रेड वेतन किया जाए ।मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों के लिए तहसील स्तर तक तैनाती एवं सेवानिवृत्ति पर अनिवार्य रूप से अपने घर के समीप तैनाती की जानी चाहिए। अन्य संवर्गो की भाँति मिनिस्टीयल संवर्ग में भी स्टाफिंग पैटर्न की व्यवस्था समाप्त कर वित्तीय स्तरोंनयन की व्यवस्था प्रारंभ की जाए। इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष सईद अहमद, संरक्षक रेशम सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज नवानी, उपाध्यक्ष नीरज त्यागी,उपाध्यक्ष वैभव दिक्षित ,उपाध्यक्ष नीरज त्यागी संयुक्त मंत्री प्रवीण सिंह ,सिंचाई दीपक नेगी, अमित महंगई ,संगठन मंत्री विजय सिंह राणा,चौधरी अनिल सिंह,जिला मंत्री रोहित कुमार शर्मा आदि बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेटी का अपहरण करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कस्बा स्थित एक गन्ना कोल्हू में मजदूरी करने वाले उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बताया कि शुक्रवार तड़के उसकी 15 वर्षीय पुत्री गायब हो गई। आरोप है कि गन्ना कोल्हू संचालक का लड़का ही उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर कहीं ले गया है। थानाध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**वहीं दूसरी ओर** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के फेम कैंपस में शनिवार को एक युवक को लोगों ने बाइक चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। इसके बाद युवक की लोगों ने पिटाई शुरु कर दी। इस बीच किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लिया। इस दौरान किसी ने लोगों द्वारा आरोपी की पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# महिला मित्र से कमरा खाली करवाया तो युवक ने साथियों संग कर दिया पथराव व फायरिंग गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आदर्शनगर में पथरबाजी व फायरिंग प्रकरण में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश जारी है। महिला मित्र से कमरा खघली कराने से नाराज युवक ने साथियों के साथ मकान मालिक पर फायरिंग और पथराव किया था। घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा कारतूस पुलिस ने बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार वादी गुलाब गुप्ता पुत्र बलदेव निवासी निवास नगर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा कोतवाली रुड़की पर कोतवाली रुड़की पर तहरीर दी एक अप्रैल की रात को



दो मोटर साइकिल पर सवार 6 अज्ञात लड़कों द्वारा उनके घर पर ईंट पत्थरों से हमला किया गया एवं हवाई फायरिंग की गई। जिसके आधार पर कोतवाली रुड़की पर मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। आदेश के अनुपालन में कोतवाली रुड़की पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में गहन सुरागरसी पतारसी कर मुखबिर तंत्र की मदद से घटना में शामिल आरोपी कार्तिक पुत्र कुलबीर सिंह निवासी चंडहेड़ी नागल थाना देवबंद जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश उम्र 20 वर्ष को एक तमंचा व एक खोखा कारतूस के साथ दबोचा गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी महिला दोस्त वादी के घर किराए पर रहती थी जिसको वादी द्वारा कमरा खघली करा लिया था इसी बात पर नाराज युवक ने अपने अन्य दोस्तों संग उनके मकान मालिक को डराने के लिए उक्त घटना को अंजाम दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक ध्वजवीर पंवार,अपर उप निरीक्षक बालम सिंह राठौड़,कांस्टेबल नीरज,अनिल और गंभीर सिंह शामिल रहे।

# पुलिस व गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ने मारा छापा, 195 किलो मांस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ने अवैध तरीके से भैस वंशीय पशु का क्रूरतापूर्ण कटान कर मांस बेचने के आरोप में तीन युवको को गिरफ्तार किया हैं उनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की हैं।

थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि कलियर पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड टीम के एसआई शरद कुमार कलियर में गो तस्करी में चौकिंग कर रहे थे।इसी बीच मुखबिर ने सूचना देकर बताया कि पिरान कलियर के मुकरर्बपुर में भैंस वंशीय पशु का कटान कर उसके मांस को बेचने दुकान पर बेचा जा रहा हैं। सूचना पर टीम ने मांस की दुकान पर छापा मारकर तीनों युवको को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास 195 किलोग्राम भैंस वंशीय पशु का मांस कटान करने वाले उपकरण बरामद किया हैं।तीन युवक बरामद पशु मांस और उपकरणों का कोई वैध लाइसेंस नही दिखा पाए। पुलिस आरोपी




सफीक,मोनिस और अनस के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।टीम में गौ संरक्षण स्क्वॉयड टीम में एसआई शरद सिंह,एसएसआई बबलू चौहान, प्रवीण सैनी, राजेंद्र सिंह, ब्रजकिशोर,पवन कुमार ,लखमीरा, जमशेद अली, विक्रम चौहान आदि शामिल रहे।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 7 अप्रैल 2025**

## दलबदल पर शिकंजा

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा कि यदि स्पीकर दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय लेने में अनिर्णय दिखाते हैं, तो न्यायपालिका निष्क्रिय नहीं रह सकती। अदालत निर्देश जारी कर सकती है, जिसे यदि नजरअंदाज किया गया, तो अनुच्छेद 142 के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। विधानसभाओं में दलबदल का मुद्दा हाल के वर्षों में सार्वजनिक जीवन में एक बड़ा विवादास्पद मुद्दा बन गया है। सत्तारूढ़ दलों, सियायी लोगों का  का, तो यहां तक कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने दलबदल को प्रोत्साहित करके अपने विधायी आधार में बढ़ोतरी के लिए निर्लज्ज रवैया अपनाया है। आम तौर पर इसके लिए अपनाए जाने वाले तरीके में, जिसे 2010 के दशक के उत्तरार्ध में मणिपुर में और बाद में महाराष्ट्र में बेशर्मी से अपनाया गया। स्पीकर शामिल होते हैं, जो हमेशा सत्तारूढ़ दल से होते हैं। वह दलबदल करने वाले विधायकों के खिलाफ विपक्षी दलों की अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर बिना कोई फैसला दिए बैठे रहते हैं। कुछ दलबदलुओं को, उनके पाला-बदल पर स्पीकर का निर्णय लंबित रहते हुए, मंत्री के रूप में शपथ तक दिलाई गई है। लोकतांत्रिक कवायद का मजाक बनाते हुए, कई राज्यों में सत्तारूढ़ दल की ओर सामूहिक पाला-बदल का अशोभनीय दृश्य देखा गया है। इस सिलसिले में सबसे ताजा तेलंगाना की स्थिति है, जहां भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने पाला बदलकर कांग्रेस की ओर जाने वाले अपने 10 विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए याचिकाएं दायर की थीं, जिन्हें स्पीकर ने इस साल जनवरी में जाकर अधिसूचित किया। स्पीकर द्वारा समय से कार्रवाई की मांग करते हुए बीआरएस ने एक याचिका दायर की, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उचित टिप्पणी की कि अगर कोई स्पीकर अनिर्णायक बने रहने का विकल्प चुनता है, तो अदालत सुप्रीम कोर्ट, शक्तिहीन नहीं है। न्यायमूर्ति बीआर गवई की यह टिप्पणी तर्कसंगत है कि अदालतें किसी स्पीकर को यह नहीं बता सकतीं कि वह कैसे निर्णय करे, लेकिन वे स्पीकर से वाजिब समय के भीतर निर्णय करने के लिए कह सकती हैं। मई 2023 में, पांच जजों की एक संविधान पीठ ने दलबदल पर निर्णय के लिए स्पीकरों की उपयुक्तता और निष्पक्षता में विश्वास जताया था लेकिन एक वाजिब अवधि के भीतर। इस फैसले की बुनियाद पर अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष की दलबदल याचिकाओं पर निर्णय करने के वास्ते महाराष्ट्र के स्पीकर के लिए एक समयसीमा तय की थी। स्पीकर द्वारा याचिकाओं पर सुनवाई में अनावश्यक देरी के बाद यह कदम उठाया गया था। फिर भी, यह मुद्दा बना हुआ है। यह अपरिहार्य है क्योंकि स्पीकर हमेशा सत्तारूढ़ दलों से निर्वाचित होते हैं और शायद ही कभी गैर-पक्षपाती ढंग से काम करते हैं, जबकि उनसे निष्पक्षता बरतने की उम्मीद की जाती है।

## अतीत को याद रखें भाजपा कार्यकर्ता



सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ अपने अतीत को भी याद रखना होगा, हमें अपने पुराने कार्यकर्ताओं से संवाद जारी रखना है, उनसे मिलना है, उन्हें समझना है, उन सभी के संघर्ष से आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, हमने राममंदिर बनाने का वादा किया, तो पूरा किया, धारा 370 खत्म करने का वादा किया, तो पूरा किया। भाजपा जो कहती है, वो करती है, यही वजह है कि हमारी राज्यों में सरकारें लगातार रिपीट हो रही है। उत्तराखंड, हरियाणा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में जनता का विश्वास हम पर बना हुआ है। इस बार दिल्ली में भी हमारी 2.5 दशक बाद सरकार आई है।

**जेपी नड्डा**
**भाजपा अध्यक्ष**

## वक्फ विवादः निगाहें कहीं हैं, निशाना कहीं

**कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं, जबकि सत्तारूढ़ राजद व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं**



**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों लंबी बहस व विवादों के बाद आख़िरकार वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित हो ही गया। चूंकि इस समय दोनों ही सदनों में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का बहुमत है इसलिए इस विधेयक के पारित होने की पूरी संभावना भी थी। हां विपक्ष को कुछ उम्मीदें स्वयं को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले सत्ता के सहयोगी दलों के प्रमुख नेताओं नितीश कुमार, चंद्र बाबू नायडू, जयंत चौधरी व चिराग़ पासवान से ज़रूर थीं कि शायद वे इस विधेयक के विरोध में खड़े हों परन्तु ऐसा नहीं हुआ। यहां तक कि इनके दलों के मुस्लिम सांसदों ने भी इस विधेयक का विरोध नहीं किया। बहरहाल अब कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी इण्डिया गठबंधन दलों द्वारा एक इस विधेयक के विरोध के आख़िरी विकल्प के रूप में सर्वोच्च न्यायलय का दरवाज़ा खटखटाने की ख़बर है जहां इस की संवैधानिकता को चुनौती दी जाएगी। ग़ौर तलब है कि कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दल वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को असंवैधानिक और मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। जबकि सत्तारूढ़ राजग व भाजपा के नेता इस बिल को मुस्लिम हितैषी बता रहे हैं।

दरअसल एक अनुमान के अनुसार भारत में सेना और रेलवे के बाद सबसे ज़्यादा अचल संपत्ति वक्फ बोर्ड के अधीन है। इन्हें संचालित करने के लिए भारत में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं और इन सभी वक़्फ़ बोर्ड का संचालन राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय वक्फ़ काउंसिल और राज्य स्तर पर वक्फ बोर्ड करते हैं। यह व्यवस्था भारत सरकार द्वारा वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन व रखरखाव के लिए निर्धारित की गई है। प्रत्येक वक्फ संपत्ति के प्रबंधन के लिए एक मुतवल्ली नियुक्त किया जाता है। इसी मुतवल्ली के हाथों में वक्फ संपत्ति का नियंत्रण होता है। वक्फ संपत्ति से होने वाली कुल आय का एक निर्धारित प्रतिशत वक्फ बोर्ड को बोर्ड के रखरखाव के नाम पर दिया जाता है। यही वक्फ बोर्ड वक्फ संपत्ति संबंधित विवादों ख़ासकर मुतवल्ली की नियुक्ति व अवैध क़ब्ज़ा हटाने या किसी को किराए पर देने न देने जैसे मामलों में हस्तक्षेप करता है। वक्फ सम्पत्तियां केवल मुसलमानो से जुड़ी हुई ही नहीं हैं। बल्कि विभिन्न धर्मों में इसतरह की सम्पत्तियाँ मिलेंगी जिन्हें पूर्व में राजा महाराजाओं, ज़मींदारों, जागीरदारों, धनाढय लोगों द्वारा यहां तक कि जो साधारण लोग भी अपनी संपत्ति अपने क़ानूनी वारिसों को न देकर अपने धर्म से सम्बंधित धर्मस्थानों को दान में दे दिया करते थे। आज देश भर में विभिन्न धर्मों के धर्म स्थलों के पास इस तरह की बेहिसाब सम्पत्तियां हैं। इन संपत्तियों को कहीं महंत या गद्दी नशीन देख रहे हैं, कहीं प्रबंधन कमेटियां बनी हुई हैं तो कहीं इसके प्रबंधन के लिए न्यास (वक्फ) या ट्रस्ट बनाये गये हैं। मिसाल के तौर पर जगन्नाथपुरी ट्रस्ट, वैष्णो देवी ट्रस्ट, मनसा देवी ट्रस्ट की तरह हिन्दू धर्मस्थलों से जुड़े अनेक ट्रस्ट हैं। इसी तरह सिख धर्मस्थलों की देखभाल के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाई गई है। परन्तु इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रत्येक धर्मों में पाई जाने वाली इस तरह की सम्पत्तियों में या इससे होने वाली बेहिसाब आय में आम तौर पर लूट खसोट की ख़बरें भी आती रहती हैं। यही वजह है कि विभिन्न राज्यों में वक्फ बोर्ड संपत्तियों के ग़बन और भ्रष्टाचार, वक्फ ज़मीनों पर अवैध क़ब्ज़ा, राजनीतिकरण और सांप्रदायिक दुरुपयोग, धार्मिक भेदभाव, पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव, क़ानूनी विवाद और निष्क्रियता जैसे आरोप भी लगते रहे हैं।

परन्तु यदि सत्ता से जुड़े गिने चुने मुसलमानों को छोड़ दें तो न केवल देश के आम मुसलमान बल्कि समूचा विपक्ष और अनेक क़ानूनविद व बुद्धिजीवी वक्फ संशोधन विधेयक, 2025 को मुस्लिम विरोधी, मुसलमानों द्वारा वक्फ की गई ज़मीनों को हड़पने का प्रयास तथा दूसरे धर्मों व धर्मस्थलों में हस्तक्षेप करने की कोशिश बता रहे हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब मंदिरों व अन्य धर्मों के धार्मिक प्रबंधन में किसी दूसरे धर्म के लोग शामिल नहीं किए जाते तो वक्फ बोर्ड में किसी ग़ैर मुस्लिम को शामिल करने का आखिर क्या मकसद है? यदि मुस्लिम वक्फ संपत्ति के प्रबंधन में ग़ैर-मुसलमानों को रखा जा सकता है तो ग़ैर-मुसलमानों के धर्मस्थलों की संपत्ति प्रबंधन में मुसलमानों को क्यों नहीं शामिल किया जाना चाहिए? विपक्ष का मानना है कि सरकार इस बिल के द्वारा वक्फ बोर्ड के अधिकारों को इसलिए कम कर रही ताकि वह वक्फ बोर्ड की संपत्ति पर क़ब्ज़ा कर सके।

विपक्ष इसे मुस्लिम समाज को तोड़ने व कमज़ोर करने का काम बता रहा है। कुछ सांसदों ने तो संसद में बहस के दौरान यह तक कह डाला कि यह विधेयक मुसलमानों के धर्म पर डाका डालने तथा मुसलमानों की वक्फ संपत्ति को हड़पने वाला है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इस विधेयक को 'संविधान पर एक निर्लज्ज हमला' तथा समाज के स्थाई ध्रुवीकरण की रणनीति का हिस्सा बताया जिससे भाजपा तिलमिला उठी है। कुछ इसी से मिलता जुलता विवाद पिछले कई दिनों से बिहार के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल बोधगया को लेकर भी छिड़ा हुआ है। यहां गत 12 फ़रवरी से बौद्ध भिक्षु बीटी एक्ट यानी बौद्ध गया टेंपल एक्ट, 1949 को समाप्त करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस नियम के अंतर्गत बौद्ध गया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) में बौद्धों के साथ-साथ हिंदू धर्मावलंबियों को भी सदस्य बनाने का प्रावधान है। बौद्ध भिक्षु इसे उनके धार्मिक मामलों में दख़ल मानते हुए लंबे समय से इस क़ानून का विरोध कर रहे हैं। पहले बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर के सामने ही आमरण अनशन पर बैठे थे परन्तु गत 27 फ़रवरी को प्रशासन द्वारा इन्हें महाबोधि मंदिर परिसर से हटा दिया गया। इसके बाद अब बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर से एक किलोमीटर की दूरी पर दोमुहान नामक स्थान पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। गोया बौद्ध धर्म के लोग भी अपने धार्मिक मामलों में दूसरे धर्म के लोगों की दख़लअंदाज़ी सहन नहीं कर पा रहे फिर आख़िर मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दख़ल देने का मक़सद क्या? रहा सवाल भाजपा द्वारा इस विधेयक के माध्यम से मुस्लिम हितों की बातें करने का या इस विधेयक को मुस्लिम हितैषी बताने का तो पूरी दुनिया देख रही है कि सत्ता में आने के बाद भाजपा ने जिस 'गुजरात मॉडल' को देश में लागू करने की बात कही थी वह गुजरात मॉडल दरअसल क्या है? आज भाजपा के पूरे देश में कोई सांसद या विधायक नहीं है। जगह जगह मदरसे बंद कराये जा रहे हैं। मस्जिदों व क़ब्रों को खोदने का सिलसिला चल रहा है। जिन पसमांदा मुसलमानों के हितों की भाजपा बात करती है उसी समाज के कितने लोगों के घरों को बुलडोज़र से तहस नहस कर दिया गया है। उन्हीं पसमांदा मुसलमानों के व्यवसायिक व सामाजिक बहिष्कार की अपील भाजपाई समर्थक करते रहते हैं। संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ाते हुए हिन्दू राष्ट्र निर्माण की बात अनेक नेताओं व कथित धर्मगुरुओं द्वारा सरे आम की जा रही है। ऐसे वातावरण में वक्फ विधेयक 2025 को मुसलमानों का हितैषी बताने का दावा, निगाहें कहीं हैं और निशाना कहीं जैसा ही है।

**यह लेखक के निजी विचार है**




# खतरे में समूचा नार्थ-ईस्ट और चीन...



**पवन सिंह**

**मार्च 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है, यूनुस और जिनपिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधुनिक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया**

चीन भारतीय सीमाओं और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए अब एक बहुत बड़ा खतरा बन चुका है। वह बात अलग है कि सरकार नंगी आंखों से लगातार सारा चीनी खेल देख रही है लेकिन खामोश है। यह सन्नाटा क्यों पसरा हुआ है यह एक बड़े रहस्य का विषय है। चीन के लिए मौजूदा भारतीय नेतृत्व किसी वरदान की तरह है जब न तो सत्ता से कोई आवाज उठ रही है न ही 24 गुणा 7 'राष्ट्रवादी लीक्विड फ्लो डिस्चार्ज' करने वाले झंबरझांय टाइप्स नोएडा मीडिया से। सबसे बड़ी बात विपक्षी दलों की खतरनाक हो चली चुप्पी है।



विपक्ष को चीनी घुसपैठ पर मुखर होकर सवाल उठाना चाहिए, वह भी खामोश है। विपक्ष यह कह कर अपना दामन नहीं बचा सकता है कि संसद में उसे बोलने नहीं दिया जाता सड़क पर बोलने से किसने रोका है आपको हाल ही में चीन ने बांग्लादेश सरकार के साथ तीस्ता नदी प्रोजेक्ट पर जो समझौता किया है, वह माओत्से तुंग के उस सपने को आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा जब उसने कहा था-समूचा नार्थ ईस्ट हो अपना। ब्रिगेडियर अनिल गुप्ता ने इंडियन डिफेंस रिव्यू में जो विश्लेषण किया है वह बतौर एक हिन्दुस्तानी मेरे मन को बहुत दुखी कर रहा है। हम धीरे-धीरे नार्थ ईस्ट को खोने की कगार पर हैं। बकौल इंडियन डिफेंस रिव्यू वर्ष, 2017 का डोकलाम गतिरोध शी के कायाकल्प के सपने की प्रारंभिक अभिव्यक्ति थी उसके बाद से चीन बहुत कुछ आगे बढ़ चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है जब हमें एक शक्तिशाली दुश्मन से खुद को लड़ने के लिए तैयार करने की जरूरत थी, हमने अपनी ही जनता को आपस में लड़ा दिया है। हमने स्वयं अपनी अर्थव्यवस्था को नष्ट कर डाला है। अपने उद्योगों को चीन के हाथों रौंदवा डाला है। बात होनी चाहिए चीनी कब्जे पर बात हो रही है मस्जिदों की खुदाई पर। बात होनी थी वायुसेना और थल सेना पर नेवी की मजबूती पर बात हो रही नमाज छत पर होगी या सड़क पर माओत्से ने झिंजियांग व तिब्बत पर कब्जा करके चीन को भारत, नेपाल और भूटान के साथ साझा सीमाएं दे दीं और आगे का काम अब शी जिनपिंग कर रहा है। माओत्से (ज़ेडोंग) तिब्बत को चीन का दाहिना हाथ मानता था, जबकि लद्दाख, नेपाल, सिक्किम, भूटान और नेफा यानी अरुणाचल प्रदेश को उसकी पांच उंगलियां मानता था। इसलिए माओ का मानना था कि इन क्षेत्रों को 'आजाद' कराना चीन की ज़िम्मेदारी है। इंडियन डिफेंस रिव्यू के अनुसार-तिब्बत पर कब्ज़ा करने के बाद यह व्यापक रूप से उम्मीद की जा रही थी कि चीन इन क्षेत्रों को आज़ाद करने का प्रयास कर सकता है, लेकिन तिब्बत पर कब्ज़ा करने के खिलाफ़ वैश्विक आक्रोश ने माओ को अस्थायी रूप से इस विचार से खुद को दूर करने के लिए मजबूर कर दिया लेकिन माओत्से तुंग के आधुनिक अवतार शी जिनपिंग ने माओ के 'पांच अंगुलियों' को 'स्वतंत्र' करने के सपने को पूरा करने का बीड़ा उठाया है। पांच अंगुलियों में से दो भारत की सीमा से लगे संप्रभु राष्ट्र हैं, जबकि अन्य तीन भारत का अभिन्न अंग हैं।

डोकलाम में चीन को जो चाहिए था वह खेल उसने जीत लिया है। चीन ने डोकलाम पठार के पास भूटान में 22 गांवों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है जबकि 2017 में इसी क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गतिरोध हुआ था। चीन की इस गतिविधि से सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर भारत के सामने नंगी चुनौतियां हैं। टाइम्स ग्रुप ने इस मसले पर एक स्टोरी की थी लेकिन वह मंदिर-मुस्लिम-मस्जिद के आगे बेकार साबित हुई। जयंता कालिता के अनुसार-अप्रत्याशित करना और गोपनीयता चीन की विदेश नीति की पहचान है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भूटान के रणनीतिक क्षेत्र डोकलाम पठार से चीनी सैनिकों के हटने के आठ साल बाद, बीजिंग ने इस क्षेत्र में कम से कम 22 गांवों और बस्तियों का निर्माण किया है। तिब्बती विश्लेषकों के एक नेटवर्क 'टर्क्वाइज रूफ' की तरफ से प्रकाशित अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट ने डोकलाम के पास चीनी निर्माण गतिविधि में वृद्धि का खुलासा किया है। भूटान ने चीनी दबाव के चलते अंततः भूटान-चीन सीमा पर संयुक्त तकनीकी समिति की जिम्मेदारियों और कार्यों को रेखांकित करते हुए परिसीमन और सीमांकन पर एक 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर कर दिए। जबकि भूटान, भारत की सहमति के बिना डोकलाम के नजदीकी इलाकों को नहीं छोड़ सकता था, क्योंकि 2007 की भारत-भूटान शांति संधि के अनुसार भूटान को भारत की सुरक्षा चिंताओं का सम्मान करना होगा लेकिन यहां चीन ने बाजी पलट दी। इसके बाद भूटानी प्रधानमंत्री ने भारत यात्रा के दौरान डोकलाम के नजदीक चीन द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के बारे में नई दिल्ली को बताया लेकिन शर्मिंदगी से बचने के लिए मामले को दबा दिया गया। फिलहाल चीन ने जो 19 गांव बसाये उनमें से तीन को कस्बों में अपग्रेड किया जा रहा है। चीन ने भूटान के इन पहले से निर्जन क्षेत्रों में लगभग 7,000 लोगों को स्थानांतरित किया है। ये सात हजार सैनिक हैं या आम नागरिक नहीं पता। चीन ने वर्षों से विवादित क्षेत्रों पर धीरे-धीरे अतिक्रमण किया है। विश्लेषक इसे 'सलामी स्लाइसिंग' कहते हैं।

फिलहाल मार्च, 2025 के अंतिम सप्ताह में चीन ने बांग्लादेश के यूनुस के साथ मिलकर एक बड़ा खेल कर दिया है। यूनुस और जिनफिंग के जारी संयुक्त बयान में बांग्लादेश ने चीन को अपनी मोंगला पोर्ट को अत्याधु. निक बनाने व विकसित करने का ठेका चीन को दे दिया।

### पहला सुख निरोगी काया, केवल कहावत नहीं, जरूरत है

# अधूरी स्वास्थ्य सेवाएं, अधूरे सपने...




**योगेश कुमार गोयल**

**प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है, इस दिवस को बनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना**

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन का पहला लक्ष्य वैश्विक स्वास्थ्य कवरेज रहा है लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यह सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है कि समुदाय में सभी लोगों को अपेक्षित स्वास्थ्य सुविधाएं व देखभाल मिले और लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक भी हों। स्वास्थ्य को लेकर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक करने तथा लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारने के उद्देश्य से ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, उनका स्वास्थ्य बेहतर बनाना, उनके स्वास्थ्य स्तर को ऊंचा उठाना तथा समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ वातावरण बनाते हुए स्वस्थ रखना है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्यः हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे। समूचे विश्व में जन-स्वास्थ्य से जुड़े कुछ वैश्विक तथ्यों पर ध्यान दिया जाए तो हालांकि टीकाकरण, परिवार नियोजन, एचआईवी के लिए एंटीरिट्रोवायरल उपचार तथा मलेरिया की रोकथाम में सुधार हुआ है लेकिन चिंता की स्थिति यह है कि अभी भी दुनिया की आधी से अधिक आबादी तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच नहीं है। विश्वभर में 80 करोड़ से भी ज्यादा लोग अपने घर के बजट का कम से कम दस फीसदी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर खर्च करते हैं। यही नहीं, स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा खर्च करने के कारण दस करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना जैसे वायरसों के समक्ष जब अमेरिका जैसे विक. सित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तो स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। यदि भारत की बात की जाए तो भारतीय समाज में सदियों से धारणा रही है 'जान है तो जहान है' तथा 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया'। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया' अर्थात् 'सब सुखी हों और सभी रोगमुक्त हों' मूलमंत्र में यही स्वास्थ्य भावना निहित है। कोरोना काल की अवधि को छोड़ दिया जाए तो देश में पिछले दशकों में आर्थिक दृष्टि से तीव्र गति से विकास तो अवश्य हुआ लेकिन कड़वा सच यह भी है कि तेज गति से आर्थिक विकास के बावजूद इसी देश में करोड़ों लोग कुपोषण के शिकार हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार तीन वर्ष की अवस्था वाले तीन फीसदी से भी अधिक बच्चों का विकास अपनी उम्र के हिसाब से नहीं हो सका है और चालीस फीसदी से अधिक बच्चे अपनी अवस्था की तुलना में कम वजन के हैं।



# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब रामबाण से कम नहीं है पुदीना

पुदीना एक ताजा जड़ी बूटी है जिसका आमतौर पर औषधीय रूप में उपयोग किया जाता है। पुदीना न केवल अपने ठंडे स्वाद के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संभावित स्वास्थ्य लाभों के लिए भी जाना जाता है-खासकर जब वजन कंट्रोल की बात आती है। एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर पुदीना फैट, मेटाबॉलिज्म और पाचन में सहायक भूमिका निभा सकता है। पुदीना पाचन एंजाइमों को उत्तेजित करता है जो भोजन से पोषक तत्वों को अवशोषित करने और फैट्स को इकट्ठा करने के बजाय उपयोग करने योग्य ऊर्जा में परिवर्तित करने में मदद करते हैं। जबकि पुदीना अकेले वजन घटाने के लिए एक चमत्कारी उपाय नहीं है बल्कि इसे संतुलित आहार और स्वस्थ लाइफस्टाइल में शामिल करने से शरीर की प्राकृतिक फैट्स-जलने की प्रक्रिया में वृद्धि हो सकती है। ऐसे में आप पुदीने को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं।

### डाइजेशन होता है बूस्ट अप

अगर आप पुदीने को डाइट में शामिल करते हैं, तो यह डाइजेशन को बूस्टअप करता है। गौरतलब है कि पुदीना डाइजेस्टिव एंजाइमों को उत्तेजित करता है, जिससे पाचन तंत्र बेहतर तरीके से काम करता है। इसके सेवन से आपका पाचन सही तरह से काम करता है, तो आपका शरीर फैट और कार्बोहाइड्रेट को अधिक बेहतर तरीके से प्रोसेस करता है, जिससे शरीर में अनावश्यक वसा जमा नहीं होता है। इतना ही नहीं, यह ब्लोटिंग को कम करने में मदद करता है, जिससे आप अधिक लाइट महसूस करते हैं।

### अतिरिक्त भूख और क्रेविंग को कंट्रोल करता है

ज्यादातर लोगों को वजन इसलिए भी कम नहीं हो पता है कि क्योंकि उनको बार-बार अनहेल्दी फूड्स की क्रेविंग्स होने लगती है। इसलिए आप अपने आहार में पुद. ीना को जरुर शामिल करें। इसके सेवन से आपको भूख भी कम लगेगी और बार-बार खाने की इच्छा भी कंट्रोल रहेगी।

### बॉडी को डिटॉक्स करता है

पुदीने के सेवन से आपको यह फायदा होगा कि आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी। दीना एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और शरीर से टॉक्सिन्स बाहर निकालने में मदद करता है। यह आपकी बॉडी को अंदर से साफ और डिटॉक्स करता है। पाचन बेहतर रहता है और ब्लोटिंग भी नहीं होती है।

# विरोध की लहरः ट्रम्प और मस्क के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों अमेरिकी

**50** राज्यों में हो रहे उग्र प्रदर्शन

**1400** से अधिक रैलियां निकाली गईं

**6** लाख लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और अरबपति एलन मस्क के खिलाफ सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन हुए। इन विरोध प्रदर्शनों में लाखों लोग शामिल हुए। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में 1400 से ज्यादा रैलियां की गई हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए 6 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में कटौती, अर्थव्यवस्था और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सरकार के फैसलों का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया है। हैंड्स ऑफ मतलब होता है- हमारे अधिकारों से दूर रहो। इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो। इस विरोध प्रदर्शन में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इसमें सिविल राइट आर्गनाइजेशन, मजदूर संघ, एलजीबीटीक्यू+वालंटियर्स, पूर्व सैनिक और चुनावी कार्यकर्ता शामिल थे। इस विरोध प्रदर्शन में सिविल राइट आर्गनाइजेशन और मजदूर संघ जैसे 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। एलन मस्क अमेरिका की ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख हैं। उनका दावा है कि सरकारी तंत्र को छोटा करने से टैक्सपेयर्स के अरबों डालर बचेंगे। वहीं व्हाइट हाउस ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प सोशल सिक्योरिटी, मेडिकेयर योजनाओं के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन डेमोक्रेट्स इन योजनाओं का लाभ अवैध अप्रवासियों को दिलाना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दूसरे देशों पर लगाया जाने वाला रेसिप्रो. कल टैक्स का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

## रैली में लगे नारे 'वह पागल है, अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा'

**वाशिंगटन।** प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वह पागल है और अमेरिका को मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। वाशिंगटन के नेशनल माल पर निकाली गई रैली में बाइक टूर गाइड डायने कोलिपैथ ने कहा कि हमारे साथ 100 लोग हैं जो न्यू हैम्पशायर से बस और वैन से ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने आए हैं। हमें दुनियाभर में अपने सहयोगियों को खोना पड़ रहा है। यहां तबाही मची हुई है।

वो हमारी सरकार को खत्म कर रहा है। लास एंजिलिस में एक महिला ने झंडा लहराया। इस पर लिखा था कि मेरे गर्भाशय से बाहर निकल जाओ। महिला ने ट्रम्प की गर्भपात विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कोलोराडो के डेनवर में लोगों पे कहा कि अमेरिका के लिए कोई राजा नहीं। लंदन में निक. ाली रैली में अमेरिकी-ब्रिटिश नागरिकता वाली लिज चैंबरलिन ने कहा कि अमेरिका में जो कुछ हो रहा है, वह हर किसी की समस्या है। यह आर्थिक पागलपन है। वह हमें वैश्विक मंदी की ओर धकेलने जा रहा है। बर्लिन में सेवानिवृत्त सुसैन फेस्ट ने कहा कि ट्रम्प ने सां. विधानिक संकट पैदा कर दिया है। वह आदमी पागल है।

# मोदी की अपील पर श्रीलंका ने 14 भारतीय मछुआरों को किया रिहा



**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद लंका ने 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। पीएम ने कल लंकाई राष्ट्रपति दिसानायके से मछुआरों की रिहाई पर बात की थी। मोदी तीन दिवसीय लंका दौरा पूरा कर भारत लौट आए हैं। इससे पहले उन्होंने आज बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में माहो ओमनथाई रेल लाइन का उद्घाटन और सिग्नल सिस्टम का शिलान्यास किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने लंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। लंका के माहो जिले से ओमनथाई जिले के बीच यह रेल लाइन नार्दर्न रेलवे लाइन का 128 किमी लंबा हिस्सा है। यह लंका के कुरुनेगला, अनुराधापुरा और ववुनिया जिलों से होकर गुजरता है। लंका सरकार ने इस रेलवे लाइन के आधुनिकीकरण

### पीएम ने बौद्ध तीर्थ अनुराधापुरा में रेलवे स्टेशन का उद्घाटन किया, भारत लौटे

और सुधार के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं। भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी IRCON इंटरनेशनल लिमिटेड इस खंड के डेवलपमेंट का काम कर रही है। इस परियोजना के लिए भारत ने 318 मिलियन डालर (2720 करोड़ रुपये) का लोन दिया है।

पीएम अनुराधापुरा के जय महाबोधि मंदिर भी पहुंचे थे। यहां उन्होंने मंदिर में बौद्ध भिक्षुओं से भेंट की है। इस दौरान पीएम ने मंदिर के प्रमुख बौद्ध भिक्षु को उपहार भी दिया।

## म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हुई

**यांगून।** म्यांमार में आए 7.9 तीव्रता के भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 3,471 हो गई। यह जानकारी सरकारी दैनिक द मिरर ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप के कारण शनिवार तक 4,671 लोग घायल हुए हैं जबकि 214 लोग अभी तक लापता हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय बचाव संगठनों ने भूकंप के बाद इमारतों में फंसे 653 लोगों को बचाया है और मलबे से 682 शव निकाले गए हैं।

## एक नजर

### इजरायल ने दो महिला ब्रिटिश सांसदों को देश में एंट्री नहीं दी

**यरुशलम।** इजरायली अधिकारियों ने दो ब्रिटिश सांसदों को देश में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि वे कथित तौर पर इजरायल विरा. ेधी बयानबाजी फैलाने की योजना बना रहे थे। टाइम्स ऑफ इजरायल अखबार ने इजरायली जनसंख्या और आव्रजन प्राधिकरण का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी। अखबार ने प्राधिकरण का हवाला देते हुए कहा कि सांसदों अब्तिसम मोहम्मद और युआन यांग को इजरायल में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि पता चला कि उनके दौरे का उद्देश्य इजरायली सुरक्षा बलों का दस्तावेजीकरण करना और इजरायल के खिलाफ घृणित बयानबाजी फैलाना था।

### अमेरिका में भारतीय मूल के काउंटी जज केपी जार्ज गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** फोर्ट बेंड काउंटी के जज केपी जार्ज को शुक्रवार को दो गंभीर आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। उन पर वायर धोखाधड़ी और एक अभियान वित्त रिपोर्ट में गड़बड़ी करने के आरोप हैं, जिसके चलते धन शोधन के आरोप भी लगाए गए हैं। बता दें कि 2018 से काउंटी जज के रूप में कार्यरत भारतीय मूल के जार्ज को गिरफ्तार करने के बाद काउंटी जेल में ले जाया गया, जहां उन्होंने 20,000 डालर की जमानत पर रिहाई पाई। वहीं अब बात अगर जज पर लगे आरोपों की करें तो जार्ज पर आरोप है कि उन्होंने +30,000 से +150,000 के बीच धन शोधन किया। हालांकि अपने पक्ष में जार्ज ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

# अमेरिकी जहाज़ों की कब्रगाह बना लाल सागर

## हूतियों ने कई युद्धपोतों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के हूतियों को धमकी के बाद अमेरिका ने यमन पर ताबड़तोड़ बमबारी की है। इसके बावजूद भी वह हूती की ताकत को खत्म नहीं कर पाए हैं, हूती लाल सागर में आज भी अपने हमले जारी रखे हुए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा, यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के उत्तरी हिस्से में अमे. रिकी विमानवाहक हैरी ट्रूमैन और उसके साथ के जहाजों पर हमला किया। अल मसीरा टीवी चैनल पर पब्लिश अपने भाषण में सारी ने कहा, पिछले कई घंटों के दौरान नौसेना के साथ मिलकर रॉकेट बलों और मानव रहित हवाई वाहनों ने क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों का इस्तेमाल करते हुए लाल सागर के उत्तरी भाग में अमे. रिकी वायु वाहक हैरी ट्रूमैन सहित कई युद्धपोतों के साथ युद्ध शुरू कर दिया है। हूतियों ने अमेरिकी नेवी के खिलाफ कोई एक हमला नहीं किया बल्कि उनकी लाल सागर में यह कार्रवाई कई घंटों तक जारी रही है। सारी ने बताया कि अमेरिकी युद्धपोतों पर हमले कई घंटों तक जारी रहे और इससे विद्रोहियों के नियंत्रण वाले यमन के क्षेत्रों पर अमेरिकी हमलों को रोका जा सका है। 5 अप्रैल को डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक वीडियो शेयर करते हुए दावा किया था कि उनकी स्ट्राइक में हूती के कई ऑपरेटिव एक मीटिंग करते हुए मारे गए, लेकिन हूती ने ट्रम्प के इस दावे को गलत बताया है और कहा है कि जहां हमला हुआ वह ईद के दौरान होने वाली आम लोगों की गैदरिंग थी। यमन के हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है, लेकिन इस वक्त हथियार की सप्लाई यमन तक पहुंच पाना बेहद मुश्किल है, फिर भी यमन ने मिसाइलों को जखीरा बना रखा है। ट्रम्प की खुली चेतावनी के बाद यमन के लाल सागर में जारी हमले अमेरिकी की एक बड़ी बदनामी के तौर पर देखा जात रहा है।





# बालू कलाकार सुदर्शन को मिला द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड

**लंदन।** विश्व प्रसिद्ध बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक ने एक बार फिर भारत का मान बढ़ाया है। कला क्षेत्र में बेहतरीन योगदान पर सुदर्शन पटनायक को ब्रिटिश द फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह ब्रिटेन के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में शनिवार से शुरू हुए सैंडवर्ल्ड 2025 अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव के दौरान पटनायक ने विश्व शांति के संदेश के साथ भगवान गणेश की 10 फीट ऊंची बालू की मूर्ति बनाई। इसके बाद उनको फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। पटनायक ने कहा कि मैं वेमाउथ यूके में प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बालू कला महोत्सव सैंडवर्ल्ड 2025 में फ्रेड डारिंगटन ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार प्राप्त करने वाला पहला भारतीय कलाकार बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वेमाउथ के मेयर जान ओरेल ने महोत्सव में पटनायक को पुरस्कार और पदक प्रदान किया। सैंडवर्ल्ड के निदेशक मार्क एंडरसन, डेविड हिक्स और लंदन में भारतीय उच्चायोग में संस्कृति मंत्री नाओरेम जे सिंह पुरस्कार समारोह में उपस्थित थे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुरी के रहने वाले पटनायक को पुरस्कार के लिए बधाई दी। माझी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पद्म पुरस्कार से सम्मानित और प्रख्यात बालू कलाकार सुदर्शन पटनायक को पहले ब्रिटिश सैंड मास्टर पुरस्कार द फ्रेड डारिंगटन से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। उनके योगदान ने वैश्विक मंच पर हमारे देश और राज्य की सांस्कृतिक विरासत को और बढ़ाया है। सुदर्शन पटनायक को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने दुनियाभर में 65 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय बालू मूर्तिकला चैंपियनशिप और महोत्सवों में भाग लिया है। उन्हें उनकी प्रतिष्ठित रचनाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वेमाउथ में सैंडवर्ल्ड पर्यटक आकर्षण का केंद्र है। यहां दुनियाभर के कलाकार असाधारण बालू की मूर्तियां बनाते हैं।





